की फिर जल्दी ही ससस्त्र ग्रुप तैयार किया जिसका काम अलग-थलग पड़े सशस्त्र बलों व वर्ग शत्रुओं से हथियार लूटना था। जैसे-जैसे इसमें तीव्रता आई वैसे-वैसे इनकी ताकत व क्षेत्र में विस्तार होता रहा और यह अपने इरादों से पुलिस को प्रशासन को सरकार को अवगत करा दिया है कि समस्त समस्याओं की जड़ प्रत्येक क्षेत्र में मौजूद असमानता है जिसे दूर करने में सरकारी नाकाम रही है। नक्सली खूनी संघर्ष का सर्वाधिक प्रभाव संयुक्त मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में है जो माकूल पनाहगाह के रूप में उम्दा है इसका कारण है छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा और जनजाति गरीबी यह सभी इसके लिए आवश्यक खाद पानी उपलब्ध कराते हैं।

मूल निवासियों के क्षेत्र ऐसे हैं जहां विकास के नाम पर लोगों को छला गया है यहां की आम जिंदगी बद से बदतर है यहां की आदिवासी यह नहीं जानते कि कौन सी चीज कितनी कीमती है क्योंकि उनके जंगलों में चिरौंजी आसानी से उपलब्ध हो जाती है तो 1 किलोग्राम नमक 1 किलो चिरौंजी के बदले में खरीदते हैं और यहां तक कि उन्हें उसे खरीदने के लिए 14 किलोमीटर पैदल चलकर पहाड़ उतर कर नीचे बाजार आना पड़ता है जिंदगी की आम सुविधाओं से वंचित आदिवासियों के पहाड़ी क्षेत्रों का जनजीवन आज भी सड़क, पीने का पानी, सिंचाई और बिजली की सुविधाओं से सर्वथा अपरिचित हैं जबकि सरकारी फाइलों में इन क्षेत्रों का विकास जमकर हो रहा है मीडिया के लोग भी यदा-कदा ही इनका असली चेहरा दिखा पाते हैं नहीं तो यह भी विभिन्न प्रकार के प्रलोभन में आ जाते हैं नक्सलियों ने बस्तर के भोले भाले आदिवासियों के मध्य उपरोक्त मुद्दों एवं सरकारी नीतियों तथा सीमित विकास योजनाओं को मुद्दा बनाकर सरकार के विरुद्ध अभियान चलाकर अपनी बात समझा पाने में सफल रहे इनकी गतिविधियां मूल रूप से एक मामूली प्रचार तक ही सीमित नही है बल्कि यह आंदोलन बढ़ता ही चला गया और घटनाओं में वृद्धि हुई है।

समय आ गया है कि सरकार यह खुलकर समझाएं कि पिछले सालों में सुरक्षा को लेकर जो रणनीति तैयार की थी, क्या वह काफी है और विकास, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन व देश के जनजातीय इलाकों में शासन व्यवस्था को लेकर लोगों में जो आक्रोश है उसे दूर करने के लिए वह क्या कदम उठा रही है? नक्सली अराजकता को रोकने के लिए सरकार कोई ठोस रणनीति बनाने में विफल रही है। सच्चाई तो यह है कि अगर गृह मंत्रालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले सालों में नक्सली हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ती ही चली गयी है।

नक्सल संगठन का मूल मंत्र है कि सत्ता बंदूक से निकलती हैं। नक्सली क्रांतिकारी वर्ग अस्त्रों का कत्लेआम कर क्रांति लाना चाहते हैं। वे बंदूक के माध्यम से सर्वहारा वर्ग का प्रभुत् स्थापित करना चाहते हैं। अभी तक तो यह कहा जाता था कि गरीब व शिक्षित पीड़ित वर्ग ही नक्सली बनते हैं, लेकिन सर्वेक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि निर्धन, भूमिहीन मूल निवासी आदिवासियों के युवक-युवतियों के अलावा शिक्षित योग्य बुद्धिजीवी बेरोजगार युवक-युवतियां भी इस आंदोलन से जुड़ चुकें हैं, क्योंकि उन्हें अब अपनों की देखभाल के लिए नियमित वेतन भी मिलता है और वे इसे अपना पेशा व रोजगार बना रहे हैं।

क्यूँ खत्म नहीं हो पा रही नक्सली समस्या?

दरअसल नक्सलवाद सामाजिक, आर्थिक कारणों से उपजा है। आदिवासी समाज के लोग गरीबी और बेरोजगारी के कारण एक निचले स्तर की जीवन शैली जीने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में गंभीर बीमारियों से जूझते इन क्षेत्रों के लोग मौत से सामना करते रहते हैं। आदिवासियों का विकास करने और उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सेवा और रोजगार देने के बजाय उन्हें परेशान करने के नए-नए कानून बनाए जाते हैं। आर्थिक असमानता, भ्रष्टाचार खेती की दुर्दशा एक बहुत बड़ी समस्या है और ये समस्याएँ असंतोष के बीच पैदा करते हैं जिनमें विद्रोह करने की क्षमता होती हैं। इन्हीं असंतोष की वजह से नक्सलवादी सोच को बढ़ावा मिल रहा है। सरकारें इन समस्याओं के सभी पहलुओं पर विचार नहीं कर रही है, जिससे समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

क्या चाहते हैं नक्सली?

नक्सलियों का मकसद राज्य को अस्थिर बनाना है। और वे मौजूदा व्यवस्था को सही नहीं मानते हैं। वे व्यापक जनाधार तैयार करके जनता का सरकार लाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए वे हिंसा का रास्ता अपनाते हैं।

- नक्सलवादी ज्यादातर सुरक्षाबलों और उनके ठिकानों पर हमला करते हैं।
- नक्सलवादी कुछ इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे की रोड, रेलवे और पावर हाउस को निशाना बनाते हैं।
- नक्सली सरकार समर्थक सिविल सोसायटी और सरकारी संगठनों पर भी हमला करते हैं और इसके जरिए अपनी विचारधारा का प्रचार प्रसार करने का काम भी करते हैं।
- नक्सली अन्य विकासात्मक कार्यों जैसे कि सड़क, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों का निर्माण आदि का भी विरोध करते हैं।

नक्सलवादियों की मौजूदगी महज जनजातीय इलाकों तक सीमित नहीं है और यह भी नहीं है कि नक्सली एजेंडा जन-जातियों का उत्थान भरा है। मगर हम जिस सुदूर और वन क्षेत्रों

की बात कर रहे हैं। वहाँ मुमकिन है की उन्हें ज्यादा समर्थन और संरक्षण प्राप्त है। यहाँ उनका ऐसा दबदबा है कि वे आसानी से अपना पीछा कर रहे पुलिस बलों का खात्मा कर सकते हैं। यही वजह है कि सबसे पहले देश के जनजातीय इलाकों में लोगों के आक्रोश का हल ढूंढने की जरूरत है। अगर हम इस समस्या का हल महज पैसे खर्च करके करना चाहते हैं तो शायद यह समस्या कभी सुलझ ही नहीं पाएगी। हमें जनजातियों के अधिकार क्या है ये समझना होगा और उन्हें राजनीतिक शक्तियों का इस्तेमाल करने की छूट देनी होगी। मेरे समझ में नक्सली समस्या के समाधान हेतु सरकार निम्न कदम उठा सकती है-

आदिवासी अंचलों के लिए संवेदनशील व चेतना संपन्न कैडर का निर्माण और नियुक्ति प्रतिबद्ध अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति से आदिवासियों में विकास, विवेचनात्मक चेतना, वह प्रतिरोधात्मक शक्ति पैदा करना, आदिवासी विकास योजनाओं के निर्माण से क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया में आदिवासियों की सक्रिय भागीदारी।

जल, जंगल, जमीन व बाहरी कब्जों को समाप्त करना, विकास कार्यों के माध्यम से रोजगार सृजन तथा आदिवासी जनपदीय भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा देना।

वन व कृषि उपज का वांछित मूल्यांकन व वितरण।

अगले 10-15 वर्षों तक देश के एकाधिकार पूंजीपतियों और बहुराष्ट्रीय निगमों के आदिवासी अंचलों में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध।

दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही।

संविधान प्रदत्त अधिकारों, सरकारी योजनाओं, संवैधानिक उपायों आदि के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए आदिवासियों के क्षेत्र में चेतना, सशक्तिकरण शिविरों का आयोजन।

विभिन्न विकास योजनाओं की सफलता के लिए ऐसे अतिवादी तत्वों का सहयोग प्राप्त करना जो हिंसा का रास्ता छोड़ अहिंसा के उपायों में विश्वास करने लगे हैं।

नक्सलियों को नक्सल गतिविधियों को छोड़ने हेतु कहा जाए तथा उन पर कोई भी मुकदमा न लगाते हुए सम्मानपूर्वक प्रोत्साहन दिया जाए राजकीय सेवाओं के साथ उन्हें रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराया जाए तथा उनके परिवार एवं बच्चों की उचित देखभाल सरकार द्वारा किया जाए। साथ ही यह भी जरूरी है कि जहाँ सरकार उदारता का परिचय दें। वहीं संसद वादी वामपंथी पार्टियां भी नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के लिए सकारात्मकता से भूमिका निभाएं।

नक्सलवादी क्या चाहते हैं विचार करना अनिवार्य है उनकी क्या मांगे हैं इस पर ध्यान देना आवश्यक है। कृषक मजदूर वर्गों की मंहगाई के अनुपात में घटती आय, बढ़ती निर्धनता के कारणों का पता लगाया जाना और इसे दूर करना अति आवश्यक है? खेद की बात है इस संघर्ष या समस्या को खत्म करने के लिए शासन के स्तर पर हम शक्ति (सेना एवं पुलिस) का तो भरपूर इस्तेमाल करते हैं किंतु वैचारिक संघर्ष करते हुए इसके हल के लिए आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कदम बहुत कम उठाते हैं लेकिन यह सफलता का नहीं असफलता का मार्ग है। नक्सलवादियों को अपना मानकर क्षमा करते हुए समाज के अंग के रूप में अपनाना होगा। यदि हम योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवादियों को मार डाले तो भी नक्सलवाद उसी तरह से समाप्त नहीं होगा जिस तरह से बीमार को मार देने से बीमारी समाप्त नहीं होती। देश की माटी में खून के छींटे जो गिर रहे हैं वह अपनों के ही तो हैं, उन्हें रोकने हेतु दोनों पक्षों को गंभीरता से सोचना होगा। भाई, बहन, मां, बाप और रिश्तेदारों के आंसू कब तक बहते रहेंगे। खून किसी का बहे रंग तो एक ही होता है □लाल□। न कोई जात न कोई धर्म, कोई तो समझे □मानवता का मर्म□।

नक्सलवाद का संघर्ष व्याप्त असमानता, अव्यवस्था, अन्याय, अत्याचार को स्वयं समाप्त करने का सशस्त्र क्रांतिकारी प्रयास है। नक्सलवादी आंदोलन मार्क्स, लेनिन, माओ के खूनी क्रांति व उनकी वर्ग संघर्ष की विचारधारा पर आधारित है। देश प्रदेश के कई क्षेत्रों में व्याप्त असमानता मौजूद अनेकानेक समस्याओं को नक्सलियों ने क्रांतिकारी विचारधारा के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार कर इसे समाप्त करने का संकल्प लिए है। नक्सलवादी संघर्ष विचारधारा से जुड़ी लड़ाई है यह अपनी विचारधारा से वर्तमान की विचारधारा को पराजित करके समतामूलक वर्ग-विहीन शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना चाहते है। जहां पर सर्वहारा वर्ग का अधिनायकत्व होगा इस प्रकार से नक्सलवादी संघर्ष, संपूर्ण व्यवटस्था परिवर्तन का संघर्ष और आंदोलन समस्त समस्याओं की जड़ सत्ता परिवर्तन है इसीलिए यह संघर्ष वर्तमान में एक राजनीतिक संघर्ष का रूप ले चुका है नक्सलवादी संघर्ष गांव गरीबों की असमानता का संघर्ष है इसका उद्देश्य सर्वहारा वर्ग के उत्थान पर आधारित है जिससे इसे आदर्श श्रेणी का संघर्ष कहा जाता है। वास्तव में इसके असंतोष के वास्तविक कारण को जड़ से अभी तक समझा ही नहीं गया है जिसे समझना होगा तथा इसके निराकरण के उपाय शांत मन से करना होगा। जिन कारणों से देश अथवा राज्य में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला दुखद कि वे सभी आज ही मौजूद है समाज में व्याप्त वर्ग विभेद के साथ गरीबी और बेरोजगारी भी एक प्रमुख कारण है भूमि सुधार कार्यक्रमों पर ईमानदारी से अमल नहीं किया गया दलित

आदिवासियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं हो रहा है जब तक भूख, उत्पीड़न, दबाव, दहशत, पीड़ा, वंचित एवं बेरोजगार आबादी रहेगी तब तक असंतोष और विरोध आंदोलन को जन्म देते रहेंगे।

सरकारी प्रयास-

भारत सरकार द्वारा नक्सली समस्या के समाधान की दिशा में अनेक प्रमुख कदम उठाए गए जिनमें दंड के प्रावधान के साथ-साथ सुधारात्मक पहलू पर भी ध्यान दिया गया अनेक जनकल्याणकारी कदम भी उठाए गए गए हैं।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे कौशल विकास शिक्षा ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर कार्य।

2013 में रोशनी नामक विशेष पहल की शुरुआत।

2017 में केंद्र सरकार द्वारा 8 सूत्री समाधान नाम की एक कार योजना की शुरुआत।

समाधान पहल- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नक्सली समस्या के समाधान के लिए एक नई पहल की गई है जिसे 'समाधान' नाम दिया गया है।

S- Smart leadership (कुशल नेतृत्व)

Aggressive strategy (आक्रामक रणनीति)

M- Motivation and training (अभिप्रेरणा एवं प्रशिक्षण)

A- Actionable intelligence (अभियोज्य गुप्तचर व्यवस्था)

Dashboard based Key performance indicator and Key result area (कार्ययोजना आधारित प्रदर्शन सूचकांक एवं परिणामोन्मुखी क्षेत्र)

Harnessing technology (कारगर प्रौद्योगिकी)

Action plan for each threat (प्रत्येक रणनीति की कार्य योजना)

N- No access to financing (नक्सलियों के वित्त-पोषण को विफल करने की रणनीति)

इसमें कोई संदेह नहीं है कि नक्सलवाद देश के लिए गंभीर चुनौती है। समस्या के समाधान के लिए सरकारी स्तर पर वर्षों से प्रयास जारी हैं। अनेक नीतियां बनाई गई किंतु उन नीतियों का कार्यान्वयन उचित ढंग से आज तक नहीं हो पाया है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि नक्सलवाद के मूल में जाकर समस्या के समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएं। गुमराह व्यक्तियों के लिए पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए भूमि सुधार कार्यक्रम लागू कर समस्या का स्थाई समाधान किया जा सकता है।

जिस तरह से एक परिवार में सबसे कमजोर सदस्य पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है उसी तरह हमें समाज के सबसे कमजोर वर्गों विशेषकर आदिवासियों, दलितों पर ध्यान देना होगा तभी इस समस्या से स्थाई रूप से निजात पाई जा सकती है ऐसी स्थिति में यह प्रश्न खड़ा होता है कि क्या आंदोलन को बंदूक की ताकत से दबाया जा सकता है। आज छत्तीसगढ़ में एक लाख से ज्यादा मिलिट्री, बीएसएफ, सीआरपीएफ, कोबरा तथा राज्य की पुलिस मिलकर अभियान को चला रही है इस ऑपरेशन को भारतीय मिलिट्री की देखरेख में चलाया जा रहा है सेना स्वयं नक्सल विरोधी अभियान में लगे हुए सुरक्षाबलों को प्रशिक्षण दे रही है लेकिन सरकार को याद रखना चाहिए कि इस आंदोलन का हल हथियार से नहीं चलने वाला है इसके लिए सरकार को जनता की बुनियादी समस्याओं जिसमें मुख्य रुप से जल, जंगल, जमीन का हल तलाशना होगा।

निष्कर्ष-

यह निर्विवाद रूप से सत्य है कि नक्सलवादी आंदोलन को अंततोगत्वा लोकतांत्रिक मुख्यधारा में ही लौटना पड़ेगा। शोषण के विरुद्ध हथियार उठाने वाले ये नक्सली अपने लक्ष्य से भटक गए है और देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गए हैं। कई दूरवर्ती और वनांचल राज्यों में यह समस्या विराट रूप में देखी जा सकती है तथा लोगों को भय एवं कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक यह है कि आदिवासियों को ग्रामीण अंचलों में जल, जंगल, जमीन की भागीदारी देकर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तीव्र स्तर पर किया जाए तथा मूलभूत आवश्यकताओं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार उपलब्ध कराते हुए शोषण एवं अत्याचार पर रोक लगाई जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. देवी महाश्वेता, जंगल के दावेदार राधाकृष्णन् प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. जोशी, भगवतशरण, आदिवासी सत्ता मासिक पत्रिका, जुलाई 2010
3. प्रसून, देवाशीष, लेख आदिवासी सत्ता, अंक 7 अगस्त 2010
4. तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मृगांक शेखर श्रीवास्तव, डॉ. एन.के. नक्सलवाद-ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सामाजिक विश्वास, आशा पब्लिशिंग एचआईजी एच-24 तृतीय मंजिल, बाईपास रोड आगरा 2012
5. दीपेंद्र लवकुश, मध्यप्रदेश में नक्सलवाद की समस्या 2001 से वर्तमान तक शोध प्रबंध, 2014
6. 2016 JETIR July 2016 Volume 3,Issue 7
7. आउटलुक जनवरी 2012

****

हिंदी उपन्यासों में वृद्धों का संघर्ष: एक विवेचना

-प्रियांषु कुमारी
शोधछात्रा
हिन्दी विभाग
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

प्रस्तावना:-

वृद्ध होना मानव जीवन की स्वाभाविक अवस्था हैं, जो क्रमशः धीरे-धीरे आने वाली अवस्था है। यह अवस्था स्वाभाविक एवं प्राकृतिक रूप से घटित होती है, इसलिए यह कहा जा सकता है कि वृद्धावस्था परिवर्तन की वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति के जीवन में अनुभव के सभी पक्ष सम्मिलित है। परंतु इस आधुनिक युग में युवापीढ़ी वृद्धों की महत्ता को समझ नहीं पाते हैं, जिसके कारण उम्र के अंतिम दौड़ में अपना जीवन यापन करने के लिए वो सहारा ढूँढने को विवश हो जाते हैं। आधुनिक युग में पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाइए देने लगा है। आज की युवा आगे निकलने की होड़ में अपने घर के बुजुर्ग को भुलते जा रहे हैं। वर्तमान समय में मनुष्य की दिनचर्या ऐसी हो गई है कि वह बहुत जरूरतमंद तथा जिनसे कोई काम निकलवाना हो उन्हीं को याद करते हैं बाकी को याद रखना जरूरी नहीं समझते है। समय के अभाव में नई पुरानी पीढ़ियों के बीच में विचारों का तालमेल नहीं बैठ पा रहा है, जिस कारण से दोनों पीढ़ियों में तनाव उत्पन्न हो रहा है। हिन्दी कथा साहित्य में वृद्धों के इसी संघर्ष को दिखाया गया है।

मनुस्मृति का श्लोक है - "**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः चत्वारि तस्य वधन्ते आयुर्विधा यशो बलम्**" अर्थात् प्रतिदिन बुजुर्गों को प्रणाम करने और उनकी सेवा करने वाले व्यक्ति की आयु, विद्या, शक्ति और यश में वृद्धि होती है। लेकिन आज समय बदल गया है। व्यक्ति जैसे-जैसे वृद्धावस्था की ओर बढ़ते जा रहे हैं, वैसे-वैसे अकेलापन, भय और उपेक्षा का शिकार होते जा रहे हैं । समाज में हो रहे इस बदलाव को साहित्य में भी देखने को मिल रहा है। उपभोक्तावादी संस्कृति एवं बाजारवाद संस्कृति के बीच स्थित वृद्धों के दयनीय स्थिति का वर्णन समकालीन उपन्यासों में देखा जा रहा है।

कृष्णा सोबती का उपन्यास 'समय - सरगम' आज के बदलते परिदृश्य में बदलते मूल्यों के साथ अपने ही परिवार में उपेक्षा को दर्शाता है। आधुनिक समय में संयुक्त परिवार में रहने के बावजूद भी वृद्ध अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं, उनके रिश्तों में बिखराव देखा गया है। इस उपन्यास में वृद्धों के साथ जो रवैया अपनाया गया है वह चिंता का विषय है। दमयंती, प्रभुदयाल, कामिनी तीनों अपने ही परिवार में घुट - घुटकर रहने को मजबूर है। दमयंती अरण्या को कहती है - "मैं तुम्हारी तरह अकेली होती तो क्यों परेशान होती। बच्चे साथ रह रहे हैं। मेरे घर में मेरा किचन चल रहा है, खर्चा मैं कर रही हूँ और मैं अपने कमरे में अकेली खड़ी रहती हूँ। बिना मेरी इजाजत मेरा सामान इधर से उधर करते रहते हैं.....मैं अपने बच्चों से वैर विरोध क्यों करूँगी ! उनका भी कोई फर्ज बनता है, मैंने कुछ खाया पिया है कि नहीं बीमार हूँ, दवा लानी है, टेस्ट करवाना है, डॉक्टर के पास जाना है वह सब मैं अपने आप ही करूँ..... मैं ड्राइंग रूम में नहीं बैठ सकती, मेरे मेहमान नहीं बैठ सकते जबकि वहाँ का सब फर्नीचर साज- समान मेरा अपना बनाया हुआ है और मैं किसी बेजान काठ की तरह देखी जाती हूँ।"1 इस उपन्यास में वर्णित लगभग सभी वृद्धों का यही हाल है कि जवानी में व्यक्ति अपने घर को सजाते हैं लेकिन वृद्धा होने पर उनका उसी घर पर बस नहीं चलता, किंतु लेखिका द्वारा अद्भुत प्रयास किया गया है। वह ईशान तथा अरण्या के माध्यम से वृद्धावस्था में भी जीवन को एक नया मोड़ देते है। ये दोनों पड़ोसी होते हैं परंतु पड़ोसी होकर भी दोनों एक दूसरे के लिए पूर्ण होते हैं। "जीवन में स्वतंत्र कर्म अपनाकर वह वृद्धावस्था में सुखी जीवन का आनंद ले रहे हैं। अकेलेपन की समस्या से पड़े अरण्या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए आगे बढ़ती है। समकालीन वृद्धों को अपनी विचारधारा से अलग सकारात्मक व्यवहार का प्रदर्शन करके अन्य वृद्धों के जीवन में उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।"2 वर्तमान प्रगतिशील समाज में उपस्थित शोषित वृद्ध महिलाओं को अरण्या जैसे पत्रों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है और सामाजिक परिवर्तन का अहम हिस्सा बनना जरूरी है। परंपरागत विचारधारा से हटकर नवीन विचारों को स्वीकार करना आवश्यक है।

अंतिम अरण्य निर्मल वर्मा का वृद्धावस्था केंद्रित उपन्यास है। इस उपन्यास में मिसेज मेहरा अपने पति मेहरा साहब के जीवन के हर पल और बुढ़ापे के मनोभावों का लेखा-जोखा लिखने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करती है। वह व्यक्ति मेहरा साहब की मनोदशा को अपने विचारों द्वारा अभिव्यक्त करता है। इस उपन्यास में मेहरा साहब की स्मृति प्रधान यादों, बुढ़ापे के एकाकीपन, उदासी, बेबसी आदि को व्यक्त करता है। मेहरा साहब अपनी पत्नी के देहांत के बाद अस्वस्थ रहने लगते हैं वह बोलते हैं -" देह अपने में तकलीफ है..... उठता हूँ, तो वह भी उठने लगती है, चलता हूँ, तो मेरे साथ-साथ चलती है; कभी-कभी सोचता हूँ कि उससे आँख बचाकर कहीं छुप जाऊँ, फिर देखूँ, कैसे मेरा सुराग पाती है..... कोई अपनी देह की आँखों में धूल झोंककर उससे बच सकता है ? कैसे पीछा छुड़ा सकता है उससे, जो जन्म से आपके साथ जुड़ी हैं।"3 यहाँ मेहरा साहब जीवन की गहराइयों को समझने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। वह अपने जीवन की परेशानियों से भागना चाहते हैं, परंतु भाग नहीं पाते, उसका सामना करते हैं। मेहरा साहब जीवन में मानसिक अशांति से ग्रस्त है वह गहन विचारों से प्रभावित हैं।

अंतिम अरण्य उपन्यास मनुष्य के जीवन के अंतिम अवस्था पर आधारित है। मेहरा साहब जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते

देखे जाते हैं। मेहरा साहब मृत्यु की राह देखता है, अपने जीवन के रहस्य को उजागर नहीं होने देते, इस बोझ को अपने साथ लेकर जाना चाहते है। बुढ़ापे में व्यक्ति अपने मन के भावों को खुलकर किसी के सामने प्रकट नहीं कर पाते और अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं। मेहरा साहब भी अपने जीवन की कशमकश से छुटकारा पाने के लिए तड़पते रहते है। मृत्युशय्या पर वह अपनी अंतिम इच्छा पूरी न होने के कारण व्यथित रहते हैं। मेहरा साहब का जीवन कई उतार - चढ़ाव से होकर गुजरता है, परंतु वृद्धावस्था में मृत्यु के द्वार पर वह सत्य बोध को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। अपनी बेटी के साथ समय बिताना, उससे मिलना उनके जीवन की अंतिम इच्छा बनकर रह जाती है। परंतु इसमें भी सफल नहीं हो पाते। इससे पहले वह लकवा ग्रस्त होकर प्राण त्याग देते हैं।

गिलिगडु उपन्यास चित्रा मुद्गल की वृद्धावस्था पर आधारित उपन्यास है। इस उपन्यास में चित्रा जी ने वृद्धावस्था के दौरान वृद्धों को होने वाली परेशानियों का सजीव चित्रण किया है। जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी दोनों वृद्धावस्था की ओर संकेत करते हैं। इस उपन्यास की कथावस्तु जसवंत सिंह की बीमारी से प्रारंभ होकर कर्नल स्वामी की त्रासदी पर समाप्त होती है। यह आत्मकथा शैली में कहा गया उपन्यास है। जसवंत सिंह स्वयं को यथार्थ से जोड़ने का सफल प्रयास करते है। गिलिगडु का साधारण अर्थ है -चिड़िया। इसमें निहित चिड़ियों अर्थात् अबोध बालिकाओं को बुजुर्गों का सहारा मिलता है।

गिलिगडु उपन्यास बाबू जसवंत सिंह और रिटायर्ड कर्नल स्वामी इन दोनों मित्रों की जीवन के इर्द-गिर घूमती रहती है। बाबू जसवंत सिंह अपने बेटे नरेंद्र के इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए अपनी भविष्य निधि की रकम तोड़ देते हैं, लेकिन अपनी पत्नी के स्वर्गवास के बाद बदहवास से हो जाते हैं। उन्हें अपने पुत्र नरेंद्र के साथ दिल्ली में रहना पड़ता है। उन्हें दिल्ली आकर एक बालकनी की स्लाइडिंग लगाकर कमरे में तब्दील की हुई स्थान पर रहने को मजबूर होना पड़ता है। उनकी प्रतिदिन की ड्यूटी होती है कि वह सुबह टॉमी को बाहर मैदान में ले जाकर फारिग कराएँ। जसवंत सिंह वहीं मैदान में ही अपने मित्र के साथ अपना दुख बाँटते हैं। परिवार के सदस्यों के पास उनके लिए समय नहीं होता है। तभी वह एक जगह कहते हुए दिखाई देते हैं कि "इस घर में एक नहीं दो कुत्ते हैं - एक टॉमि, दूसरा अवकाश प्राप्त सिविल इंजीनियर जसवंत सिंह। टॉमी की स्थिति निस्संदेह उनकी बनिसबत मजबूत है। उसकी इच्छा - अनिच्छा की परवाह में बिछा रहता है पूरा घर। उसके लिए किसी को बिछे रहना जरूरी नहीं लगता।"4 बाबू जसवंत सिंह के बेटे, बहु, साथ ही बहुत भरोसे की बेटी भी उनके दौलत को हासिल करने के फिराक हैं। लेकिन जसवंत बाबू करनाल स्वामी की स्थिति को जानकर अपनी सारी संपत्ति अपनी नौकरानी सुनगुनिया के नाम कर देते हैं, यहाँ तक की अपने अंतिम क्रियाकर्म भी सुनगुनिय के बेटे को ही सौंप देते है। उनका वक्षस्थल छलनी - छलनी हो जाता है। उन्हें ऐसा आभासित होता है कि "शायद नीम का वक्षस्थल उन्हीं का वक्षस्थल हो।"5

दौड़ उपन्यास ममता कालिया द्वारा रचित है। यह उपन्यास वर्तमान समाज में बाजारवादी, उपभोक्तावादी विचारधारा की होड़ में युवावर्ग द्वारा रिश्तों को दाँव पर लगाने की मार्मिक प्रस्तुति है। इस संवेदनाशून्य समाज में युवावर्ग रिश्तों और परिवार को अपनी तरक्की की राह में काँटा समझकर उनसे दूर हो रहे है। इस उपन्यास में कर्तव्यविमुख और पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित संतानों का चित्रण किया गया है। इसमें वृद्ध पात्र रेखा और राकेश अपने बच्चों से दूर अकेलेपन की उदासी में बैठा उसका धीरज टूटता दिखाई देता है।

दौड़ उपन्यास में रेखा और राकेश के दो बेटे हैं - पवन और सघन। ये दोनों ने बहुत संघर्ष करके बेटों को उच्च शिक्षा दिलवाई, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। पवन ने एम० बी० ए० करके बहु राष्ट्रीय कंपनीयों की दुनिया में कदम रखा, जहाँ पर रेखा और राकेश के लिए कोई स्थान नहीं था। बेटा सघन भी ताइवान में जाकर बस गया था। बुढ़ापे में वृद्ध दंपत्ति फोन, कंप्यूटर और ईमेल के बीच फंसकर रह गए हैं। बच्चों के फोन का इंतजार करते रहते है। इसपर रेखा कहती भी है "यह सीनियर सिटीजन कॉलोनी बनती जा रही है। सबके बच्चे पढ़ - लिखकर बाहर चले जा रहे हैं। हर घर में, समझो एक बूढ़ा, एक बुढ़ी, एक कुत्ता और एक कार बस यही रह गया है।"6 यहाँ पर वृद्ध दंपत्ति के जीवन की विवशता और वास्तविकता का चित्रण है जो वर्तमान महानगरीय जीवन की यथार्थवाद को प्रस्तुत करती है। दोनों बेटे अपने पिता की मृत्यु पर भी शोक करने के बजाय एक औपचारिकता निभाते हैं। युवाओं के लिए समाज, परिवार, रिश्ते - नाते, मानवीयता, संवेदना का महत्व न के बराबर होता जा रहा है। वें उत्तर - आधुनिक भूमंडलीकरण के दौर में बहुत आगे निकल चुके हैं। परंपरागत सामाजिक विचारधारा को वह स्वीकार नहीं करना चाहते।

रेहन पर रग्घू उपन्यास के रचयिता काशीनाथ सिंह हैं। यह उपन्यास सामाजिक परिवर्तन पर आधारित रचना है। इसमें ग्रामीण, शहरी और विदेशी संस्कृति का चित्रण किया गया है। वर्तमान समय में व्यक्ति कितना महत्वाकांक्षी, आक्रामक, विस्तारवादी और हिंसक बनता जा रहा है, इसका प्रभावी रूप से सजीव चित्रण इस उपन्यास में देखने को मिलता है। इसमें वृद्धावस्था की ओर संकेत करते पात्र हैं - रघुनाथ और शीला। इसमें इकहत्तर वर्ष के मास्टर रघुनाथ के जीवन की कशमकश का यथार्थवादी प्रस्तुतिकारण है। रघुनाथ और शीला के तीन बच्चे है, लेकिन तीन बच्चों के होने के बावजूद भी उन्हें लगता है कि वह निःसंतान है। तभी तो एक जगह वह अपनी पत्नी शीला से कहते हैं -"शीला हमारे तीन बच्चे हैं लेकिन पता नहीं क्यों कभी-कभी मेरे भीतर ऐसी हूक उठती है जैसे लगता है मेरी औरत बाँझ है और मैं निःसंतान पिता हूँ ! माँ और पिता होने का सुख नहीं जाना हमने ! हमने न बेटे की शादी देखी ना बेटी की ! ना बहू देखी, न होने वाला दामाद देखा। हम ऐसे अभागे माँ-बाप हैं जिसे उनका बेटा अपने विवाह की सूचना देता है और बेटी धौंस देती है कि इजाज़त नहीं दोगे तो न्यौता नहीं दूंगी।"7 रघुनाथ के बड़े बेटे अमेरिका जाकर अपनी पत्नी को तलाक देकर किसी और के साथ रहने लगता है, उनकी पत्नी सोनल अपने देश वापस आ जाती हैं। छोटा बेटा किसी ऐसे औरत के साथ रह रहा है जिसके एक बच्चे पहले से ही है। बेटी चमार जाति के लड़के से विवाह करने का मन बना चुकी है। गाँव में भाई - भतीजे जमीन के टुकड़े के लिए उसके

दुश्मन बन बैठे है। तीन बच्चों के होने के बाद भी उन्हें अपने तलाकशुदा बहू का सहारा लेना पड़ता है, और यह दोनों दंपत्ति अपने तलाकशुदा बहू के साथ बनारस में रहने आ जाते हैं। जब माँ - बाप का दुख उनके संतान की ना समझे तो समाज कौन होता है समझने वाला। समाज तो इन बातों में केवल मज़े तलाशता है। उन्हें तो संवेदनाओं से कोई मतलब ही नहीं होता। अपनी संतान के लिए माँ-बाप की अनेकों उम्मीदें जुड़ी होती है कि उनके बच्चे बुढ़ापे का सहारा बने, उन्हें परेशानियों में ना छोड़े ,उनका काम - से - कम बुढ़ापे में तो ख्याल रखें। लेकिन आज की युवापीढ़ी इन सबसे पड़े अपने में ही व्यस्त रहते हैं। उनके जीवन में अपने वृद्ध माता-पिता के लिए कोई स्थान नहीं होता है। यह बच्चे उनके विचारों को ना सुनना पसंद करते हैं और ना ही समझना। माता-पिता जब अपने ही बच्चे से उपेक्षित होते हैं तो वे टूट जाते हैं -"आखिर किस उम्मीद से रघुनाथ - शीला ने मिलकर रची थी यह दुनिया ? वे इतने निःस्पृह और निःस्वार्थ तो नहीं थी और उनकी उम्मीद भी उनसे अलग नहीं थी जो गाँव घर के थे कि जब वे अशक्त हो जाएँगे तो ये बच्चे उनकी आँखें बनेंगे, उनके हाथ - पाँव बनेंगे ? कि वे बीमार होंगे तो यही बच्चे उनकी सेवा करेंगे, दवा दारू करेंगे, अस्पताल में भर्ती कराएँगे ? कि मरने लगेंगे तो मुँह में गंगाजल तुलसी दल डालेंगे, अर्थी सजाएँगे, शमशान ले जाएँगे, क्रिया कर्म करेंगे ?..... लेकिन देखो तो इससे बड़ी मूर्खता क्या हो सकती है ? और मरने पर सड़ो - गलो, कौवे - चील खाएँ या कुत्ता - क्या फर्क पड़ता है ?"8 रघुनाथ और शीला ने कितना संघर्ष करके बच्चे को बड़ा किया और आज जब इन्हें इसका फल मिलना चाहिए तब उसके पास मन में दुखों का बोझ है समाज के उलाहने और बच्चों की झीड़क है। यही सब से रघुनाथ की मानसिक स्थित को आघात पहुंचता है, वो अपना सुध-बुध खो बैठते है। तभी तो अंत में वह अपने ही हाथों अपहरण हो जाते हैं, शायद इस उम्मीद से कि उनकी संतान खोजबीन करते हुए उनके पास आए और उसका एकाकीपन दूर कर दे। उनकी जिंदगी को सुंदर बनाने की जमीन तैयार कर दे।

निष्कर्ष:-

भारतीय हिंदी कथाकारों ने समाज में उपस्थित समस्याओं को साहित्य में स्थान देकर समाज की वास्तविकता से रूबरू कराया है। भारतीय समाज में पारंपरिक रूप से संयुक्त परिवार प्रणाली का संचालन होता आया है, लेकिन सामाजिक मूल्य परिवर्तन के कारण भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव देखने को मिल रहा है। पाश्चात्य संस्कृति से आकर्षित होकर युवावर्ग उसे अपनाना चाहते हैं जिसके कारण परंपरागत विचारधारा और उत्तर आधुनिक विचारधारा में मतभेद और घर्षण पैदा हो गया है। इस कारण समाज में अनेक समस्या अपनी जड़े जमा रही है। 'समय सरगम' उपन्यास में बुद्धिजीवी वर्ग की स्वतंत्रता का चित्रण करते है। 'अंतिम अरण्य' उपन्यास में वृद्ध व्यक्ति के मनोभावों का चित्रण मार्मिकता के साथ हुआ है यहाँ पर मृत्युबोध और तर्पण विधि का चित्रण किया गया है। 'गिलिगडू' उपन्यास में वृद्ध जसवंत सिंह शहरीकरण की प्रगतिशील विचारधारा और सामाजिक पृष्ठभूमि को स्वीकार नहीं कर पाते और समस्याग्रस्त पात्र बनकर रह जाते हैं। 'दौड़' उपन्यास में भूमंडलीकरण के दौर में वृद्ध माता - पिता की अनदेखी को प्रस्तुत किया है। अकेले, निस्हाय वृद्धों के लिए समाज में वृद्धाश्रमों का निर्माण करा दिया गया है। 'रेहन पर रग्घू' उपन्यास में भारतीय और पाश्चात्य संस्कृति में मूल्य परिवर्तन को दिखाया गया है।

वृद्ध जीवन पर आधारित इस पुस्तक का उद्देश्य समाज में वृद्धों के प्रति नजरिया परिवर्तन और उन पर हो रहे अत्याचारों को उजागर करना है। वृद्धों की स्थिति में सुधार लाने के लिए जमीनींस्तर पर कार्य करने की जरूरत है। युवावर्ग को वृद्धों की जिम्मेदारी उठाने के लिए सहर्ष तत्पर रहना जरूरी है। सामाजिक परिवर्तन की लहर में वृद्ध, समाज के लिए उपयोगी एवं मार्गदर्शक है, ऐसा एहसास दिलाने की जरूरत है। सेवानिवृत्त, अस्वस्थ वृद्ध को अकेला न छोड़कर उनका मजबूत सहारा बने। समाज में वृद्धों का परिचय देते समय उन्हें शर्मिंदगी नहीं अपना गर्व मानें। वृद्ध हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है उनका भावनात्मक सहारा बनना आवश्यक है। वृद्ध जीवन पर आधारित यह पुस्तक अपनी साहित्यिक उपयोगिता का परिचय देता है।

संदर्भ :-

1. समय - सरगम, कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० - 74
2. हिन्दी कथा साहित्य में वृद्धावस्था का यथार्थ, डॉ अंकिता शर्मा, पृ० - 124
3. अंतिम अरण्य, निर्मल वर्मा, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ० -30
4. गिलिगुड, चित्रा मुद्गल, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० -96
5. वही पृ० -141
6. दौड़, ममता कालिया, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० -43
7. रेहन पर रग्घु, काशीनाथ सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० - 83
8. वही पृ० -149

****

मार्कण्डेय की कहानी और ग्रामीण जीवन

डॉ.कृष्ण बिहारी रॉय
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी
शासकीय कन्या महाविदयाल, सीधी (म.प्र.)

सारांश

भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, यही कारण है कि वास्तविक जीवन शैली तथा संस्कृति हमें गाँव में ही देखने को मिलती है। ग्रामीण और शहरी जीवन दोनों में काफी अंतर होता है। मार्कण्डेय साहित्य और समाज का निकटतम संबंध स्वीकार करने वाले प्रतिबद्ध रचनाकार हैं। इस अर्थ में वे जीवनवादी साहित्यकार हैं। मार्कण्डेय जी साहित्य को समाज का प्रेरक मानते हैं। साहित्यकार जितना ग्रामीण जीवन परिवेश रीति–रिवाज, संस्कृति, बोली, रहन–सहन, वेश–भूषा, आदि का आचार–व्यवहार करते हैं उतनी नगरी संस्कृति का नहीं। इसी प्रकार अनेक कहानीकारों ने ग्रामीण जीवन की झांकी को अपनी कहानियों में अभिव्यक्ति दी है। इस प्रकार की कहानियां मन को स्पर्श किये बिना नहीं रहती हैं। प्रस्तुत लेख में ग्रामीण जीवन में विचार किया गया है।

मुख्य शब्द

मार्कण्डेय, कहानी, साहित्य, ग्रामीण, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, कृषि, जीवन आदि।

प्रस्तावना

मार्कण्डेय जी ग्रामीण जीवन के रूप में एक सफल चित्रकार के रूप में कहानी लेखक के रूप में अवतरित हुए हैं। उनके लगभग सभी कहानियों का केन्द्र स्वातंत्र्योत्तर भारत का ग्रामीण जन–जीवन है। उनकी अनेक कहानियों को पढ़ने के बाद प्रतीत होता है कि उन्होंने भारतीय गाँवों की नई जिन्दगी और उन झुझती शक्तियों का सही और यथार्थ चित्रण किया है। यों ग्रामीण भावबोध के रचनाकार होने के कारण ग्राम जीवन तथा कहानी के संबंध में उनका अपना एक दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से मार्कंडेय की भीतरी कथाकार को समझा जा सकता है। उनके अनुसार "हमारे देश की सांस्कृतिक और भौगोलिक बनावट ऐसी है जिसके कारण हर सौ–दो सौ मील के बाद जनता के रहन–सहन, बोल–चाल, भाषाओं में परिवर्तन लक्षित होने लगता है। राजनीतिक और सामाजिक कारणों से आर्थिक स्तर भी भिन्न–भिन्न हैं। खासकर किसानों में या गाँवों में बसने वाली जनता में यह अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। भूमि संबंधों में भयानक असमानता है। विभिन्न शासकों की नीतियों का प्रभाव इस पर स्पष्ट दिखाई पड़ता है। कहीं बटाईदार है तो कहीं तालुकदारी है तो कहीं जमींदारी। अंचलों का निर्माण इन्हीं सब कारणों से हुआ है।"[1]

मार्कण्डेय जी के अनुसार ''स्वराज के पहले गाँव का किसान शोषित था, स्वतंत्रता के बाद स्थिति में बहुत ज्यादा परिवत. ंन नहीं हुआ। क्योंकि अब उसके शोषण के नये रूप उभर आए हैं। पंचायतें आज भी बड़े लोगों के हाथों में हैं। पहले जमींदार का कारिंदा बेदखलीनामा लेकर आता था, अब सरकारी कारिंदा वारंट लेकर आता है। इसी तरह सरकारी विकास योजनाएँ भी शोषण का माध्यम बन गयी हैं। नहर बनती हैं तो वह छोटे लोगों के खेतों से होकर गुजरेगी। उनकी भूदान आदर्श कुक्कट गृह, उत्तराधिकार, दाना–भूसा आदि कहानियों तथा अग्निबीज उपन्यास में देखा जा सकता है।''[2]

अग्निबीज के हरगोन सिंह कहते हैं– "किसी पार्टी की नीति क्या वह देश की भूखी–नंगी जनता की समस्याएँ कैसे हल करना चाहती हैं, शोषण और अन्याय खत्म करने के बारे में क्या कार्यक्रम है, यह देखना चाहिए।"[3] मार्कंडेय जी की दृष्टि में किसी राजनीतिक दल का महत्व आम जनता की दैनंदिन जरूरतों को लेकर उसकी नीति तथा प्रत्यक्ष कार्य प्रणाली पर अवलंबित है। परन्तु आजकल राजनीतिक दल जनता की उन जरूरतों के लिए उतने संघर्षशील नहीं है जितने कुर्सी के लिए हैं। मार्कण्डेय जी सत्ता हथियाने के लिए जाति और धर्म की राजनीति करने वाली पार्टियों तथा नेताओं की खबर लेने से नहीं हिचकते। "नौ सौ रूपय और एक ऊँच दाना कहानी के बुचऊ के जबान से वर्तमान राजनीति की परिभाषा देते हुए हैं–विचार नाहीं रहा अब अउर बिना विचार के नेति कहाँ अब तो कुरसी की नेति है। धरम के नाव पर, जाति के नाव पर वोट उगहात है। ठाकुर के ठाकुर, ब्राम्हण के ब्राम्हण कहाँ गयी गरीबी? कहाँ गया छुआछूत? अब विचार नहीं रहा बस वोट रह गया है।"4 देश की राजनीति पर की गई यह व्याख्या

वर्तमान पतनोन्मुख राजनीति पर करारा व्यंग्य है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थियों में वे गांधीवादी आदर्शों को अनुपयुक्त मानते हैं। क्योंकि महात्मा गांधी के आदर्शो की दुहाई देने वाली कांग्रेस आज उनके सिद्धांतों से दूर हैं। गाँधी के आदर्शों को वे गाँधी जी के साथ ही समाप्त होने की बात करते हैं। उनके अनुसार आज के कांग्रेसी गाँधी जी के आदर्शों पर नहीं, खद्दर और टोपी से प्रेम करते हैं। यह खद्दर और टोपी उनके लिए ढाल का काम करती है। उनकी प्रसिद्ध कहानी प्रलय और मनुष्य में कहते हैं– डरो नहीं यह खादी की टोपी है। इसकी दीवारों के बीच हम सुरक्षित हैं। यह इस लोक की सबसे बड़ी ढाल है। इसके पीछे कुछ भी छिप सकता है।

मार्कण्डेय

मार्कण्डेय जी का जन्म 2 मई 1930 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत तहसील के बराईपट्टी नामक गाँव में हुआ था। आप प्रतापगढ़ से इंटरमीडियट तथा इलाहाबाद से बीए एवं एम. ए. की डिग्री हासिल की। आप आकाशवाणी सें जुड़े रहे साथ ही हैदराबाद से प्रकाशित कल्पना पत्रिका में चक्रधर उपनाम स्तम्भ ले खन करते थे, इस कार्य को आपने लगातार 15 वर्षों तक स्तम्भ ले खन कार्य के रूप में करते रहे। 18 मार्च 2010 को दिल्ली में आपका निधन हो गया। आप ग्रामीण कहानीकार के रूप मे ंहमेशा याद किए जायेंगे।

मार्कण्डेय समाजवादी समाज–रचना के पक्षधर थे। उनके विचार से भारत में स्थिर अन्य राजनीतिक दलों की अपेक्षा कम्युनिस्ट पार्टी ही पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त कर जनता का शासन स्थापित कर सकती है। वर्तमान युग में एक तरफ राजनीति पर जाति, धर्म, संम्प्रदाय हावी है और दूसरी ओर फासीवादी ताकतों तथा बाजारवाद के बढ़ते दबावों को देखते हुए मार्कण्डेय समस्त लोकतंत्र को संकटग्रस्त महसूस करते हैं। अपनी इस चिंता को व्यक्त करते हुए वे लिखते हैं–हमारे सामाजिक संदर्भ ही नहीं बल्कि शासन और सत्ता भी एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जो फासिस्ट शक्तियों के दबाव से मुक्त नहीं है। बाजारवाद ने हमें आदमी की जगह ग्राहक बना दिया है, जहाँ हमारा लोकतंत्र जैसे झूठा होता जा रहा है। भूख और बेरोजगारी से सारा देश त्रस्त है। किसान जो इस देश का प्रथम नागरिक है, आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। निश्चय ही हमारे समय का यथार्थ बदल गया है। उनके अनुसार वर्गों में बटे समाज में लोकतंत्र एक दिखावा बनकर रह जाता है। मार्क्सवादी विचारों के समर्थक मार्कण्डेय अपने उक्त विचारों के माध्यम से शोषितों का एक व्यापक संगठन निर्माण करना चाहते हैं, जो वर्तमान पूँजीवादी–तंत्र को समाप्त कर एक नई व्यवस्था को लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके।

निर्भीकता और जुझारूपन, मार्कण्डेय के व्यक्तित्व में कुछ परस्पर विरोधी विशेषताएं घुली–मिली हैं। एक ओर जहाँ आरंभ से ही उनका व्यक्तित्व कोमल रहा है, वहीं दूसरी ओर जन सामान्य पर होने वाले अन्याय, दमन को देखकर

उनके भीतर का इन्सान क्रुद्ध भी हो उठा है। किसानों और मजदूरों की दुर्दशा को देखकर उन्होंने बचपन से ही ठान लिया था कि वे पढ़–लिखकर नौकरी नहीं करेंगे, बल्कि शोषितों के हक के लिए लड़ेंगे। यही कारण है कि तत्कालीन लोकप्रिय समाजवादी नेता आचार्य नरेंद्र देव की कांग्रेस समाजवादी पार्टी से जुड़कर राजनीति में सक्रिय रहे। प्रतापगढ़ के सुदूर गाँवों में जाकर तथा मंच पर भाषण देकर लोगों में जमींदार, सामंत तथा तालुकेदारों के खिलाफ क्रांति के चेतना जगाते रहे। उनके ध ाारा–प्रवाह भाषण सुनकर गाँव के लोग मंत्र–मुग्ध हो जाते थे। यों अपनी युवावस्था में ही मार्कण्डेय ने निर्भीकता, जुझारूपन तथा प्र खर नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। यह दूसरी बात है कि आगे चलकर पार्टी में वैचारिक मतभेद के कारण पार्टी से दूर हो गए। परंतु उन्होंने मार्क्सवादी विचारधारा के आलोक में ही साहित्य के माध्यम से अपना कार्य आगे भी बरकरार रखा।

ईमानदारी और सत्यवादिता, मार्कण्डेय सर्वहारा वर्ग के किसान, मजदूरों की विकास के प्रति समर्पित रचनाकार हैं। वे आरंभ से ही सत्य के प्रखर पक्षधर रहे हैं। उनके मत से प्रबुद्व लोग सच्चाईयों से आँख नहीं चुराते। उनका व्यक्तिगत जीवन विचारों के आड़े नहीं आता। लाभ–हानि की चिंता रखकर कदम उठाने वाले लोगों की कभी कोई पहचान नहीं बनती। वे सदा भयग्रस्त बने रहते हैं। अपने लौकिक जीवन में उन्होंने सत्य और प्रामाणिकता को सर्वोपरि माना है। यही कारण है कि स्वतंत्रता के पूर्ववर्ती काल में विद्यार्थी दशा में जब प्रतापगढ़ के प्रतापबहादूर कॉलेज में एक दिन तिरंगे झंडे के साथ पकड़े गए और प्रिंसीपल के पूछे जाने पर कि – तिरंगा कहाँ से मिला तब सत्यनिष्ठ छात्र मार्कंडेय ने बताया था कि तिरंगा झंडा उनके बाबा का दिया हुआ है। अंग्रेजों के सम्मुख बिना डरे सही–सही उत्तर देना उनकी सत्यवादिता और निर्भीकता का परिचायक है। आप विद्रोही और संघर्षशीलता के कथाकार हैं साथ ही प्रतिबद्धता के साथ समर्पणशील साहित्य साधक है।

सम्मान एवं पुरस्कार, मार्कण्डेय ने किसान परिवार में

जन्म लेकर किसानों, मजदूरों, शोषितों के बीच रहकर उनके यथार्थ को जिया है और उसी को अपनी कहानियों और उपन्यासों में अभिव्यक्ति प्रदान की है। प्रेमचंद के बाद मार्कण्डेय अकेले एक ऐसे लेखक हैं, जिनकी पूरी रचनाशीलता गाँव तथा वहाँ के गरीब किसानों और भूमिहीन खेतीहर मजदूरों के यथार्थ चित्रण के लिए समर्पित है। उनकी समस्त कहानियों का उद्देश्य शोषण और अन्याय के विरूद्ध निरंतर संघर्ष करना है।

मार्कण्डेय बहुआयामी प्रतिभा के एक धनी रचनाकार हैं। स्वातंत्रयोत्तर हिन्दी कहानी साहित्य को मार्कंडेय ने ग्रामीण जीवन के धरातल पर एक मजबूत आधार प्रदान किया है। वे प्रगतिशील चेतना के रचनाकार हैं। स्वातंत्रयोत्तर गतिरोध के काल में नई कहानी और कहानीकार साहित्य के केन्द्र बन गए। इसका एक कारण मार्कण्डेय और उनकी कहानियां भी हैं। यथार्थ चित्रण मार्कण्डेय की कहानियों का प्रमाण है। यथार्थ की अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने भारत का ग्रामीण परिवेश चुना क्योंकि यहाँ का यथार्थ शहरों के यथार्थ से भिन्न और भयावह था। भारतीय ग्रामीण जनों की स्व. तंत्रता के प्रति जुड़ी हुई आशा–आकांक्षाएँ भ्रम साबित हुई थी। शहर में रहने वालों का इस तरफ ध्यान नहीं था। शहर के मध्यवर्ग को विषय बनाकर जो काम मोहन राकेश, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, उषा प्रियंवदा, अमरकांत आदि कहानीकार कर रहे थे, ग्रामीण परिवेश को लेकर वही काम मार्कण्डेय जी, शिवप्रसाद सिंह, भैरवप्रसाद गुप्त, मध ुकर सिंह करते रहे। इस तरह स्वातंत्रयोत्तर युग में एक बार फिर हिन्दी कहानी को ग्रामीण जीवन के धरातल पर ले जाकर प्रेमचन्द की परंपरा के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य मार्कण्डेय और उनके साथियों ने किया। डॉ. बलभद्र के शब्दों में– बीसवी सदी का साध ाारण भारतीय जीवन जो बुनियादी रूप से किसानों, मजदूरों या इनके घरों से आए लोगों का जीवन है, प्रेमचन्द के कहानी साहित्य के बाद मार्कण्डेय की कहानियों में बहुत सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति है।

मार्कण्डेय की कहानियां

"जिन रचनाकारों ने सामाजिक यथार्थ को जागरूक दृष्टि से व्यंजित करने वाली प्रेमचन्द, निराला, राहुल सांस्कृत्यायन, यशपाल, रांगेय राघव आदि कहानीकारों की परंपरा को सही मायनों में और आगे बढ़ाया उनमें भीष्म साहनी, रेणु, हरिशंकर परसाई, अमरकांत, भैरवप्रसाद गुप्त, नागार्जुन, शेखर जोशी के साथ मार्कण्डेय का भी नाम शामिल है। सामाजिक दृष्टि से समाजवादी दृष्टि तक की यथार्थवादी मंजिल इन कहानीकारों ने तय की थी। रूपवादी कहानीकारों की तुलना में ये वस्तुवादी नहीं थे लेकिन द्वंदात्मक संबंधों को पहचानते थे और रचनात्मक स्तर पर चरितार्थ करते थे। रूपवादी सीमाओं और वस्तुवादी सेंसरों का अतिक्रमण कर इन कहानीकारों ने हिंदी कहानी साहित्य को एक से एक अच्छी रचनाएँ दी।"5

इन सभी लेखकों से अलग धरातल पर भी मार्कण्डेय ने अपना स्थान निश्चित किया है। आनंद प्रकाश के अनुसार– "कला में उनका जो विश्वास है वह हिंदी में आसानी से नहीं मिलेगा। उनकी कहानियाँ सहज दिखते हुए भी निबंध का कसाव लिए होती हैं। आदि से अंत तक स्पष्ट निश्चित मूर्त और वास्तविक दिखाई देती हैं। मार्कण्डेय जीवन के विभिन्न पक्षों तथा अनेक समस्याओं को अभिव्यक्ति देने का कार्य अपने लेखन साहित्य में करते हैं।"6

मार्कण्डेय ग्रामीण जीवन के सशक्त कहानीकार रहे हैं। इनकी ग्रामीण जीवन पर आधारित कुछ कहानियाँ अंचलों की विशिष्टता को निरूपित करने के कारण आंचलिक हैं। जैसे जौनपुर बनारस की सरहद पर गोमती के दक्षिण में परानपुर के मजदूरों का संघर्ष, महुआ और उसकी विशिष्टता आदि कहानियों की कथ. ावस्तु तथा अग्निबीज उपन्यास में चित्रित सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं के साथ–साथ रामपुर सेनपुर के लोकजीवन उनके संस्कार आदि से ग्रामीण अंचल परिवेश में परिवर्तन हो जाता है। वस्तुतः प्रेमचन्द की परंपरा को ही आगे बढ़ाया है जिसमें गाँव का यथार्थ तेजी से उभरा है। जिस तरह होरी को निराश, हारा हुआ पाते हैं, उसी प्रकार बेचन भी अपनी समस्याओं के सामने घ ुटने टेकता है। पुराने संस्कारों की जड़ता तथा अंध ा–विश्वास, रूढ़ियों की जकड़न इनकी कहानियों में चित्रित हुई हैं।

मार्कण्डेय के पानफूल संग्रह से लेकर बीच के लोग में तथा सेमल का फूल, अग्निबीज उपन्यास में विविध विषयों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीण किसान उच्च वर्ग के सामंती संस्कार उनकी बहुबेटियाँ वहाँ की प्रकृति, उनका संघर्ष, पंचवर्षीय योजनायें, स्व. ातंत्रयोत्तर भारत की आशा–आकांक्षाओं की पूर्ति न होने के फलस्वरूप उत्पन्न मोहभंग की स्थिति, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अंध ाविश्वास, शहरी वातावरण, उन चरित्रों की मनः स्थितियाँ, प्रेम, काम संबंध आदि। इन सभी की तह तक जाकर मार्कण्डेय ने कहानी के जीवन्त प्रवाह से पाठक के दिलोदिमाग को झंकृत किया है।

मार्कण्डेय की कहानियों में अनेक विषय ऐसे हैं, जिनको लेखक ने अपने निजी जीवन में स्वयं भोगा है, परखा है। लेखक अपनी स्वानुभूति के आधार पर ग्रामीण जीवन का संघर्ष, किसानों की भूमि संबंधी समस्याएँ, स्वातंत्रयोत्तर भारत में बनती–बिगड़ती स्थितियाँ और शहरी जीवन के उपभोक्ता समाज आदि को स्वयं महसूस किया है। स्वतंत्रता आंदोलन के उपरांत भी न्यायदेवता के आँखो पर से पट्टी नहीं हटी परिणामस्वरूप गाँवों का आम वर्ग भ्रष्टाचार की चक्की में पिसता रहा। ग्राम पीड़ितों को सांमतों के, जमींदारों तथा ठेकेदारों के चंगुल से बचानेवाला कानून अब तक कार्यान्वित नहीं हो पाया है। भूदान, आदर्श कुक्कुट गृह, बीच के लोग आदि कहानियाँ कटु वास्तविकता के ज्वलंत उदाहरण हैं। जमींदार प्रथा के उन्मूलन, भूमिसुधार, भूमिहीनों को भूमि प्रदान करना, मशक्कत करने वालों के कायदे कानून की बात कागज पर लिखी हुई रहती है। सारी प्रगतिशील योजनाओं के बावजूद भारतीय गाँवों के जमींदारों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ वे उसी सामाजिक व्यवस्था में जीवन जी रहे हैं जिसमें वे स्वतंत्रता पूर्व काल में जी रहे थे।

मार्कण्डेय ने गाँवों में द्रष्टव्य अकाल, मूल्य–विघटन, भ्रष्टाचार, पुरातन जर्जर परंपराएँ, मिन्नत–मनौति, शकून–अपशकून, अशिक्षा आदि अंधविश्वासों को भी उद्घाटित किया है। इस तरह उनकी कहानियाँ वैविध्यपूर्ण है। जिसमें उन्होंने ग्राम–जीवन की तमाम विसंगतियों एवं बारीकियों को बड़े मनोयोग से प्रस्तुत किया है। उनकी कहानियों को पढ़कर सुखद अनुभूति इस कारण होती है कि वर्तमान वितृष्णापूर्ण(सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक और सांस्कृतिक) वातावरण के होते हुए भी कहानियों में कहीं भी विकल्पहीनता के दर्शन नहीं होते। इसके विपरीत हर बार वे आगे की राह का संकेत करते हैं। मार्कण्डेय की कहानियों से यह स्पष्ट होता है कि सत्ताधारी वर्ग, प्रशासन–तंत्र और तथाकथित सभ्य समाज द्वारा श्रमजीवी वर्ग का निरंतर शोषण और उपेक्षा उनकी नीति बन गई है। अतः आजादी के साठ वर्षों के बाद आज भी भारत का ग्रामीण श्रमजीवी वर्ग दो वक्त की रोटी जुटाने में असमर्थ है। मार्कंडेय की दृष्टि में इससे मुक्ति का उपाय आत्मक्लेश नहीं आमूल क्रांति है। मार्कण्डेय ग्रामीण भारतीय समाज तथा उससे संबद्ध यथार्थ को ही अपनी अभिव्यक्ति का विषय बनाते हैं। ऐसा करते हुए वे गाँवों के भूमिहीन किसान, मजदूर, दलित एवं निम्नवर्गीयों कि निरंतर शोषण को समाप्त कर देश व्यापी समता स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील दिखाई देते हैं। मार्कण्डेय की कहानी में ग्रामीण जीवन से संबंद्ध सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्रों की लगभग सभी समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि वर्तमान संदर्भों में उनके निराकरण के उपाय भी बतलाए गए हैं।

मार्कण्डेय स्वातंत्रयोत्तर ग्रामीण भारतीय समाज के सजग व्याख्याता हैं। अतः उनके ग्राम केंद्रीय कहानी साहित्य में वैचारिक प्रखरता के दर्शन होते हैं। मार्कण्डेय जनवादी चेतना के साहित्यकार हैं। मार्क्सवाद का उन पर गहरा प्रभाव है। अतः वे शिल्प की अपेक्षा कथ्य को अधिक महत्व देते हैं। मार्कण्डेय की भाषा प्रतीकों से युक्त बिंबात्मक, सरल, स्वाभाविक, मुहावरेदार, लोकोक्तियों से युक्त ग्रामीण परिवेश के अनुकूल है। अतः उससे गाँव की मिट्टी की सोंधी गंध आती है। मार्कंडेय प्रेमचन्द की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले और समृद्ध करने वाले एक समर्थ रचनाकार सिद्ध होते हैं।

निष्कर्ष

अंततः यह कहा जा सकता है कि मार्कण्डेय निर्विवाद रूप से ग्रामीण संवेदना के रचनाकार हैं। वे भारत की जमीन से जुड़े साहित्यकार हैं, उनकी संलग्नता और लगाव मूलतः ग्रामीण जीवन के प्रति है। उनके संख्यात्मक दृष्टि कम किन्तु गुणात्मक दृष्टि से श्रेष्ठ कहानी के अध्ययन से प्रतीत होता है कि वे कहीं भी जमीन से कटे नहीं हैं। ग्राम समाज और जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं को अपने संपूर्ण कहानियों के जरिए पाठक समाज के सम्मुख उद्घाटित कर दिया है। उनकी संपूर्ण कहानियां प्रेमचन्द्र की परम्परा की अगली कड़ी और भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर से कम नहीं हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

2. मार्कण्डेय की कहानियाँ, भूदान, भूमिका भाग पृष्ठ 247

3 अग्निबीज, मार्कण्डेय, पृष्ठ 131

4 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

5 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

6 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

****

वैश्वीकरण हिन्दी भाषा और साहित्य

डॉ.निर्मला जोशी
असिस्टेंट प्रोफेसर
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर, (उधम सिंह नगर)उत्तराखंड

वैश्वीकरण अर्थात भूमण्डलीकरण का तात्पर्य विश्व के प्रत्येक देश का अन्य देशों के साथ किसी वस्तु, सेवा, विचार, पूंजी, अथवा सिद्धांत का अप्रतिबंधित आदान-प्रदान से होता है। वैश्वीकरण का प्रभाव तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक, एवं साहित्यिक क्षेत्रों पर पड़ता है। वैश्वीकरण के इस युग में मानव की एक प्रजाति दूसरी प्रजाति के अधिक निकट आई है, जिससे विश्व शांति को भी बढ़ावा मिला है एवं उनके बीच सभ्यता संस्कृति का आदान-प्रदान हुआ है। आदान-प्रदान की इस प्रक्रिया में विश्व की भाषाएं भी अछूती नहीं रही है। भारत जैसे विकासशील देशों को वैश्वीकरण का अधिक लाभ हुआ है और पूरे विश्व में हिंदी – भाषा, साहित्य, सभ्यता - संस्कृति का आदान-प्रदान हुआ है।

वर्तमान में हिंदी केवल शिक्षा और साहित्य की भाषा की परिधि तक ही सीमित नहीं रह गई है। वैश्वीकरण के दौर में हिंदी वैश्विक परिदृश्य में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रही है। हिंदी विदेशी भाषाओं के शब्दों को स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है अर्थात हिंदी भाषा का लचीलापन उसके विकास में सहयोगी सिद्ध हुआ है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया है। बाजार के दृष्टिकोण से बहुराष्ट्रीय कंपनियां विज्ञापनों और बाजार की भाषा को समझने के लिए हिंदी की ओर अग्रसर हो रही है, हालांकि यह एक लाभ केंद्रीय दृष्टिकोण ही है परंतु इससे भाषायी प्रसार तो हो ही रहा है इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। वैश्विक फलक में हिंदी तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा का स्थान प्राप्त कर चुकी है।

कोई भी भाषा अभिव्यक्ति और संप्रेषण मौखिक रूप के साथ-साथ लिखित साहित्य के रूप में भी करती है। हिंदी के वैश्विक रूप पर स्थापित होने के पीछे इसमें रचित उत्तम साहित्य का बड़ा योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त हिंदी साहित्य को वैश्विक साहित्य की कोटि में बहुत बड़ा योगदान प्रवासी भारतीयों का भी रहा है। पूरे विश्व के 150 से अधिक देशों में हिंदी के शिक्षण केंद्र खोले गए है जिस कारण हिंदी की व्यापकता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अकेले अमेरिका जैसे देश में साठ विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्यापन हो रहा है, वहां हिंदी सीखने वालों की तादाद बढ़ रही है। वहां भारत के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पहले हिंदी की जानकारी होना आवश्यक है, इसके लिए हिंदी फिल्मों व साहित्य के माध्यम से भी हिंदी सीखी जा रही है। विदेशी छात्र बड़ी संख्या में यहां की भाषा– साहित्य, कला-संस्कृति के अध्ययन हेतु आ रहे है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इस युग में व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हर वक्त दुनिया की खबरों व घटनाओं पर नजर रखे हुए हैं। इंटरनेट, टीवी, रेडियो के माध्यम से हिंदी वैश्विक स्तर पर नये आयाम छू रही है। हिंदी समाचार पत्र व पत्रिकाएं भी जनसंचार का प्रमुख एवं लोकप्रिय माध्यम बन चुके हैं। इंटरनेट पर ब्लॉग की बहार आने से हिंदी लिखने पढ़ने वालों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। इंटरनेट के माध्यम से कविताएं, कहानियां, समाचार आदि का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी भाषा में ई बुक्स का प्रचलन धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। संचार माध्यमों के सहारे हिंदी भाषा की संप्रेषण क्षमता का विकास हो रहा है। फिल्म व विज्ञापन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हिंदी ने दिखा दिया है कि वह समय में बदलावों के अनुरूप अपने को ढालने में बेहद सक्षम है। देसी विदेशी भाषाओं के शब्दों को सरलता से आत्मसात करने की शक्ति के कारण हिंदी विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ने में सफल रही है। हिंदी भाषा में विदेशी शब्दों का भी खूब उपयोग हुआ है। व्यावसायिक शिक्षा में प्रगति के कारण अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग बहुतायत में होने लगा है क्योंकि अधिकतर व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम अंग्रेजी में ही उपलब्ध है। वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण भाषायी विकृति भी आयी है, समाज के दर्पण के रूप में साहित्य भी इससे अछूता नहीं रहा है। साहित्य भी संचार का माध्यम ही होता है, जो सूचनाओं का व्यापक संप्रेषण करता है। संचार माध्यमों के सहारे हिंदी भाषा की भी संप्रेषण क्षमता बहुमुखी विकास हो रहा है राष्ट्रीय ही नहीं विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चैनल में हिंदी सब प्रकार के आधुनिक संदर्भों को व्यक्त करते हुए अपने सामर्थ्य को विश्व पटल पर प्रमाणित कर रही है।

हिंदी के वैश्विक विस्तार का बड़ा श्रेय संचार माध्यमों को जाता है परंतु सामान्य बोलचाल की भाषा एवं साहित्य की सृजन की भाषा में अंतर होता है। साहित्य सृजन की भाषा में जहां व्याकरण के नियमों का पूरा ध्यान रखा जाता है वहीं सामान्य बोलचाल की भाषा में समाज एवं क्षेत्र का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। हिंदी व्याकरण की दृष्टि से एक समृद्ध भाषा है भारत की प्रमुख संपर्क भाषा होने के कारण यह पूरे देश को एक भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधने में सक्षम है।

वैश्वीकरण के कारण किसी भी भाषा में दूसरी भाषा का प्रयोग बहुतायात में होने लगा है, हालांकि ऐसी मिश्रित भाषा विभिन्न भाषा - भाषियों के बीच वाक़ सेतु का कार्य करती है, परंतु भाषा की गरिमा के दृष्टिकोण से यह जनता का विषय है। चूँकि भाषा अपने यहां की संस्कृति-सभ्यता की संरक्षक व वाहक होती है इसलिए भाषा की गरिमा के नष्ट होने से सभ्यता-संस्कृति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में समाचार पत्रों और टेलीविजन के कार्यक्रम में ऐसी ही मिश्रित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है,जिस कारण युवा वर्ग ने इसे अपने सक्रिय भाषा कोष में शामिल कर लिया है। इसलिए इस सब का प्रभाव आम आदमी पर पढ़ना स्वाभाविक है। यदि भाषाई गरिमा एवं व्याकरण के कुछ अन्य पहलुओं को छोड़ दिया जाए तो हिंदी बोलने वालों की संख्या में वृद्धि होने से हिंदी को लाभ ही होगा।

देसी विदेशी भाषाओं के शब्दों को सरलता से आत्मसात करने की शक्ति के कारण हिंदी विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ने में सफल रही है। पूरी दुनिया की निगाह में पर्यावरण वर्ष, महिला वर्ष आदि की तरह भाषा का प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए यूनेस्को ने वर्ष 2008 को अंतर्राष्ट्रीय भाषा

वर्ष घोषित किया था, इससे भी भाषायी अस्मिता को मजबूती मिली है। प्रत्येक देश की पहचान का प्रमुख आधार उसकी भाषा होती है, भारत में भी राष्ट्रभाषा का बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत व भारतीयों का मजबूती से उभर कर आने एवं नई बाजार व्यवस्था के इस दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने के कारण हिंदी भाषा को सीखने और समझने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां बाजार की मांग और भारत की आर्थिक साथ में वृद्धि के कारण विशाल हिंदी समुदाय को अपनी ओर आकर्षित करने हेतु अपने उत्पाद के प्रचार – प्रसार के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग कर रही है।

वैश्वीकरण के कारण पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा मिला है, पाश्चात्य संस्कृति को ही लोगों द्वारा आधुनिकरण की प्रक्रिया समझा जाने लगा है इसलिए लोग अपनी भाषा संस्कृति एवं साहित्य को भूल रहे हैं। जीवन साहित्य का आधार होता है जहां जीवन के बिना साहित्य की कल्पना असंभव है , वही साहित्य के बिना जीवन एवं सम्यक विकास असंभव है।

आज विश्व फलक में हिंदी अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है एवं वैश्विक संवाद की भाषा बन रही है। हिंदी भाषा स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनने की वास्तविक हकदार है। अपने साहित्य एवं ज्ञान के क्षेत्र में योगदान के बल पर हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में विश्व मंच पर स्थापित हो रही है तथा विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है।

हिंदी साहित्य की भक्तिकालीन अनुपम कृति रामचरितमानस की लोकप्रियता विश्वभर में फैली हुई है। हिंदी साहित्य के प्रति विदेशी विद्वानों की रुचि प्राचीन समय से ही चली आ रही है इन्हीं विद्वानों के माध्यम से हिंदी साहित्य कृतियां अनुवादित होकर विश्व के कोने-कोने तक अपनी पहुंच बना रही है। हिंदी साहित्य को दुनिया भर में विस्तारित करने का श्रेय उन बहुत सी संस्थाओं को भी जाता है जो विदेशी भूमि पर रहकर भी अपनी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगे हुए है जैसे - मॉरीशस हिंदी संस्थान, विश्व हिंदी सचिवालय, हिंदी सोसायटी सिंगापुर, हिंदी परिषद नीदरलैंड, युवा हिंदी संस्थान अमेरिका।

उषा प्रियवंदा, अभिमन्यु अनंत, तेजेंद्र शर्मा आदि प्रमुख प्रवासी साहित्यकार हिंदी सेवी बनकर हिंदी भाषा के साहित्य को वैश्विक साहित्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

1. हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य – डॉ. वेद प्रकाश उपाध्याय
2. हिन्दी भाषा का भूमंडलीकरण – सुषम बेदी
3. भूमंडलीकरण : साहित्य,समाज और संस्कृति – डॉ. रेनू

****

भ्रमरगीत-परम्परा और उद्धव-शतक

-पीयूष कुमार (शोधार्थी)

हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग

जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, रायां सुचानी बगला,

ज़िला सांबा, जम्मू-कश्मीर –181143

2020 में लागू होने वाली नई शिक्षा नीति देश में शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव ला रही है।यह नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इसका उद्देश्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। यह नीति शिक्षा को सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगार-सक्षम बनाने पर ज़ोर देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित पाठ्यचर्या और शिक्षा विधि छात्रों में इस विजन को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करती है कि छात्रों में भारतीय होने का गर्व, न केवल विचारों में बल्कि उनके व्यवहार, बुद्धि, और कार्यों में भी प्रतिफलित हो। इसके साथ ही, उन्हें ज्ञान, कौशल, और मूल्यों का सही संतुलन और सोच में समग्रता की भावना होनी चाहिए। इसके माध्यम से, छात्रों को मानवाधिकारों, स्थाई विकास, जीवन यापन और वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के मूल्यों की महत्वपूर्णता की जागरूकता होती है, जिससे वे समाज में उत्तम नागरिक बन सकें। इस नीति के अनुसार, शिक्षा प्रणाली के संस्थानों को छात्रों के बुनियादी दायित्व, मौलिक कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के साथ जुड़े और उनकी सोच में वैश्विक परिवर्तन के प्रति उत्साह और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। इससे छात्रों में देश के प्रति जुड़ाव, मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका के प्रति उत्तरदायित्व की जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार, यह नीति भारत के शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देती है जो छात्रों को समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान करने के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निश्चित रूप से भारत के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह नीति शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। यह नीति भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में भी योगदान देगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति निश्चित रूप से भारतीय मूल्यों मूल्यों और नैतिकता पर आधारित शिक्षा प्रणाली का निर्माण करती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक समर्पित और समग्र शिक्षा प्राप्त कराना है, जो उन्हें न केवल विज्ञानिक या तकनीकी दृष्टिकोण से बल्कि उनके मौलिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी सशक्त बनाए। यह नीति सभी को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर और उन्हें जिम्मेदार और योग्य नागरिक बनाने में मदद करके भारत को एक जीवंत, विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

संदर्भ :

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

भारत सरकार, 1986, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

भारत सरकार, 1968, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

सच्चिदानंद पाठक, जर्नल ऑफ एडवांसेज एंड स्कॉलरली रिसर्चेस इन अलाइड एजुकेशन बहुविषयक शैक्षणिक अनुसंधान, आईएसएसएन: 2230-7540, वर्ष-अक्टूबर, 2021, खंड: 18 / अंक: 6, पृष्ठ: 216 - 220 (5)

प्रो॰ सतीश देशपांडे, साक्षात्कार: शिक्षा ज्ञान और समाज का समकाल,सामाजिक; (अंक-अक्टूबर-दिसम्बर, 2021)

डॉ. जयंती प्रसाद नौटियाल, नई शिक्षा नीति-2020 - बेबाक विश्लेषण, शैक्षिक उन्मेष पत्रिका

सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, नई शिक्षा नीति-2020 : एक संकल्प यंत्र से मानव बनाने की ओर, शैक्षिक उन्मेष पत्रिका

राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020, भारतीयता का पुनरुत्थान, अतुल कोठारी (संपादक), प्रभात प्रकाशन, 2021

मीना, मोनिका शर्मा, नए भारत की नींव- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, हंस शोध सुधा, खंड 1, अंक 3 जनवरी-मार्च, 2021, पृष्ठ 59- 62.

****

भारतीय संविधान में डॉ.आंबेडकर के योगदान : एक समाजशास्त्रीय मूल्यांकन

-शशिकान्त कुमार,
समाजशास्त्र विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी

सारांश

भारतीय संविधान का निर्माण भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। इस प्रक्रिया में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। डॉ. आंबेडकर, जिन्हें भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार कहा जाता है। संविधान निर्माण में न केवल कानूनी और राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को भी संविधान में सम्मिलित किया। उनके विचार और योगदान भारतीय समाज के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले साबित हुए।

इस शोध आलेख का उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय मूल्यांकन करना है ताकि उनके विचारों और कार्यों का व्यापक विश्लेषण किया जा सके। इस शोध में डॉ. आंबेडकर के योगदान का विश्लेषण भारतीय संविधान निर्माण के संदर्भ में किया गया है। संविधान सभा की कार्यवाही, डॉ. आंबेडकर के भाषण और लेख, और उनके द्वारा प्रस्तुत विधेयकों का विश्लेषण शामिल है। इसके अलावा, द्वितीयक स्रोतों के रूप में संबंधित साहित्य, पुस्तकें और शोध पत्रों का भी अध्ययन किया जाएगा।

बीज शब्द : संविधान, आंबेडकर, योगदान, विचार, समाज, सामाजिक न्याय, असमानता, अधिकार।

प्रस्तावना

भारतीय संविधान का निर्माण एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक प्रक्रिया थी, जिसमें अनेक विद्वानों और राजनेताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट था। डॉ. आंबेडकर न केवल एक प्रखर विधिवेत्ता थे बल्कि एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ भी थे। डॉ. आंबेडकर का संविधान सभा में भूमिका का विश्लेषण करते समय यह महत्वपूर्ण है कि हम उनके द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विधेयकों और प्रस्तावों पर ध्यान दें। उनके योगदान को तीन प्रमुख पहलुओं में विभाजित किया जा सकता है: मौलिक अधिकार, सामाजिक न्याय और दलित अधिकार। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कदम भारतीय समाज में सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ(Karade, 2015)।

डॉ. आंबेडकर का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण उनके जीवन और कार्यों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त जातिवाद और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने संविधान के माध्यम से अस्पृश्यता उन्मूलन और समानता के अधिकार को संस्थागत रूप देने का प्रयास किया। उनका मानना था कि जब तक समाज में सभी को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती। डॉ. आंबेडकर के विचारों का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में कई सकारात्मक बदलाव हुए। संविधान में शामिल मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों ने सामाजिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए। इन प्रावधानों ने न केवल विधिक ढांचे में बदलाव किया बल्कि समाज में समानता और न्याय की भावना को भी प्रोत्साहित किया। डॉ. आंबेडकर के योगदान का राजनीतिक प्रभाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने भारतीय राजनीति में दलितों और पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में दलितों की भागीदारी को बढ़ावा दिया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई विधायी प्रावधान किए(Omvedt, 2017)।

शोध की आवश्यकता :

आंबेडकर के योगदान का अध्ययन कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। पहला, भारतीय संविधान में उनके योगदान को समझने से हमें भारतीय लोकतंत्र की नींव और उसके मूल्यों की गहरी समझ मिलती है। दूसरा, डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनके अध्ययन से वर्तमान सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन मिल सकता है। तीसरा, डॉ. आंबेडकर के विचारों और कार्यों का विश्लेषण समाज में व्याप्त असमानताओं और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में प्रेरणा स्रोत हो सकता है।

उद्देश्य:

इस शोध का मुख्य उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में योगदान का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करना है। इसके तहत उनके विचारों का ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ में अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा, इस शोध का उद्देश्य उनके द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विधेयकों और प्रावधानों का विश्लेषण करना और यह समझना है कि कैसे उनके विचार भारतीय समाज में सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए।

शोध विधि

इस शोध आलेख में डॉ. आंबेडकर के योगदान को ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से विश्लेषित किया गया है। यह आलेख न केवल उनके ऐतिहासिक योगदान को उजागर करता है, बल्कि उनके विचारों और कार्यों का आधुनिक भारतीय समाज पर प्रभाव भी दर्शाता है। अनुसंधान की पद्धति के तहत प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का

उपयोग किया गया है, जिसमें संविधान सभा की कार्यवाही, डॉ. आंबेडकर के लेख और भाषण शामिल है। डेटा विश्लेषण की विधियों का उपयोग करके डॉ. आंबेडकर के योगदान का व्यापक और सटीक मूल्यांकन किया गया है। इस अध्ययन के माध्यम से हम यह समझने का प्रयास किया गया है, कि डॉ. आंबेडकर के विचार और कार्य किस प्रकार भारतीय संविधान और समाज में स्थायी परिवर्तन लाने में सफल हुए। उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय के सिद्धांत आज भी भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके योगदान का अध्ययन वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

महत्व

यह अध्ययन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। पहला, यह शोध डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान की व्यापक समझ प्रदान करेगा, जो भारतीय संविधान और समाज को गहराई से प्रभावित करते हैं। दूसरा, यह शोध भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में डॉ. आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करेगा। तीसरा, इस शोध से प्राप्त निष्कर्ष वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक नीतियों के निर्माण में सहायक हो सकते हैं और सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ठोस कदम उठाने में मार्गदर्शन कर सकते हैं।

इस प्रकार, यह शोध न केवल डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय मूल्यांकन करेगा बल्कि भारतीय समाज के समकालीन संदर्भ में उनके विचारों की प्रासंगिकता और प्रभाव को भी उजागर करेगा। इससे डॉ. आंबेडकर के योगदान को समझने और उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए उपयोग करने में सहायता मिलेगी।

डॉ. आंबेडकर का जीवन और शिक्षा

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महाराष्ट्र के महूँ में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने बचपन में ही जातिगत भेदभाव का सामना किया और शिक्षा प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी शिक्षा को पूरा करने के लिए निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री प्राप्त की और बाद में कोलंबिया यूनिवर्सिटी से एमए और पीएचडी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डीएससी और ग्रेज़-इन से बार-एट-लॉ की डिग्री प्राप्त की। उनकी शिक्षा और उनके अनुभवों ने उन्हें सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूक और समर्पित नेता बना दिया(S. Ambedkar & Khan, 2022)।

भारतीय संविधान निर्माण की प्रक्रिया

भारतीय संविधान का निर्माण एक जटिल और विस्तृत प्रक्रिया थी, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद शुरू हुई। संविधान सभा की स्थापना 1946 में हुई थी और इसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक विचारधाराओं के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में अनेक समितियों का गठन किया गया, जिनमें से प्रत्येक समिति ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिन्होंने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा की बैठकें तीन वर्ष, ग्यारह महीने और अठारह दिन चलीं और अंततः 26 नवंबर 1949 को संविधान को स्वीकृति मिली। संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, जिसे हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं(Rathore, 2020)।

संविधान सभा में डॉ. आंबेडकर की भूमिका

संविधान सभा में डॉ. आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट थी। उन्हें प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जिसने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया। उन्होंने मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, और दलित अधिकारों के प्रावधानों को संविधान में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया और अनेक विधेयकों और प्रस्तावों को पारित कराने में सफलता प्राप्त की। उनका मानना था कि संविधान को समाज के सभी वर्गों के अधिकारों और हितों की रक्षा करनी चाहिए और इसे एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनना चाहिए। डॉ. आंबेडकर ने अपने ज्ञान, अनुभव और दृष्टिकोण के माध्यम से संविधान में मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और समानता के प्रावधानों को सुनिश्चित किया। उन्होंने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया और अनेक विधेयकों और प्रस्तावों को पारित कराने में सफलता प्राप्त की। उनके विचारों का प्रभाव संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद में देखा जा सकता है, विशेषकर मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों में(Verma, 2023)।

सामाजिक न्याय और समानता :

डॉ. आंबेडकर का सामाजिक न्याय और समानता पर गहरा विश्वास था। उनका मानना था कि जब तक समाज में सभी को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक सच्ची स्वतंत्रता और लोकतंत्र स्थापित नहीं हो सकता। उन्होंने संविधान में अस्पृश्यता उन्मूलन, जातिगत भेदभाव के खिलाफ प्रावधान, और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया। उनके विचारों ने भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि संविधान को सामाजिक और आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए एक साधन बनना चाहिए और इस दृष्टिकोण को उन्होंने संविधान में मूर्त रूप दिया। डॉ. आंबेडकर के विचार और योगदान भारतीय संविधान और समाज में स्थायी परिवर्तन लाने वाले साबित हुए। उनके द्वारा प्रस्तावित सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और भारतीय समाज के विकास और समृद्धि के लिए मार्गदर्शन करते हैं, जो भारतीय संविधान के निर्माण और समाज के सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सहायक साबित हुए हैं(H. D. Sharma, 2002)।

मौलिक अधिकार और सामाजिक न्याय

डॉ. आंबेडकर का मानना था कि एक सशक्त और समावेशी संविधान ही समाज में स्थायी परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने संविधान में

मौलिक अधिकारों को विशेष महत्व दिया, जिससे प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी मिल सके, मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। जाति, धर्म, लिंग, वंश, या किसी अन्य आधार पर भेदभाव के बिना सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार। स्वतंत्रता, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, और धर्म की स्वतंत्रता। शोषण के खिलाफ, सभी प्रकार के शोषण और अन्याय के खिलाफ सुरक्षा। धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, किसी भी धर्म को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार। इन अधिकारों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और न्याय मिले (Chitkara, 2002)।

अस्पृश्यता उन्मूलन और दलित अधिकार

डॉ. आंबेडकर का एक प्रमुख लक्ष्य भारतीय समाज से अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव को समाप्त करना था। उन्होंने संविधान में अस्पृश्यता के उन्मूलन और दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए। अस्पृश्यता का उन्मूलन, संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया और इसे दंडनीय अपराध घोषित किया गया। आरक्षण, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का प्रावधान, जिससे समाज के पिछड़े वर्गों को समान अवसर मिल सके। दलित अधिकारों की सुरक्षा, दलितों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त नहीं किया जाएगा, तब तक सच्ची स्वतंत्रता और लोकतंत्र की स्थापना संभव नहीं है (Jaffrelot, 2006)।

संविधान निर्माण में डॉ. आंबेडकर विचारों का प्रभाव

डॉ. आंबेडकर के विचारों का भारतीय संविधान निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनके विचारों को संविधान में शामिल करने से भारतीय समाज में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखे जा सकते है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी हो। उनके विचारों के परिणामस्वरूप, भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया, जो समाज में समानता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। डॉ. आंबेडकर के विचारों के अनुसार, सामाजिक न्याय और समानता को संविधान का प्रमुख उद्देश्य बनाया गया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और अवसर हो, और समाज के सभी वर्गों को न्याय मिले। उनके विचारों ने संविधान को एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनाया। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उनके विचारों का प्रभाव संविधान सभा के सदस्यों पर पड़ा और उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, और मौलिक अधिकारों को संविधान में शामिल करने के लिए समर्थन किया (Chakrabarty, 2018)।

भारतीय समाज पर डॉ. आंबेडकर के विचारों का प्रभाव

डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। सामाजिक जागरूकता, डॉ. आंबेडकर ने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया, जिससे वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित हुए। सामाजिक संरचना में परिवर्तन, उनके विचारों ने समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव को चुनौती दी और सामाजिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए। राजनीतिक प्रभाव, डॉ. आंबेडकर ने दलितों और पिछड़े वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिससे उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई। शैक्षिक सुधार, डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक सुधार का प्रमुख साधन माना और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए, जिससे वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मिल सके (D. K. Sharmaइत्यादि, n.d.)।

डॉ. आंबेडकर के विचार और उनके द्वारा स्थापित सिद्धांत आज भी भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके योगदान को समझना और उसका मूल्यांकन करना न केवल ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। उनके विचारों ने भारतीय संविधान और समाज को एक सशक्त और समावेशी ढांचा प्रदान किया, जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है(Agrawal, 2020)।

सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में परिवर्तन

डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, भारतीय समाज की सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए: जाति व्यवस्था का पतन, डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके संघर्ष ने जाति व्यवस्था के खिलाफ एक महत्वपूर्ण आंदोलन को जन्म दिया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में जातिगत भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ी और अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाए गए। सामाजिक समानता, डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक समानता के विचार को प्रोत्साहित किया और इसे संविधान में सुनिश्चित किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में समानता की भावना बढ़ी और सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर मिले। दलित अधिकारों की सुरक्षा, डॉ. आंबेडकर के प्रयासों ने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनके योगदान से दलितों के सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। आरक्षण प्रणाली ने दलित समाज को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान किए। शैक्षिक सुधार, डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक सुधार का प्रमुख साधन माना और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए। उनके प्रयासों से वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मिले और समाज में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन आए। डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान ने भारतीय समाज में स्थायी और गहरे परिवर्तन लाए। उनके विचारों ने भारतीय संविधान और समाज को एक सशक्त और समावेशी ढांचा प्रदान किया, जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। उनके योगदान का समाजशास्त्रीय और राजनीतिक प्रभाव आज भी भारतीय

समाज के विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है(B. Ambedkar, 2021)।

डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय विश्लेषण

डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान भारतीय समाज के सामाजिक ढांचे और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण रहा है। उनका समाजशास्त्रीय विश्लेषण उनके विचारों और कार्यों के माध्यम से किया जा सकता है। डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के प्रावधानों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, अवसर, और न्याय की गारंटी हो। उनका मानना था कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए, ताकि सामाजिक असमानताओं को समाप्त किया जा सके। डॉ. आंबेडकर ने अपने जीवन के अधिकांश समय जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष किया(Chitkara, 2002)। उन्होंने संविधान में अनुच्छेद 17 के माध्यम से अस्पृश्यता को समाप्त करने का प्रावधान किया। यह कदम भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा और आर्थिक सुधारों को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया, जिससे वंचित वर्गों को समान अवसर मिल सके। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में शिक्षा और आर्थिक सुधारों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव हुए(Jatava, 2001)।

Top of Form

Bottom of Form

निष्कर्ष

इस शोध आलेख के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में योगदान का गहन विश्लेषण किया गया है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में एक प्रमुख और निर्णायक भूमिका निभाई। प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारतीय संविधान के मसौदे को तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों ने संविधान को एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनाने में मदद की। डॉ. आंबेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी मिली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और अधिकार मिले। डॉ. आंबेडकर ने अस्पृश्यता के उन्मूलन और दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए संविधान में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए। अनुच्छेद 17 के माध्यम से अस्पृश्यता को समाप्त किया गया और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया गया। सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में परिवर्तन, डॉ. आंबेडकर के विचारों और प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज की सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। जातिगत भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ी और दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया(Gore, 1993)।

संदर्भ सूची :-

Agrawal, S. K. (2020). *Dr. Bhim Rao Ambedkar: Dr. Bhim Rao Ambedkar: Architect of India's Constitution and Social Reforms*. Prabhat Prakashan. https://books.google.co.in/books?id=H2twBgAAQBAJ

Ambedkar, B. (2021). *Castes In India: Castes In India: Dr. Babasaheb Ambedkar's Groundbreaking Critique of the Caste System*. Prabhat Prakashan. https://books.google.co.in/books?id=rs_WDwAAQBAJ

Ambedkar, S., & Khan, N. (2022). *Babasaheb: My Life With Dr Ambedkar*. Penguin Random House India Private Limited. https://books.google.co.in/books?id=diyWEAAAQBAJ

Chakrabarty, B. (2018). *The Socio-political Ideas of BR Ambedkar: Liberal constitutionalism in a creative mould*. Taylor & Francis. https://books.google.co.in/books?id=yaxvDwAAQBAJ

Chitkara, M. G. (2002). *Dr. Ambedkar and Social Justice*. A P H Publishing Corporation. https://books.google.co.in/books?id=riTiTry4U3EC

Gore, M. S. (1993). *The Social Context of an Ideology: Ambedkar's Political and Social Thought*. SAGE Publications. https://books.google.co.in/books?id=iG1uAAAAMAAJ

Jaffrelot, C. (2006). *Dr Ambedkar and Untouchability: Analysing and Fighting Caste*. Permanent Black. https://books.google.co.in/books?id=zEWTSAe-KkQC

Jatava, D. R. (2001). *Sociological Thoughts of B.R. Ambedkar*. ABD Publishers. https://books.google.co.in/books?id=ztPAAAAACAAJ

Karade, J. (2015). *Caste-based Exclusion*. Rawat Publications. https://books.google.co.in/books?id=zuSGrgEACAAJ

Omvedt, G. (2017). *Ambedkar: Towards An Enlightened India*. Random House Publishers India Pvt. Limited. https://books.google.co.in/books?id=WvjHMX8ksIsC

Rathore, A. S. (2020). *Ambedkar's Preamble: A Secret History of the Constitution of India*. Penguin Random House India Private Limited. https://books.google.co.in/books?id=AGnLDwAAQBAJ

Sharma, D. K., Debnath, D., & Saxena, M. (n.d.). *Dr. B.R. Ambedkar: Education, Equality and Empowerment*. Krishna Publication House. https://books.google.co.in/books?id=kmpvEAAAQBAJ

Sharma, H. D. (2002). *B.R. Ambedkar: A Crusader for Equality*. Rupa & Company. https://books.google.co.in/books?id=zVImAAAACAAJ

Verma, S. (2023). *Dr. Bhimrao Ambedkar: Father of our Constitution*. True Sign Publishing House. https://books.google.co.in/books?id=SUfLEAAAQBAJ

****

स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरुकता में प्रिन्ट मीडिया का योगदान
(वाराणसी शहर से प्रकाशित प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों पर आधारित अध्ययन)

-मनीष कुमार शुक्ल,
शोधार्थी
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश

सार-

एक धारणा है कि स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। चूँकि स्वास्थ्य और स्वच्छता का सीधा संबंध है और एक स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता एक अति आवश्यक तत्व है, इस कारण यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वस्थ देश स्वस्थ नागरिकों का गारंटी कार्ड है। कहने का तात्पर्य साफ है कि जिस देश के नागरिक स्वस्थ होंगे स्वच्छ होंगे, वही देश समृद्ध हो सकेगा, उन्नति कर सकेगा। इस शोध पत्र में भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों के योगदान का अध्ययन किया गया। जिसके अन्तर्गत ये जाना कि स्वच्छ भारत अभियान में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित समाचार, विज्ञापन, संपादकीय, लेख और प्रकाषित सकारात्मक, नकारात्मक और उदासीन सामग्री का अध्ययन करना।

की वर्ड- स्वच्छ भारत, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज समाचार पत्र।

साहित्य समीक्षा-

1. श्रीराम, के. (2013) इस शोध में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा और संचार अभियानों की भूमिका और प्रभावों का अध्ययन व ग्रामीण स्वच्छता के दृष्टिकोण और संचार प्रक्रियाओं के माध्यम से ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के तौर तरीकों को समझना और ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों पर आंध्र प्रदेश सरकार का प्रयास आदि का अध्ययन किया गया। इस अनुसन्धान में मेडक जिले के दो गांवों का परिवर्तित स्वच्छता व्यवहार के सन्दर्भ में एक सर्वेक्षण किया गया था।[1]

2. डर्म, अभय बी. (2014) के अनुसार स्वास्थ्य और स्वच्छता मानव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने स्वास्थ्य से सम्बंधित पत्रिका "यूनिक जनरल ऑफ मेडिकल एंड डेंटल साइंस" में छपे लेख "स्वच्छ भारत मिशन- समय की आवश्यकता" में लिखा कि पूरे देश में स्वच्छता की व्यवस्था करना जन स्वास्थ्य के लिहाज से सर्वाधिक प्रभावी कार्य है। उन्होंने आहवान किया कि अब यह समय की आवश्यकता बन चुका है कि स्वच्छता को सर्वोपरि समझा जाए। लोगों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने हेतु स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना जरूरी है। इसमें प्रचार का अपना महत्व है।[2]

3. खान, एम. इसरत व कुमार, सर्वेश (2016) द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का ग्राम स्तरीय सूक्ष्म अध्ययन ग्राम नरायनपुर, तहसील बीसलपुर, जनपद पीलीभीत के विशेष सन्दर्भ में किये गए अध्ययन में स्वच्छ भारत अभियान के सम्बन्ध में एवं इसके विभिन्न आयामों के सम्बन्ध में जन सामान्य की जागरूकता एवं प्रतिक्रिया का स्तर जानने का प्रयत्न किया गया। इस योजना के माध्यम से क्या कार्य किये जा रहे हैं? इन लोगों को इस योजना का लाभ मिल पा रहा है? इस योजना से साफ-सफाई के प्रति जागरूकता का मूल्यांकन किया जा रहा है। शोधपत्र में प्राथमिक सर्वेक्षण पद्धति के आधार पर चयनित 50 लोगों से प्राप्त आँकड़ों का प्रयोग करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के क्रियान्वयन तथा उसके समाज पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया है।[3]

4. देशमुख, प्रो. सयाली (2016) "औरंगाबाद क्षेत्र के विशेष संदर्भ में स्वच्छ भारत अभियान का प्रभाव" विषय पर आधारित इस शोध पत्र में स्वच्छ भारत के लिए आवंटित किये गए।[4]

शोध के उद्देश्य-

1. दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित कुल सामग्री का अध्ययन करना।
2. दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित समाचार का अध्ययन करना।
3. दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित विज्ञापन का अध्ययन करना।
4. दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित संपादकीय का अध्ययन करना।
5. दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित लेख का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि-

1. अध्ययन का क्षेत्र- प्रस्तुत शोध समस्या स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरुकता में प्रिन्ट मीडिया का योगदान (वाराणसी शहर से प्रकाशित प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों पर आधारित अध्ययन) में वाराणसी शहर से प्रकाशित होने वाले दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों का अध्ययन किया गया है।
2. प्रतिदर्श स्वरुप- प्रतिदर्श के रुप में वाराणसी से प्रकाशित होने वाले दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाषित सामग्री में समाचार, विज्ञापन, संपादकीय, लेख और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति सकारात्मक और नकारात्मक सामग्री का चयन किया गया है।
3. अध्ययन का समय- शोध के अध्ययन के समय के लिए 1 अक्टूबर 2018 से लेकर 2 अक्टूबर 2019 तक दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को एकत्रित किया

गया।

4. शोध प्रारुप- अन्तर्वस्तु या विषय-वस्तु विश्लेषण अनुसंधान की वह विधि है जिसका उद्देश्य प्राप्त सामग्री दस्तावेज, पुस्तकों, अखबारों, पत्रिकाओं तथा अन्य लिखित सामग्री का मात्रात्मक या गुणात्मक विश्लेषण करना है। अन्तर्वस्तु विश्लेषण या सामग्री विश्लेषण मीडिया या विषयवस्तु विश्लेषण संचार शोध की एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट पद्धति है। इसे सांकेतिकरण के नाम से भी जाना जाता है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मीडिया सामग्री का संकलन एवं विश्लेषण किया जाता है। यह गुणात्मक हो सकता है, गणनात्मक भी हो सकता है, सैद्धान्तिक हो सकता है और व्यवहारिक भी हो सकता है।


बर्नार्ड बेरेल्सन के अनुसार- "अन्तर्वस्तु विश्लेषण संचार के व्यक्त संदर्भ के विषयात्मक, क्रमबद्ध एवं परिणामात्मक वर्णन की एक अनुसंधान प्रविधि है।"

जार्ज बी. जीरो के अनुसार- "अंतर्वस्तु विश्लेषण के द्वारा मीडिया उपभोक्ताओं के बारे में भी अप्रत्यक्ष रुप से यह जाना जा सकता है कि वे क्या पढ़ते हैं, क्या सुनते हैं या क्या देखते हैं।"

तालिका 1 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कुल प्रकाशित सामग्री

क्र	समाचार पत्र	संख्या	प्रतिशत
1	दैनिक जागरण	887	33.36
2	अमर उजाला	623	23.43
3	हिन्दुस्तान	476	17.9
4	आज	673	25.31
	कुल	2659	100

चित्र 1 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कुल प्रकाशित सामग्री




विश्लेषण - उपरोक्त तालिका क्रमांक 1 के आंकड़ों का विश्लेषण दर्शाता है कि स्वच्छ भारत अभियान संबंधी दैनिक जागरण समाचार पत्र ने 887 (33.36 प्रतिशत), अमर उजाला समाचार पत्र ने 623 (23.43 प्रतिशत), हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 476 (17.9) और आज समाचार पत्र ने 673 (25.31 प्रतिशत) सामग्री प्रकाशित की।

तालिका 2 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित समाचार

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	51	4.92	63	6.08	35	3.38	37	3.57	186	17.95
2018	नवम्बर	29	28	68	6.56	31	2.99	29	2.8	157	15.15
2018	दिसम्बर	29	2.8	5	0.48	7	0.68	29	2.8	70	6.76
2019	जनवरी	15	1.45	15	1.45	8	0.77	18	1.74	56	5.41
2019	फरवरी	17	1.64	14	1.35	9	0.87	14	1.35	54	5.21
2019	मार्च	16	1.54	3	0.29	13	1.25	23	2.22	55	5.31
2019	अप्रैल	27	2.61	18	1.74	6	0.58	25	2.41	76	7.34
2019	मई	25	2.41	5	0.48	17	1.64	10	0.97	57	5.5
2019	जून	33	3.19	10	0.97	16	1.54	22	2.12	81	7.82
2019	जुलाई	21	2.03	17	1.64	12	1.16	19	1.83	69	6.66
2019	अगस्त	37	3.57	17	1.64	10	0.97	19	1.82	83	8.01
2019	सितम्बर	28	2.7	17	1.64	19	1.83	28	2.7	92	8.88
कुल		328	31.66	252	24.32	183	17.66	273	26.35	1036	100

चित्र 2 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित समाचार




विश्लेषण - उपरोक्त तालिका क्रमांक 2 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 4.92 प्रतिशत, अमर उजाला में 6.08 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 3.38 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.57 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। नवम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.8 प्रतिशत, अमर उजाला में 6.56 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 2.99 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.8 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। दिसम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.8 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.48 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.68 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.8 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। जनवरी माह में दैनिक जागरण में 1.45 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.45 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.77 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.74 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। फरवरी माह में दैनिक जागरण में 1.64 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.35 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.87 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.35 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। मार्च माह में दैनिक जागरण में 1.54 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.29 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.25 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.22 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। अप्रैल माह में दैनिक जागरण में 2.61 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.74 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.58 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.41 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। मई माह में दैनिक जागरण में 2.41 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.48 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.64 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 0.97 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। जून माह में दैनिक जागरण में 3.19 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.97 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.54 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.12 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। जुलाई माह में दैनिक जागरण में 2.03 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.64 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.16 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.83 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। अगस्त माह में दैनिक जागरण में 3.57 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.64 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.97 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.82 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.7 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.64 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.83 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.7 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी समाचार प्रकाशित हुए।

तालिका क्रमांक 3 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित विज्ञापन

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	7	1.99	8	2.27	15	4.26	8	2.27	38	10.8
2018	नवम्बर	3	0.85	8	2.27	12	3.41	8	2.27	31	8.81
2018	दिसम्बर	18	5.11	23	6.53	0	0	13	3.69	54	15.32
2019	जनवरी	28	7.95	24	6.82	25	7.1	22	6.25	99	28.13
2019	फरवरी	6	1.7	6	1.7	0	0	5	1.42	17	4.83
2019	मार्च	4	1.14	5	1.42	5	1.42	5	1.42	19	5.4
2019	अप्रैल	0	0	0	0	2	0.57	3	0.85	5	1.42
2019	मई	0	0	0	0	4	1.14	5	1.42	9	2.56
2019	जून	0	0	0	0	0	0	1	0.28	1	0.28
2019	जुलाई	4	1.14	0	0	6	1.7	1	0.28	11	3.13
2019	अगस्त	16	4.55	9	2.56	16	4.55	2	0.57	43	12.22
2019	सितम्बर	8	2.27	3	0.85	6	1.7	8	2.27	25	7.1
कुल		94	26.7	86	24.43	91	25.85	81	23.1	352	100

चित्र 3 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित विज्ञापन




विश्लेषण- उपरोक्त तालिका क्रमांक 4.5.4 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 9.09 प्रतिशत, अमर उजाला में 13.64 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 13.64 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 18.18 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। नवम्बर माह में दैनिक जागरण में 4.55 प्रतिशत, अमर उजाला में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में कोई भी स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। दिसम्बर माह में आज समाचार पत्र में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुए। जनवरी माह में आज समाचार पत्र में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुए। फरवरी माह में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। मार्च माह में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। अप्रैल माह में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। मई माह में आज समाचार पत्र में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुए। जून माह में हिन्दुस्तान समाचार पत्र में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुए। जुलाई माह में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। अगस्त माह में अमर उजाला में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 4.44 प्रतिशत, अमर

उजाला में 4.55 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 4.55 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित हुए। जबकि आज समाचार पत्र में कोई भी स्वच्छ भारत अभियान संबंधी संपादकीय प्रकाशित नहीं हुआ।

तालिका क्रमांक 5 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित लेख

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	4	8.7	6	13.04	2	4.35	7	15.22	19	41.3
2018	नवम्बर	2	4.35	0	0	0	0	2	4.35	4	8.7
2018	दिसम्बर	1	2.17	0	0	0	0	4	8.7	5	10.87
2019	जनवरी	3	6.52	0	0	0	0	1	2.17	4	8.7
2019	फरवरी	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2019	मार्च	1	2.17	1	2.17	0	0	0	0	2	4.35
2019	अप्रैल	1	2.17	1	2.17	0	0	0	0	2	4.35
2019	मई	1	2.17	0	0	0	0	0	0	1	2.17
2019	जून	0	0	0	0	0	0	2	4.35	2	4.35
2019	जुलाई	0	0	0	0	0	0	1	2.17	1	2.17
2019	अगस्त	0	0	1	2.17	0	0	0	0	1	2.17
2019	सितम्बर	1	2.17	0	0	1	2.17	3	6.52	5	10.87
कुल		14	30.43	9	19.57	3	6.52	20	43.48	46	100

चित्र 5 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित लेख



विश्लेषण- उपरोक्त तालिका क्रमांक 5 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 8.7 प्रतिशत, अमर उजाला में 13.04 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 4.35 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 15.22 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। नवम्बर माह में दैनिक जागरण में 4.35 और आज समाचार पत्र में 4.35 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाषित हुए। जबकि अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। दिसम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 8.7 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। जनवरी माह में दैनिक जागरण में 6.52 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। फरवरी माह में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। मार्च माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत और अमर उजाला में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। अप्रैल माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत और अमर उजाला में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। मई माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि अमर अजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ। जून माह में आज समाचार पत्र में 4.35 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुए। जुलाई माह में आज समाचार पत्र में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुए। अगस्त माह में अमर उजाला में 2.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुए। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 2.7 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 6.52 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी लेख प्रकाशित हुए। जबकि अमर उजाला में कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हुआ।

तालिका क्रमांक 6 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधित सकारात्मक सामग्री

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	98	4.83	93	4.59	72	3.55	63	3.11	326	16.07
2018	नवम्बर	59	2.91	81	3.99	54	2.66	57	2.81	251	12.38
2018	दिसम्बर	81	3.99	19	0.94	10	0.49	77	3.8	187	9.22
2019	जनवरी	69	3.4	38	1.87	39	1.92	42	2.07	188	9.27
2019	फरवरी	39	1.92	23	1.13	9	0.44	22	1.08	93	4.59
2019	मार्च	25	1.23	8	0.39	27	1.33	29	1.43	89	4.39
2019	अप्रैल	45	2.22	24	1.18	10	0.49	31	1.53	110	5.42
2019	मई	50	2.47	6	0.3	30	1.48	18	0.89	104	5.13
2019	जून	48	2.37	31	1.53	21	1.04	55	2.71	155	7.64
2019	जुलाई	44	2.17	34	1.68	35	1.73	29	1.43	142	07
2019	अगस्त	102	5.03	41	2.02	31	1.53	21	1.04	195	9.62
2019	सितम्बर	52	2.56	37	1.82	36	1.78	63	3.11	188	9.27
कुल		712	35.11	435	21.45	374	18.44	507	25	2028	100

विश्लेषण- उपरोक्त तालिका क्रमांक 6 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 4.83 प्रतिशत, अमर उजाला में 4.59 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 3.55 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 6.25 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। नवम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.91 प्रतिशत, अमर उजाला में 3.99 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 2.66 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.81 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। दिसम्बर माह में दैनिक जागरण में 3.99 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.94 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.49 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.8 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जनवरी माह में दैनिक जागरण में 3.4 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.87 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.92 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.07 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। फरवरी माह में दैनिक जागरण में 1.92 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.13 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.44 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.08 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। मार्च माह में दैनिक जागरण में 1.23 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.39 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.33 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.43 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। अप्रैल माह में दैनिक जागरण में 2.22 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.18 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.49 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.53 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। मई माह में दैनिक जागरण में 2.47 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.3 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.48 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 0.89 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जून माह में दैनिक जागरण में 2.37 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.53 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.04 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.71 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जुलाई माह में दैनिक जागरण में 2.17 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.68 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.73 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.43 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। अगस्त माह में दैनिक जागरण में 5.03 प्रतिशत, अमर उजाला में 2.02 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.53 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.04 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.56 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.82 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.78 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.11 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई।

तालिका क्रमांक 7 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधित नकारात्मक सामग्री

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	19	3.78	25	4.97	12	2.39	21	4.17	77	15.31
2018	नवम्बर	11	2.19	15	2.98	19	3.78	8	1.59	53	10.54
2018	दिसम्बर	19	3.78	14	2.78	1	0.2	13	2.58	47	9.34
2019	जनवरी	9	1.79	9	1.79	3	0.6	11	2.19	32	6.36
2019	फरवरी	3	0.6	10	1.99	5	0.99	9	1.79	27	5.37
2019	मार्च	2	0.4	3	0.6	3	0.6	8	1.59	16	3.18
2019	अप्रैल	9	1.79	14	2.78	4	0.8	9	1.79	36	7.16
2019	मई	11	2.19	3	0.6	6	1.19	9	1.79	29	5.77
2019	जून	10	1.99	7	1.39	5	0.99	15	2.98	37	7.36
2019	जुलाई	14	2.78	20	3.98	6	1.19	9	1.79	49	9.74
2019	अगस्त	16	3.18	7	1.39	9	1.79	9	1.79	41	8.15
2019	सितम्बर	11	2.19	23	4.57	8	1.59	17	3.38	59	11.73
कुल		134	26.64	150	29.82	81	16.1	138	27.44	503	100

विश्लेषण- उपरोक्त तालिका क्रमांक 7 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 3.78 प्रतिशत, अमर उजाला में 4.97 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 3.39 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 4.17 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। नवम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.19 प्रतिशत, अमर उजाला में 2.98 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 3.78 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.59 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। दिसम्बर माह में दैनिक जागरण में 3.78 प्रतिशत, अमर उजाला में 2.78 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.2 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.58 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जनवरी माह में दैनिक जागरण में 1.79 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.79 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.6 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.19 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। फरवरी माह में दैनिक जागरण में 0.6 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.99 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.99 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.79 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। मार्च माह में दैनिक जागरण में 0.4 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.6 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.6 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.59 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। अप्रैल माह में दैनिक जागरण में 1.79 प्रतिशत, अमर उजाला में 2.78 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.8 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.79 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। मई माह में दैनिक जागरण में 2.19 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.6 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.19 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.79 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जून माह में दैनिक जागरण में 1.99 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.39 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.99 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.98 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। जुलाई माह में दैनिक जागरण में 2.78 प्रतिशत, अमर उजाला में 3.98 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.19 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.79 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। अगस्त माह में दैनिक जागरण में 3.18 प्रतिशत, अमर उजाला में 1.39 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.79 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.79 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 2.19 प्रतिशत, अमर उजाला में 4.57 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.59 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.38 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी नकारात्मक सामग्री प्रकाशित हुई।

तालिका क्रमांक 8 दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्र में स्वच्छ भारत अभियान संबंधित उदासीन सामग्री

वर्ष	माह	दैनिक जागरण		अमर उजाला		हिन्दुस्तान		आज		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
2018	अक्टूबर	4	3.13	10	7.81	4	3.13	3	2.34	21	16.41
2018	नवम्बर	0	0	2	1.56	6	4.69	2	1.56	10	7.81
2018	दिसम्बर	6	4.69	2	1.56	0	0	0	0	8	6.25
2019	जनवरी	4	3.13	5	3.91	1	0.78	4	3.13	14	10.94
2019	फरवरी	1	0.78	0	0	0	0	0	0	1	0.78
2019	मार्च	3	2.34	1	0.78	0	0	4	3.13	8	6.25
2019	अप्रैल	3	2.34	1	0.78	2	1.56	5	3.91	11	8.59
2019	मई	0	0	1	0.78	3	2.34	2	1.56	6	4.69
2019	जून	4	3.13	0	0	0	0	3	2.34	7	5.47
2019	जुलाई	9	7.03	4	3.13	0	0	2	1.56	15	11.72
2019	अगस्त	6	4.69	5	3.91	2	1.56	3	2.34	16	12.5
2019	सितम्बर	1	0.78	7	5.47	3	2.34	0	0	11	8.59
कुल			41	32.03	38	29.69	21	16.41	28	21.88	128

विश्लेषण- उपरोक्त तालिका क्रमांक 8 के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि अक्टूबर माह में दैनिक जागरण में 3.13 प्रतिशत, अमर उजाला में 7.81 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 3.13 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.34 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। नवम्बर माह में अमर उजाला में 1.56 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 4.69 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.56 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि दैनिक जागरण समाचार पत्र में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। दिसम्बर माह में दैनिक जागरण में 4.69 प्रतिशत और अमर उजाला में 1.56 प्रतिशत समाचार स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। जनवरी माह में दैनिक जागरण में 3.13 प्रतिशत, अमर उजाला में 3.91 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 0.78 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.13 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। फरवरी माह में दैनिक जागरण में 0.78 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि उमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। मार्च माह में दैनिक जागरण में 2.34 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.78 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.13 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि हिन्दुस्तान समाचार पत्र में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। अप्रैल माह में दैनिक जागरण में 2.34 प्रतिशत, अमर उजाला में 0.78 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.56 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 3.91 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। मई माह में अमर उजाला में 0.78 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 2.34 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.56 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि दैनिक जागरण में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। जून माह में दैनिक जागरण में 3.13 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.34 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि अमर उजाला और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। जुलाई माह में दैनिक जागरण में 7.03 प्रतिशत, अमर उजाला में 3.13 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 1.56 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि हिन्दुस्तान समाचार पत्र में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई। अगस्त माह में दैनिक जागरण में 4.69 प्रतिशत, अमर उजाला में 3.91 प्रतिशत, हिन्दुस्तान में 1.56 प्रतिशत और आज समाचार पत्र में 2.3 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। सितम्बर माह में दैनिक जागरण में 0.78 प्रतिशत, अमर उजाला में 5.47 प्रतिशत और हिन्दुस्तान में 2.34 प्रतिशत स्वच्छ भारत अभियान संबंधी उदासीन सामग्री प्रकाशित हुई। जबकि आज समाचार पत्र में कोई भी उदासीन सामग्री प्रकाशित नहीं हुई।

निष्कर्ष-

- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक दैनिक जागरण समाचार पत्र ने 887 (33.36 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 673 (25.31 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अमर उजाला समाचार पत्र ने 623 (23.43 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 476 (17.9) और सामग्री प्रकाशित की।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक समाचार दैनिक जागरण ने 328 (31.66 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 273 (26.36 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अमर उजाला ने 252 (24.32 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 183 (17.66 प्रतिशत) प्रकाशित किए।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक विज्ञापन दैनिक जागरण ने 94 (26.7 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 91 (25.85 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अमर उजाला ने 86 (24.43 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 81 (23.1 प्रतिशत) प्रकाशित किए।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक संपादकीय आज समाचार पत्र ने 7 (31.82 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर अमर उजाला समाचार पत्र ने 6 (27.27 प्रतिशत), तीसरे स्थान हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 5 (27.73 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर दैनिक जागरण समाचार पत्र ने 4 (18.18 प्रतिशत) प्रकाशित किए।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक लेख आज समाचार पत्र ने 20 (43.48 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर दैनिक जागरण ने 14 (30.43 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अमर उजाला ने 9 (19.57 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 3

(6.52 प्रतिशत) प्रकाशित किए।

- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक सकारात्मक सामग्री दैनिक जागरण समाचार पत्र ने 712 (35.11 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 507 (25 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर अमर उजाला ने 435 (21.45 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 374 (18.44 प्रतिशत) प्रकाशित की।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक नकारात्मक सामग्री अमर उजाला समाचार पत्र ने 150 (29.82 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 138 (27.44 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर दैनिक जागरण ने 134 (26.64 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 81 (16.1 प्रतिशत) प्रकाशित की।
- स्वच्छ भारत अभियान संबंधी सबसे अधिक उदासीन सामग्री दैनिक जागरण ने 41 (32.03 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर अमर उजाला ने 38 (29.69 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर आज समाचार पत्र ने 28 (21.88 प्रतिशत) और चौथे स्थान पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने 21 (16.41 प्रतिशत) प्रकाशित की।

सन्दर्भ-

1. Shriram, K. (2013). Role and Impact of IEC Campaign on Rural Sanitation in AP. (Ph.D. Study), Department of Communication & Journalism, University College of Arts & Social Sciences, Osmania University, Hyderabad
2. Darm, B. A. (2014). Swachh Bharat Mission for India's Sanitation Problem: Need of the Hour. Unique Journal of Medical and Dental Sciences, Vol- 02(04) P. 58-60. Retrived from- www.ujconline.net
3. Khan, M.E. & Kumar,S. (2016). International Journal of Advanced Education and Research (2016). Vol. 1, Issue 8 P.55-61.
4. Deshmukh, S. (2016). Impact of Swachh Bharat Abhiyan with special reference to Aurangabad region. International Research Journal of Commerce Arts and Science, Volume 7, Issue 6. http://www.casirj.com
5. दैनिक जागरण समाचार पत्र, वाराणसी।
6. अमर उजाला समाचार पत्र, वाराणसी ।
7. हिन्दुस्तान समाचार पत्र, वाराणसी।
8. आज समाचार पत्र, वाराणसी।

****

लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका,

-नितिन भगौरिया

अतिथि व्याख्याता, कर्मवीर विद्यापीठ (एम.सी.यू)

सार

21वीं सदी में सोशल मीडिया ने संचार के क्षेत्र में एक क्रांति ला दी है। शुरुआत में सोशल मीडिया का उपयोग सिर्फ संचार के माध्यम के रूप में मनोरंजन के लिए किया जाता था। परन्तु वर्तमान समय में सोशल मीडिया संचार का एक प्रमुख माध्यम बन गया है, क्या बच्चें, क्या नौजवान और क्या बुजुर्ग सब पर सोशल मीडिया का नशा सर चढ़ कर बोल रहा है। ऐसे में राजनीतिक दल भी अपने चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग प्रचुर मात्रा में कर रहें हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता तक सीधे तौर पर जुड़ सकते हैं वो भी बिना किसी द्वारपाल के। इस शोध पत्र में लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता एवं प्रभाव का अध्ययन किया गया है तथा साथ में ये भी जानने का प्रयास किया गया है कि सोशल मीडिया मतदान व्यवहार को परिवर्तित करने में सक्षम है या नहीं।

की वर्ड - बीजेपी, कांग्रेस, सोशल मीडिया।

साहित्य समीक्षा-

1. रॉबिन एफिंगः जोस वैन हिल्सबर्ग और थियो हुइबर्स ने "सोशल मीडिया एण्ड पॉलिटिकलः आर फेसबुक, ट्विटर एण्ड यूट्यूब डेमोक्रेटीजिंग आवर पॉलिटिकल सिस्टम्स" (2011) शीर्षक के अन्तर्गत शोध किया। शोध का उद्देश्य नीदरलैंड के 2010 और 2011 के चुनाव परिणाम में सोशल मीडिया और भागीदारी के संबंध में एक साहित्य समीक्षा के परिणाम को प्रस्तुत करना है। शोध में पाया गया कि सोशल मीडिया ने स्थानीय चुनावों (2010/2011) के दौरान मतदान के व्यवहार को महत्वपूर्ण रुप से प्रभावित नहीं किया। लेकिन राष्ट्रीय चुनाव के दौरान, उच्च सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले राजनेताओं को सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करने वाले राजनेताओं से अधिक वोट मिले।

2. सौमन होंग और डैनियल नाडलर (2012) ने शीर्षक "कौन से उम्मीदवार चुनाव अभियान में ऑन लाइन सार्वजनिक चर्चा करते हैं"? 2012 के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग के अर्न्तगत शोध किया। इस शोध का उद्देश्य यह जानना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सार्वजनिक चर्चा करते है। यह जानने के प्रयास किया गया कि क्या सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित कर सकती है। शोध यह अनुभवजन्य साक्ष्य प्रदान कराता है। शोधकर्ता ने तथ्यों को एकत्रित करने के लिए सोशल मीडिया साइट "ट्विटर" का अध्ययन किया। अपने इस शोध में शोधकर्ता ने पाया कि चुनावी जन अभियान में सोशल मीडिया मतदाताओं पर न्यूनतम ही प्रभाव पड़ता है।

3. सेबस्टियन स्टीय अर्निम ब्लेयर हाइको लिट्ज़ और मार्कस स्ट्रोहमेयर ने "इलेक्शन कैंपेनिंग ऑन सोशल मीडियाः पॉलीटिशियन, ऑडियंस एण्ड दी मेडिएशन ऑफ पॉलिटिकल कम्युनिकेशलन ऑन फेसबुक एण्ड ट्विटर" 2013 शीर्षक के अन्तर्गत शोध किया। इस शोध का उद्देश्य 2013 में हुए जर्मन संघीय चुनाव में राजनेता चुनाव अभियान के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करते हैं। फेसबुक और ट्विटर की सहायता से उनका संचार किस हद तक प्रभावी रहा। शोध में पाया गया कि राजनेता विभिन्न उद्देश्यो के लिए सोशल मीडिया (फेसबुक और ट्विटर) उपयोग करते हैं। सोशल मीडिया पर राजनीतिक संचार राजनेता और मतदाताओं के बीच मध्यस्थता का कार्य करता है।

4. ऐंद्रिला विश्वसा निखिल इंगल और मौसमी रॉय (2014) ने शीर्षक "वोटिंग बिहेवियर पर सोशल मीडिया का प्रभाव" के अर्न्तगत शोध किया। इस शोध का उद्देश्य भारत में 16वें लोकसभा चुनाव 2014 में सोशल मीडिया के माध्यम से युवा मतदाताओं को प्रभावित करना और उनका मत हासिल करना है। शोधकर्ता द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करते हुए प्रश्नावली के माध्यम से 18 से 30 वर्ष की आयु वाले उत्तरदाताओं से आंकड़ों का संग्रह किया गया। इस अनुसंधान में शोधकर्ता का केन्द्र बिन्दु युवा वोटर या पहली बार मतदान करने वाले वोटर थे। शोध में पाया गया कि सोशल मीडिया युवा वोटर या पहली बार मतदान करने

वाले वोटरों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। सोशल मीडिया ने परम्परागत मीडिया को प्रतिस्थापित कर दिया है। लक्षित दर्शक (जनसमूह) तक पहुंचने का सोशल मीडिया सबसे अच्छा माध्यम है।

शोध के उद्देश्य-


- राजनीतिक दल स्वयं के जन अभियान के लिए न्यू मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं।
- न्यू मीडिया पर प्रकाशित/प्रसारित विषयवस्तु पर लोगों की प्रतिक्रिया सकारात्मक होती है।
- न्यू मीडिया पर प्रकाशित/प्रसारित विषयवस्तु में दृश्य-श्रव्य का प्रयोग अधिक किया जाता है।
- न्यू मीडिया का प्रयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है। न्यू मीडिया चुनाव को प्रभावित करने में सक्षम है।

शोध प्रविधि- लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता एवं प्रभाव का अध्ययन के विषय पर प्रस्तुत शोध पत्र में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता और प्रभाव का अध्ययन करने के वर्ष 2021, जुलाई माह में गूगल फॉर्म पर प्रश्नावली का निर्माण कर ऑन लाइन सर्वेक्षण किया गया। तथ्यों के संकलन के लिए शोधकर्ता ने प्रश्नावली के लिंक को अपने फेसबुक अकाउंट, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म माध्यम का उपयोग करके 15 दिनों की समय-सीमा में उत्तरदाताओं से तथ्यों का संकलन किया गया। इस समय समय-सीमा में 204 उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण में भाग लिया। प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण हेतु वर्णनात्मक शोध प्रारुप का उपयोग किया गया।

तालिका 1 उत्तरदाताओं का लिंग

क्र.	लिंग	संख्या	प्रतिशत
1	महिला	56	27.9
2	पुरुष	145	71.6
3	अन्य	01	0.5
	कुल	202	100

चित्र 1 उत्तरदाताओं का लिंग




विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें 71.6 प्रतिशत पुरुष, 27.9 प्रतिशत महिला और 0.5 प्रतिशत अन्य लिंग के उत्तरदाता हैं।

तालिका 2 उत्तरदाताओं की आयु

क्र.	आयु	संख्या	प्रतिशत
1	20 से 30 वर्ष	112	55.7
2	31 से 40 वर्ष	50	24.8
3	41 से 50 वर्ष	19	9.5
4	50 वर्ष से अधिक	20	10
	कुल	201	100

चित्र 2 उत्तरदाताओं की आयु



विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से इस प्रश्न पर 201 उत्तरदाताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें सबसे अधिक 55.7 प्रतिशत 20 से 30 वर्ष की आयु के उत्तरदाता है, दूसरे स्थान पर 24.8 प्रतिशत 31 से 40 वर्ष की आयु के उत्तरदाता हैं एवं तीसरे स्थान पर 10 प्रतिशत उत्तरदाता 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं। वहीं सबसे कम केवल 9.5 प्रतिशत उत्तरदाता 41 से 50 वर्ष की आयु के हैं।

तालिका 3 उत्तरदाताओं का निवास


क्र.	निवास	संख्या	प्रतिशत
1	शहरी	134	66.3
2	ग्रामीण	41	20.3
3	अर्ध शहरी/अर्ध ग्रामीण	27	13.4
	कुल	202	100

विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से इस प्रश्न पर 202 उत्तरदाताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। आंकड़ों से स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं में सबसे अधिक 66.3 प्रतिशत शहरी हैं, दूसरे स्थान पर 20.3 प्रतिशत उत्तरदाता ग्रामीण हैं। वहीं सबसे कम केवल 13.4 प्रतिशत उत्तरदाता अर्ध शहरी/अर्ध ग्रामीण हैं।

तालिका 4 उत्तरदाताओं का धर्म

क्र.	**धर्म**	**संख्या**	**प्रतिशत**
1	हिन्दू	180	89.1
2	मुस्लिम	18	8.9
3	सिख	00	00
4	ईसाई	00	00
5	अन्य	04	02
	कुल	202	100

चित्र 3 उत्तरदाताओं का धर्म



विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें सबसे अधिक 89.1 प्रतिशत हिन्दू, दूसरे स्थान पर 8.9 प्रतिशत मुस्लिम एवं तीसरे स्थान पर 02 प्रतिशत अन्य धर्म के उत्तरदाता हैं। वहीं सिख और ईसाई धर्म का कोई भी उत्तरदाता नहीं हैं।

तालिका 5 उत्तरदाताओं की शिक्षा

क्र.	शिक्षा	संख्या	प्रतिशत
1	हाई स्कूल से कम	05	2.5
2	12वीं तक	11	5.5
3	स्नातक	66	32.7
4	परास्नातक	96	47.8
5	डिप्लोमा	08	04
6	अन्य	15	7.5

विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। प्राप्त आंकड़ों से ज्ञात होता है कि शिक्षा के आधार पर सबसे अधिक 47.8 प्रतिशत परास्नातक, दूसरे स्थान पर 32.7 प्रतिशत स्नातक एवं तीसरे स्थान पर 7.5 प्रतिशत इण्टरमीडिएट (12वीं) वहीं सबसे कम केवल 2.5 प्रतिशत डिप्लोमा प्राप्त उत्तरदाता हैं।

तालिका 6 उत्तरदाताओं की सामाजिक स्थिति

क्र.	सामाजिक स्थिति	संख्या	प्रतिशत
1	सामान्य	108	53.5
2	ओबीसी	54	25.7
3	एससी/एसटी	41	20.8
	कुल	203	100

विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से इस प्रश्न पर 203 उत्तरदाताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें सबसे अधिक 53.5 प्रतिशत सामान्य, दूसरे स्थान पर 25.7 प्रतिशत ओबीसी एवं तीसरे स्थान पर 20.8 प्रतिशत एससी/एसटी उत्तरदाता हैं।

तालिका 7 सोशल मीडिया का उपयोग

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
क्या आप सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं?	हॉं	196	96.1
	नहीं	08	3.9
	कुल	204	100

विश्लेषण- प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि 96.1 प्रतिशत उत्तरदाता सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। वहीं केवल 3.9 प्रतिशत उत्तरदाता सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करते हैं।

तालिका 8 सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग

प्रश्न	उत्तर	प्रतिशत
आप सोशल मीडिया के किस प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं?	फेसबुक	87.6
	इंस्टाग्राम	57.9
	यूट्यूब	76.7
	ट्विटर	52.5

विश्लेषण- सारणी से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि 87.6 प्रतिशत लोग फेसबुक, 57.9 प्रतिशत लोग इंस्टाग्राम, 75.7 प्रतिशत लोग यूट्यूब और 52.5 ट्विटर का उपयोग करते हैं।

तालिका 9 जन अभियान के लिए सोशल मीडिया का उपयोग

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए किस सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सबसे अधिक उपयोग किया गया?	फेसबुक	126	62.6
	इंस्टाग्राम	08	04
	यूट्यूब	13	6.5
	ट्विटर	54	26.9
	कुल	201	100

विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दी। सारणी से स्पष्ट है कि सबसे अधिक 62.6 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए फेसबुक का उपयोग किया जाता है, दूसरे स्थान पर 26.9 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए ट्विटर का उपयोग किया जाता है एवं तीसरे स्थान पर 6.5 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए यूट्यूब का उपयोग किया जाता है। वहीं सबसे कम केवल 04 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए इंस्टाग्राम का उपयोग किया जाता है।

तालिका 10 सोशल मीडिया के ग्रुपों या पेजों का अध्ययन


प्रश्न	उत्तर	प्रतिशत
आप किस प्रकार के ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं?	धार्मिक	30.2
	राजनीतिक	55.4
	मनोरंजनात्मक	45.5
	शैक्षणिक	70.3
	अन्य	23.3

विश्लेषण- प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि 30.2 प्रतिशत लोग धार्मिक पेज या ग्रुप को, 55.4 प्रतिशत लोग राजनीतिक पेज या ग्रुप को, 45.5 प्रतिशत लोग मनोरंजनात्मक पेज या ग्रुप को 70.3 प्रतिषत लोग शैक्षणिक और 23.3 प्रतिशत लोग अन्य पेज या ग्रुप को फॉलों करते हैं।

तालिका 11 राजनीतिक पोस्टों पर प्रतिक्रिया

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
आप राजनीतिक पोस्टों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं?	सहमत	90	44.8
	असहमत	53	26.4
	तटस्थ	58	28.8
	कुल	201	100

चित्र 4 राजनीतिक पोस्टों पर प्रतिक्रिया



विश्लेषण- 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दी। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि 44.8 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, 26.4 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं। वहीं 28.8 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 12 राजनीतिक पोस्टों पर मित्रों से चर्चा का अध्ययन


प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर आप अपने मित्रों के साथ चर्चा करते हैं?	सहमत	130	64.4
	असहमत	42	20.8
	तटस्थ	30	14.8
	कुल	202	100

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 64.4 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर वे अपने मित्रों के साथ चर्चा करते हैं। 20.8 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर वे अपने मित्रों के साथ चर्चा नहीं करते हैं। 20.8 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर वे अपने मित्रों के साथ चर्चा करते हैं।

तालिका 13 सोशल मीडिया पर भ्रामक (फेक न्यूज) जानकारी का अध्ययन

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक (फेक न्यूज) जानकारी दी जाती है?	सहमत	151	75.1
	असहमत	16	08
	तटस्थ	34	16.9
	कुल	201	100

चित्र 5 सोशल मीडिया पर भ्रामक (फेक न्यूज) जानकारी का अध्ययन



विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने दिया। 75.1 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी दी जाती है। 08 प्रतिशत उत्तरदाता असहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी दी जाती है। 16.9 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी दी जाती है।

तालिका 14 राजनीतिक पोस्ट को शेयर करना

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
आप राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को शेयर करते हैं?	सहमत	51	25.5
	असहमत	100	50
	तटस्थ	49	24.5
	कुल	200	100

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 200 उत्तरदाताओं ने दिया। 25.5 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को शेयर करते हैं। 50 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को शेयर नहीं करते हैं। 24.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को शेयर करते हैं।

तालिका 15 पोस्ट की विषयवस्तु के प्रभाव का अध्ययन


प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु आपको प्रभावित करती है?	सहमत	97	48
	असहमत	68	33.7
	तटस्थ	37	18.3
	कुल	202	100

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 48 प्रतिशत उत्तरदातओं को राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु प्रभावित करती है। 33.7 प्रतिशत उत्तरदातओं को राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु प्रभावित नहीं करती है। 18.3 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 16 राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
आप राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं?	सहमत	149	73.8
	असहमत	35	17.3
	तटस्थ	18	8.9
	कुल	202	100

चित्र 6 राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग




विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 73.8 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। 17.3 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करते हैं। केवल 8.9 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 17 विचारधारा के प्रभाव का अध्ययन

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
सोशल मीडिया लोगों की विचारधारा को प्रभावित करती है?	सहमत	182	90.1
	असहमत	12	5.9
	तटस्थ	08	04
	कुल	202	100

चित्र 7 विचारधारा के प्रभाव का अध्ययन




विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 90.1 प्रतिशत उत्तरदाता मानते हैं कि सोशल मीडिया लोगों की विचारधारा को प्रभावित करती है। केवल 5.9 प्रतिशत उत्तरदाता नहीं मानते हैं कि सोशल मीडिया लोगों की विचारधारा को प्रभावित करती है। वहीं केवल 04 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 18 लोगों के मतों का निर्धारण का अध्ययन

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट लोगों के मतों का निर्धारण करती है?	सहमत	131	64.9
	असहमत	45	22.3
	तटस्थ	26	12.8
	कुल	202	100

चित्र 8 लोगों के मतों का निर्धारण का अध्ययन



विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर प्रतिक्रिया दी। 64.9 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट लोगों के मतों का निर्धारण करती है। 22.3 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत नहीं हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट लोगों के मतों का निर्धारण करती है। वहीं 12.8 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 19 दृश्य-श्रव्य सामग्री की अधिकता का अध्ययन

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों में दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग अधिक किया जाता है?	सहमत	174	86.1
	असहमत	27	13.9
	कुल	201	100

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने दिया। 86.1 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों में दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग अधिक किया जाता है। केवल 13.9 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों में दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग अधिक किया जाता है।

तालिका 20 सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक उपयोग का अध्ययन


प्रश्न	**उत्तर**	**संख्या**	**प्रतिशत**
राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं?	सहमत	170	84.2
	असहमत	15	7.4
	तटस्थ	17	8.4
	कुल	202	100

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 84.2 प्रतिशत उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं। केवल 7.4 प्रतिशत उत्तरदाता नहीं मानते है कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं। वहीं 8.4 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 21 सोशल मीडिया की पोस्टों पर लोगों की प्रतिक्रिया

प्रश्न	**उत्तर**	**संख्या**	**प्रतिशत**
राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर आपकी प्रतिक्रिया कैसी होती है?	सकारात्मक	125	67.2
	नकारात्मक	61	32.8
	कुल	186	100

चित्र 9 सोशल मीडिया की पोस्टों पर लोगों की प्रतिक्रिया



विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 186 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर प्रतिक्रिया दी। 67.2 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया सकारात्मक होती है। वहीं 32.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया नकारात्मक होती है।

तालिका 22 सत्ताधारी दल द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग


प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता हैं?	सहमत	121	60.5
	असहमत	52	26
	तटस्थ	27	13.5
	कुल	200	100

विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 200 उत्तरदाताओं ने दिया। 60.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है। 26 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत नहीं हैं कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है। वहीं केवल 13.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 23 सोशल मीडिया का चुनाव पर प्रभाव

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है?	सहमत	171	86
	असहमत	17	8.5
	तटस्थ	13	5.5
	कुल	201	100

चित्र 10 सोशल मीडिया का चुनाव पर प्रभाव



विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने दिया। 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है। केवल 8.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं नहीं मानते हैं कि सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है। वहीं केवल 5.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 24 जनमत निर्माण में सोशल मीडिया का प्रभाव

प्रश्न	उत्तर	संख्या	प्रतिशत
सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है?	सहमत	172	84.7
	असहमत	16	7.9
	तटस्थ	15	7.4
	कुल	203	100

विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से इस प्रश्न पर 203 उत्तरदाताओं ने प्रतिक्रिया दी है। 84.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है न्यू सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है। केवल 7.9 प्रतिशत उत्तरदाता नहीं मानते हैं कि सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है। वहीं केवल 7.4 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

निष्कर्ष - प्रस्तुत शोध "लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता एवं प्रभाव का अध्ययन" प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त उत्तरदाताओं के आंकड़ों का विश्लेषण करने से निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए -

- उत्तरदाताओं में एक चौथाई से थोड़ी अधिक महिलायें, तीन चौथाई से थोड़े कम पुरुष और बहुत कम अन्य लिंग के हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से थोड़े अधिक 20 से 30 वर्ष, लगभम एक चौथाई 31 से 40 वर्ष और बहुत कम 41 से 50 वर्ष के एवं 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से अधिक शहरी, एक चौथाई से थोड़े कम ग्रामीण और बहुत कम अर्ध शहरी/अर्ध ग्रामीण हैं।
- उत्तरदाताओं में तीन चौथाई से अधिक हिन्दू, बहुत कम मुस्लिम और अन्य धर्म के हैं, जबकि सिख और ईसाई धर्म के कोई भी उत्तरदाता नहीं हैं।
- उत्तरदाताओं में लगभग आधे परास्नातक, एक चौथाई से अधिक स्नातक और बहुत कम अन्य, 12वीं, और हाई स्कूल से कम शिक्षा प्राप्त हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से थोड़े अधिक सामान्य वर्ग, एक चौथाई से थोड़े अधिक ओबीसी और एक चौथाई से कम एससी/एसटी हैं।
- लगभग सभी उत्तरदाता सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं।
- 87.6 प्रतिशत उत्तरदाता फेसबुक का प्रयोग करते है, 57.9 प्रतिशत उत्तरदाता इंस्टाग्राम का प्रयोग करते हैं, 76.7 प्रतिशत उत्तरदाता यूट्यूब का प्रयोग करते हैं और 52.5 प्रतिशत उत्तरदाता ट्विटर का प्रयोग करते हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए फेसबुक का उपयोग होता है, एक चौथाई से थोड़े अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान में लिए ट्विटर का उपयोग होता है, कम उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए यूट्यूब का उपयोग किया, वहीं बहुत कम उत्तरदाताओं का मानना है कि केवल राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए इंस्टाग्राम का प्रयोग होता है।
- (70.3 प्रतिशत) उत्तरदाता शैक्षणिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (55.4 प्रतिशत) उत्तरदाता राजनीतिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (45.5 प्रतिशत) उत्तरदाता मनोरंजनात्मक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (30.2 प्रतिशत) उत्तरदाता धार्मिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं वहीं 23.3 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य ग्रुपों को फॉलो करते हैं।
- आधे से थोड़े कम उत्तरदाता राजनीतिक पोस्टों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, लगभग एक चौथाई उत्तरदाता राजनीतिक दलों की पोस्टों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं वहीं एक चौथाई से थोड़े अधिक उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर अपने मित्रों के साथ चर्चा करते हैं, एक चौथाई से कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं वहीं कम उत्तर इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक (फेक न्यूज) जानकरी दी जाती है, बहुत कम

उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं, वहीं कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

- एक चौथाई उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को वे शेयर करते हैं, आधे उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं वहीं लगभग एक चौथाई उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- लगभग आधे उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु उनको प्रभावित करती हैं, एक चौथाई से अधिक उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं, वहीं कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- लगभग तीन चौथाई उत्तरदाता राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया लोगों की विचारधारा को प्रभावित करती है, वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट लोगों के मतों का निर्धारण करती है, एक चौथाई से थोड़े कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं, वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों में दृश्य -श्रव्य सामग्री का प्रयोग अधिक किया जाता है तथा बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं।
- तीन चौथाई से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- आधे से बहुत अधिक उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया होती है, एक चौथाई से अधिक उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है, लगभग एक चौथाई उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया चुनाव का प्रभावित करता है, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाता सहमत हैं कि सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

- *(555-594)*. Newbury Park, CA: Sage.
- Rogers, E.M., Hart, W. B., & Dearing, J.W. (1997). A paradigmatic history of agenda-setting research. In Iyengar, S. & Reeves, R. (Eds.) *Do the media govern? Politicians, voters, and reporters in America (225-236)*. Thousand Oak, CA: Sage.
- Shaw, D. L. & McCombs, M. (1977). *The Emergence of American Political Issues: The Agenda-Setting Function of the Press*. St. Paul: West.
- Shih, Clara,2010. The facebook Era. Dorling Kindersley India Pvt. Ltd.
- Singh, Nikita,2011. Love@ Facebook. Pustak Mahal, New delhi.
- Waldman, Joshua,2009. Searching with social media for Dummies. John wiley and Sons,New Jersey.
- Sartory, G. (1988) The Parties as Part in Louis J. Cantori and Andrew H. Ziegler, Jr. (eds.), Comparative Politics in the Post-Behavioural Era. Colorado: Lynne Rienner Publishers.
- Sartori, G. (1988) The Parties as Part in Louis J. Cantori and Andrew H. Ziegler, Jr. (eds.) Comparative Politics in the Post-Behavioural Era. Colorado: Lynne Rienner Publishers. pp. 232
- Hague, R. and Harrop, M. (1982) Comparative Government: An Introduction. London: Macmillan. pp. 100

****

आश्वलयानगृह्य सूत्र में विवाह के प्रकार एवं विधि

- सौरभ
शोधार्थी, पीएच.डी.
संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-10007

विवाह शब्द 'वि' उपसर्गपूर्वक वह् धतु से घञ प्रत्यय लग. ने पर निष्पन्न होता है जिसका तात्पर्य है 'विशिष्टं वहनम्' अर्थात् एक शास्त्रीय परम्परा जिसके द्वारा स्त्री एवं पुरुष परस्पर दाम्पत्यसूत्रा में आबद्ध होते हैं। फलस्वरूप पुरुष को सम्पूर्ण जीवन तक स्त्री का और स्त्री को पुरुष का विशेष रूप से वहन करना पड़ता है। विवाह दो हृदयों का एकीकरण तथा द्वैत को मिटाकर अद्वैत की ओर अभिगमन है। विवाह का जीवन में अत्यध्कि महत्त्व है। यह किसी न किसी रूप में वैदिककाल में भी होता था। इस संस्कार के विषय में गृहयसूत्रों में मतैक्य नहीं है।

विवाह के भेद – धर्मसूत्र में विवाह के अनेक भेदों का जैसा उल्लेख है वैसा गृह्यसूत्रों में नहीं है, परन्तु आश्वलायनगृह्य सूत्र में विवाह के आठ भेदों का उल्लेख किया गया है। साथ ही इस बात का भी निर्देश है कि किस प्रकार के विवाह से उत्पन्न सन्तान माता–पिता को कितनी पीढ़ी तक पवित्र करती है।

(i)ब्राह्म विवाह – आश्वलायन गृह्यसूत्र के अनुसार ब्राह्मविवाह में कन्या को भलीभाँति अलङकृत करके उदकपूर्वक दान दिया जाता है। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता – दोनों के कुलों को बारह पीढ़ी पूर्व तक तथा बारह पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है। मनु के अनुसार वेद पढ़े हुए सदाचारी वर को स्वयं बुलाकर उसकी पूजा कर और वस्त्राभूषण आदि से दोनों को अलङकृत कर कन्या–दान करना ब्राह्म–विवाह है।

(ii)दैव विवाह – इस विषय में आश्वलायन का कहना है कि यज्ञकर्म में प्रवृत्ता ऋत्विज् को दानस्वरूप अलङ्कारपूर्वक जो कन्या प्रदान की जाती है उसे दैव विवाह कहते हैं। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता – दोनों के कुलों को दस पीढ़ी पूर्व तथा दस पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है।

(iii)प्राजापत्य विवाह – आश्वलायन के मतानुसार प्राजापत्य विवाह वह है जिसमें 'सह धर्म चरत' ऐसा कहकर कन्या का दान दिया जाता है। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता के कुलों को आठ पीढ़ी पूर्व तथा आठ पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है।

(iv)आर्ष विवाह – आश्वलायन गृह्यसूत्रा के अनुसार कन्या के पिता को गो–मिथुन प्रदान कर जब कन्या ग्रहण की जाती है तो वह आर्षविवाह होता है तथा उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता के कुलों को सात पीढ़ी पूर्व एवं सात पीढ़ी बात तक पवित्र करती है। आर्ष विवाह के विषय में सूत्राकार के मत का यह अर्थ लेना असर्घैत ही होगा कि सूत्रकार ने कन्या के पिता को वर से रिश्वत लेने के लिए कहा है।

(v)गान्धर्व विवाह – आश्वलायनगृह्यसूत्राकार का कहना है कि परस्पर अनुरक्त होकर (अर्थात् 'त्वं मम भार्या भव, अहं तव भर्ता भवामि' ऐसा कहकर) जो कन्या ग्रहण की जाती है वह गान्धर्व विवाह होता है।

(vi)आसुर विवाह – इस विषय में आश्वलायन गृह्यसूत्र में ऐसा उल्लेख है कि कन्या के पिता को ध न द्वारा सन्तुष्ट करके जो कन्या ग्रहण की जाती है वह आसु संज्ञक विवाह होता है। इस विषय में गौतम का कहना है कि आसुर विवाह वह है जिसमें कन्या के अभिभावकों को धन देकर कन्या का ग्रहण किया जाता है।

(vii)पैशाच विवाह – आश्वलायन के मतानुसार सोयी हुई अथवा असावधन कन्या का अपहरण करके जो विवाह किया जाता है वह पैशाच संज्ञक है। मनु के अनुसार पैशाच विवाह वह है जिसमें सोई हुई मद आदि से व्यावुफल और अपने शील की रक्षा करने में प्रमादयुक्त कन्या के साथ विवाह किया जाता है।

(viii)राक्षस विवाह – आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार मारकर या शिर आदि का भेदन करके रुलाते हुए अथवा रोती हुई कन्या का अपहरण करके जो विवाह किया जाता है वह राक्षस विवाह होता है। गौतमर्धसूत्र के अनुसार भी बलपूर्वक कन्या का अपहरण कर लेने पर रा क्षस विवाह होता है।

कुलपरीक्षा – हववाह एक ऐसा संस्कार है जिसके द्वारा दो आत्माओं का शाश्वत सम्बन्ध स्थापित किया जाता है। यह सम्बन्ध कभी शिथिल न हो, इसलिए प्राचीन ऋषियों ने विवाह से पूर्व वर–कन्या के कुल एवं उनके गुण तथा दोषों का पूर्ण रूप से विवेचन किया है। आश्वलायन ने इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम वर–कन्या दोनों के कुलों के विषय में परीक्षा करने के लिए कहा है कि जो माता एवं पिता के कुलों से असमान तथा पवित्र हो अर्थात् 'सप्तपुरुषावध्यः सपिण्डा, दशपुरुषावध्यः सकुल्याः, अत् ऊर्ध्व गोत्राः' वचन के अनुसार वर एवं कन्या को सपिण्डक तथा समानगोत्रीय नहीं होना चाहिए। साथ ही साथ माता एवं पिता दोनों के कुलों के लोगों को शुभकर्मी तथा पुण्यवान् भी होना चाहिए। गौतमधर्मसूत्र में असमान प्रवर के लोगों में तथा पिता के सात पीढ़ी ऊपर और माता से पाँच पीढ़ी ऊपर की कन्या से विवाह करने के लिए कहा गया है।

कन्यापरीक्षा – प्राचीनकाल में कन्या की परीक्षा की जाती थी। इसके उपरान्त उसे विवाह के योग्य अथवा अयोग्य घोषित किया जाता था। आश्वलायन ने कन्या के दुर्विज्ञेय लक्षणों को जानने के लिए एक विशेष प्रकार के उपाय को बतलाया है कि क्षेत्र, गोश. ाला, यज्ञवेदी, तालाब, देवस्थान, चतुष्पथ (चौराहा), हरिण (ऊसर) तथा श्मशान – इन आठ स्थानों की मिट्टी से आठ पिण्डों को बनाकर ऋतमग्रे प्रथमं जज्ञ ऋते सत्यं.' मन्त्र से उनको अभिमन्त्रित करने के अनन्तर कन्या से कहे कि इनमें से एक पिण्ड को ग्रहण करो। यदि वह कन्या क्षेत्रा की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करे तो उसकी प्रजाएँ अन्नवती होंगी, गोशाले की मिट्टी से बने हुए पिण्ड को ग्रहण करे तो वह अत्यधिक पशुओं वाली होगी, वेदी की मिट्टी वाले पिण्ड को ग्रहण करे तो वह ब्रह्मवर्चसी होगी, तालाब की मिट्टी से बने हुए पिण्ड को ग्रहण करती है तो वह सर्वगुणसम्पन्न होगी, देवस्थान की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करे तो वह जुआरी होगी, चतुष्पथ की मिट्टी वाले पिण्ड को ग्रहण करती है तो संन्यासिनी होगी, हरिण की मिट्टी से बने पिण्ड को ग्रहण करे तो सन्तानरहित होगी तथा श्मशान की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करती है तो वह पतिघ्नी होगी – ऐसा जानना चाहिए।

मधुपर्क–विधि – वर का आगमन होने पर मधुपर्क के द्वारा उसका सर्वप्रथम स्वागत किया जाता है। मध ुपर्क शब्द का अर्थ 'मधुना पर्कः सम्पर्को यस्य सः' अर्थात् मधु से सम्पर्क हो जिसका वह मधुपर्क कहलाता है। इसमें प्रयुक्त होने वाले द्रव्यों की संख्या के विषय में गृह्यसूत्रों में मतैक्य नहीं है। आश्वलायन ने दधि में मधु अथवा मधु के अभाव में घृत को मिलाने के लिए कहा है।

आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार इस विषय में विवेचन किया जा रहा है – अर्चक व्यक्ति घर पर आये हुए सम्मानार्ह व्यक्ति को बैठने के लिए सर्वप्रथम कुशासन, पैरों को धोने के लिए जल, आचमन करने के लिए गन्ध पुष्पादि से सुगन्धित जल तथा मधुपर्क एवं एक गाय देता है। साथ ही साथ प्रत्येक वस्तुओं को देते समय उससे तीन बार 'विष्टरो विष्टरो विष्टरः प्रतिगृह्यताम्' ऐसा कहता है। तत्पश्चात् प्रतिगृहीता व्यक्ति 'अहं वर्ष्मोस्मि सजातानां विद्युतामिव सूर्यः.' मन्त्रा से उदगग्र रखे हुए कुशासन पर बैठता है तथा दोनों पैरों का प्रक्षालन कराता है। इस विषय में सूत्रकार ने एक विशेष बात का विधन किया है कि यदि पाप्र क्षालन करने वाला ब्राह्मण हो तो अर्घ्य व्यक्ति सर्वप्रथम दाहिने पैर को तथा शूद्र हो तो बायें पैर को प्रक्षालन करता है। तदनन्तर वह अर्घ्य (जल) को अञजलि से ग्रहण कर आचमन करने योग्य जल द्वारा 'अमृतोपस्तरणमसि.' मन्त्रा से आचमन करता है तथा मध ुपर्क देने वाले अर्घ्यदाता को 'मित्रस्य त्वा चक्षुषा प्रतीक्ष.' मन्त्रा से देखता है। तत्पश्चात् 'देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे.' मन्त्रा से मधुपर्क को अञजलि से ग्रहण कर उसको बायें हाथ पर रखकर 'मधुवाता ऋतायत.' ऋचात्मक मन्त्र से उसको देखकर दाहिने हाथ की अनामिका तथा अङ्गुष्ठा दोनो अङ्गुलियों से उसका तीन पर प्रदक्षिण क्रम से आलोडन करता है। तदनन्तर उसके कुछ अंश को 'वसवस्त्वा गायत्रोण छन्दसा भक्षयन्ति', 'रुद्रास्त्वा त्रैष्टुभेन छन्दसा.', 'आदित्यास्त्वा जागतेन छन्दसा.' तथा 'विश्वे त्वा देवा अनुष्टुभेन छन्दसा.' इन चार मन्त्रों से क्रमशः पूर्व, दक्षिण, पश्चिम एवं उत्तर दिशाओं में तीन–तीन बार छिड़ककर 'भूतेभ्यस्त्वा.' मन्त्रा से उसके मध्य से थोड़ा सा मधुपर्क किालकर उफपर की ओर तीन बार छिड़कता है। तत्पश्चात् 'विराजो देहोऽसि.' 'विराजो दोहमशीय.' तथा 'मयि दोहः पद्यायै विराज.' इस तीन मन्त्रों से मधुपर्क का क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बार प्राशन करता है। तदनन्तर सूत्राकार ने इस बात का निर्देश दिया है कि सम्पूर्ण मधुपर्क का तृप्तिपूर्वक भक्षण नहीं करना चाहिए। तत्पश्चात् अर्घ्य व्यक्ति अवशिष्ट को उत्तराभिमुख बैठो हुए ब्राह्मण को दे देता है। ब्राह्मणाभाव होने पर उसे जल में डाल देता है तथा अन्त में पूर्व गृहीत आच–मन करने योग्य जल के द्वारा 'अमृतापिध ानमसि.' मन्त्र से प्रथम बार एवं 'सत्यं यशः श्रीर्मयि श्रीः श्रयताम्.' मन्त्र से द्वितीय बार आचमन करता है। इसके उपरान्त अर्घ्य व्यक्ति के सम्मान में अर्घ्यदाता गौ को निवेदित करता है। अर्घ्य व्यक्ति 'हतो मे पाप्मा पाप्मा मे हत.' मन्त्रा का जप करके यदि गौ को मारने की इच्छा हो तो ' ॐ कुरुत' तथा यदि गाय का उत्सर्जन करना हो तो 'माता रुद्राणां दुहिता वसूनाम्.' मन्त्र का जप करके ' ॐउत्सृजेत्' ऐसा कहता है।

अग्निस्थापन तथा परिस्तरणविधि – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार जिस किसी भी स्थान पर होम करना हो वहाँ एक हाथ लम्बा एवं एक हाथ चौड़ा स्थण्डिल (स्थान) को चारों ओर से गोबर से लिप्त करके उसके उफपर समिध् के द्वारा छः रेखाओं को खींचना चाहिए। रेखाओं के विषय में सूत्राकार का कहना है कि स्थण्डिल के पश्चिम ओर से उदगग्र एक रेखा को खींचकर उसके दोनों किनारों को स्पर्श न करती हुई पूर्वाग्र दो रेखाओं को खींचने के पश्चात् उनके मध्य में दक्षिण ओर से पूर्वाग्र ही परस्पर अस्पर्शित तीन रेखाओं को खींचना चाहिए। तदनन्तर उनको जल से प्रोक्षित करके अग्नि को स्थापित करना चाहिए तथा 'मैं अमुक देवता के उद्देश्य से अमुक द्रव्य की, अमुक संख्या में आहुतियों को प्रदान करूँगा – ऐसा सङ्कल्प करके स्थण्डिल के चारों ओर प्रदक्षिण क्रम से तीन बार जल से परिसमूहन कर उसके चारों ओर उदगग्र तथा पूर्वाग्र वुफशों को बिछाना चाहिए। इसके उपरान्त अमन्त्रक ही

उनके ऊपर जल छिड़कना चाहिए।

आज्योत्पवन – आश्वलायन ने वुफश के दो पवित्रों द्वारा आज्य का उत्पवन (शुद्धिकरण) करने के लिए कहा है। इस विषय में सूत्रकार का कहना है कि जिनके अग्रभाग टूटे हुए न हों तथा जिनके गर्भ में अन्य कुश न हों ऐसे प्रादेशमात्रपरक दो कुशों (पवित्रों) को दोनों हाथों के अङ्गुष्ठ एवं अनामिका अङ्गुलियों से कुछ अन्तर के साथ पकड़कर उनके द्वारा 'सवितुष्ट्वा प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण.' मन्त्रा से आज्य का आश्वलायन ने ध्न्वन्तरियज्ञ तथा शूलेगव कर्म को छोड़कर अन्य कर्मों में ब्रह्मा का स्थ. ापन वैकल्पिक माना है।

होम – होम के विषय में सूत्रकारों में मतैक्य नहीं है। आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार विवाह में पाणिग्रहण से पूर्व अग्नि में आज्य की आघार तथा आज्यभागसंज्ञक आहुतियों को देने के अनन्तर 'अग्न आयूंषि पवस.')चात्मक मन्त्रा से अथवा व्याहृतिमन्त्राों (ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः) से तीन आहुतियाँ देनी चाहिए। इसके उपरान्त 'त्वमर्यमा भवसि यत्कनीनाम्.' मन्त्र से एक आहुति देकर 'प्रजापते न त्वदेतान्यन्य.' मन्त्र से एक आहुति देना चाहिए। कतिपय आचार्यों के मतानुसार ऋक मन्त्रों एवे व्यावहृति मन्त्रों को मिलाकर आठ आहुतियाँ देना चाहिए। आश्वलायन ने इस प्रसङ में आघार तथा आज्यभाग संज्ञक आहुतियों का उल्लेख नहीं किया है और न इस विषय में किसी मन्त्रा का ही निर्देश दिया है , परन्तु आश्वलायनाचारी ऋग्वेदियों के यहाँ सभी संस्कारों के आरम्भ में इन आहुतियों को देने की परम्परा है तथा पार्वण–स्थालीपाक के प्रसङ्गें में सूत्रकार ने इन आहुतियों का उल्लेख किया है।

उदकुम्भस्थापन – आश्वलायनगृह्यसूत्र में अग्नि–वेदी के पश्चिम ओर पाषाण खण्ड को स्थापित करके उसके पूर्वोत्तर दिशा में उदकुम्भस्थापन का निर्देश है ,परन्तु इस विषय में किसी मन्त्र का उल्लेख नहीं है।

पाणिग्रहण – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार पूर्वाभिमुख वर, वधू के अन्वारब्ध होने पर स्थण्डिल पर स्थापित अग्नि में आज्यागान्त कर्म करके प्रधान आहुतियों को देता है तदनन्तर पूर्वाभिमुख आसीन कन्या के अभिमुख खड़ा होकर उसके हाथ को अपने दाहिने हाथ से 'गृभ्णामि ते सौभगत्वाय.' मन्त्र से पकड़ता है।

इस विषय में आश्वलायन गृह्यसूत्राकार ने एक विशेष बात का विधन किया है कि यदि वर को पुत्रा की कामना हो तो अङ्गुष्ठ सहित, पुत्री की कामना हे तो अङ्गुलियों सहित अथवा दोनों प्रकार की कामना हो तो साङ्गुष्ठ अङ्गुलियों सहित कन्या के हाथ को पकड़ना चाहिए।

लाजाहोम – आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार कन्या का भाई अथवा भ्रातृस्थानी अन्य कोई (ममेरा, चचेरा भाई आदि) व्यक्ति कन्या की बँधी हुई अञ्जलि को पैफलाकर उसमें दो बार लाजाओं को डालता है। आश्वलायन ने इसी प्रसङ में आचार्यों के मतों का भी उल्लेख किया है। जमदग्नि ऋषि के मतानुसार लाजाओं को घृत से स्निग्ध करके अवदान धर्मपूर्वक तीन बार कन्या की अञ्जलि को पकड़कर 'अर्यमणं नु देवं कन्या.', 'वरुणं नु देवं कन्या.' तथा 'पूषणं नु देवं कन्या.' मन्त्रों से क्रमशः अग्नि में तीन बार आहुति देता है। आश्वलायनगृह्यसूत्रा में गृहप्रवेशनीय–होम तथा त्रिरात्र आदि व्रत के पश्चात् वधू पूर्वधरित वस्त्र को सूर्या मन्त्र को जानने वाले विद्वान् ब्राह्मण को दे देने के लिए कहा गया है।

लाजाहोम की प्रत्येक आहुति के पश्चात् वर–सधू द्वारा अग्नि–परिक्रमा तथा वधू द्वारा अश्मारोहण होता है।

अग्निपरिक्रमा – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार वर एवं वधू 'अमोहमस्मि सा त्वमस्य मोहं.' मन्त्र से अग्निवेदी तथा उदकुम्भ की प्रदक्षिण क्रम से तीन बार परिक्रमा करते हैं।

अश्मारोहण – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार अग्निपरिणयन के पश्चात् वर अग्नि वेदी के पश्चिम ओर र खे हुए दृषद् (सिल) पाषाण के ऊपर 'इममश्मानमा–रोहाश्मेव त्वं स्थिर भव.' मन्त्रा से वधू को आरूढ़ करता है। अश्मारोहरण का उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि वधु अश्मा के सदृश दृढ़ विचार–वाली हो तथा वर–वधू के बीच में स्थिर प्रेम का अभ्युदय हो। आपस्तम्ब तथा पारस्करगृह्यसूत्राों में भी अश्मा–रोहण के विषय में इसी प्रकार का उल्लो है।

सप्तपदी – इस प्रसर्घें में आश्वलायन ने उफन के टुकड़े से बँधे हुई कन्या के दाहिने तथा बायें दोनों ओर की शि खाओं को देशकर्मानुसार व्रफमशः 'प्र त्वा मुञ्चामि वरुणस्य. ' तथा 'प्रेतो मुञ्चामि.' दो मन्त्राों से खोलने के लिए कहा है ;कहने का तात्पर्य यह है कि यदि उस देश या स्थान की ऐसी परम्परा हो तभी ऐसा करना चाहिएद्ध। सप्तपदी का तात्पर्य है, अग्निवेदी के उत्तर की ओर सात पद–प्रयाण। यह प्रमाण सात मन्त्रों द्वारा होता है। आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार वर अग्निवेदी के पूर्वोत्तर दिशा में कन्या को सात पद चलाता है तथा 'इष एकपद्यूर्जे द्विपदी रायस्पोषाय.' इन सातों मन्त्रों का क्रमशः उच्चारण करता है।

वर–वधू का अभिषिञ्चन –सप्तपदी के अनन्तर वर–वधू का परस्पर शिर–सन्निधन करके आचार्य के द्वारा अग्नि के ईशानकोण में स्थापित कलश के जल से दोनों का अभिषिञ्चन किया जाता है ऐसा आश्वलायनगृह्यसूत्र में विध ान है।

ध्रुव–अरुन्धती एवं सप्तऋषिमण्डल का दर्शन – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार स्विष्टवृफतादि होम करने के अनन्तर वर–वधू को रात्रि में ध्रुव, अरुन्धती तथा सप्त ऋषिमण्डल का दर्शन कराकर 'जीवपत्नीं प्रजां विन्देय.' मन्त्र से उसका वाग्–विसर्जन कराता है।

गृहप्रवेशनीय होम – यह होम विवाह के पश्चात् वर के गृह में वधू के प्रवेश के पूर्व होता है। आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार संस्कृत स्थान पर विवाहाग्नि को विधिपूर्वक स्थापित करके उसके पश्चिम की ओर बिछे हुए प्राग्ग्रीव तथा पीछे की ओर पृष्ठ भाग है जिसका ऐसे वृषभ के चर्म

पर वधू के बैठ जाने पर उससे अन्वारब्ध होकर वर अग्नि में आज्यभागान्त कर्म करके 'आ नः प्रजां जनयतु प्रजापतिः.' चतुर्ऋचात्मक मन्त्रा से घृत की चार बार आहुति देता है। तत्पश्चात् 'समञजन्तु विश्वेदेवाः.' से स्वयं दधि का प्राशन करके शेष दधि को वधू को प्राशनार्थ दे देता है (वधू मौन होकर उस दधि का प्रशन करती है) अथवा पूर्वोक्त 'समञजन्तु विश्वेदेवाः.' मन्त्र से हुतशेष घृत को अपने तथा वधू के हृदय पर लगाता है तथा अन्त में स्विष्ट वृफताति कर्म करके शेष कर्म का समापन करता है।

संदर्भ

1.आ.गृ.सू. 1/6/1
2.म.स्मृ. 3/27
3.आ.गृ.सू. 1/6/1
4.आ.गृ.सू. 1/6/1
5.आ.गृ.सू. 1/6/1
6-आ.गृ.सू. 1/6/1
7.आ.गृ.सू. 1/6/1
8.गौ.ध.सू. 1/4/9
9.आ.गृ.सू. 1/6/1
10.म.स्मृ. 3/34
11.आ.गृ.सू. 1/6/1
12.गौ.ध.सू. 14/10
13-आ.गृ.सू. 1/5/1
14.गौ.ध.सू. 1/4/2–3
15-आ.गृ.सू. 1/24/4–6
16.आ.गृ.सू. 1/24/7
17.आ.गृ.सू. 1/24/8
18-आ.गृ.सू. 1/24/9–10
19.आ.गृ.सू. 1/24/11 पर नारायणवृत्ति
20 आ.गृ.सू. 1/24/11–13
21 आ.गृ.सू. 1/24/14–15
22 आ.गृ.सू. 1/24/16
23 आ.गृ.सू. 1/24/17–18–22
24 आ.गृ.सू. 1/24/23–25
25 अग्नि को स्थापित करने के अनन्तर उसके चारों ओर भूमि का स्पर्श करते हुए प्रदक्षिण व्रफम से जलयुक्त दाहिने हाथ को तीन बार घुमाया जाता है। इस व्रिफया को परिसमूहन कहते हैं।
26 आ.गृ.सू. 1/3/1
27 आ.गृ.सू. 1/3/2
28 आ.गृ.सू. 1/3/3
29 आ.गृ.सू. 1/3/6
30 आ.गृ.सू. 1/3/3–4
31 आ.गृ.सू. 1/7/3
32 आ.गृ.सू. 1/7/3
33 आ.गृ.सू. 1/7/3–4
34 आ.गृ.सू. 1/10/13
35 आ.गृ.सू. 1/7/8
36 आ.गृ.सू. 1/7/9–13
37 आ.गृ.सू. 1/9/23
38 आ.गृ.सू. 1/7/6
39 आ.गृ.सू. 1/7/7
40 आ.गृ.सू. 1/5/2
41 आ.गृ.सू. 1/7/16–18
42 आ.गृ.सू. 1/7/19
43 आ.गृ.सू. 1/7/20
44 आ.गृ.सू. 1/7/22
45 आ.गृ.सू. 1/8/9

****

भवभूति की दृष्टि में राम

-डॉ.सर्वेन्द्र कुमार
सहायकाचार्य
संस्कृत विभाग,
देशबंधु महाविदयालय, दिल्ली

शोध सारांश

कविकुल–कमल–विभाकर, कविता–वनिता वरेण्य महाकवि भवभूति संस्कृत साहित्यरूपी जगत् की विलक्षण विभूति हैं, जिन्होंने अपनी नयी–नयी कल्पनाओं से काव्य रूपी संसार को पुष्पित एवं पल्लवित किया है। भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी शिष्ट आचरण करते हुए अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का सम्यक् निर्वहण करते हुए चित्रित किया है। भवभूति के राम राजभोग की भावनाओं से राजसिंहासन अंगीकार नहीं करते, अपितु धर्म के अधीन रहकर कर्तव्यपालन के लिए राजसिंहासन को स्वीकार करते हैं। जिसके प्रमाण स्वरूप भवभूति ने नाटक के प्रारम्भ में ही 'धर्मासन' शब्द का प्रयोग करके उनके आदर्श जीवन को परिभाषित कर दिया है। यहाँ से बालि वध के पश्चात् राम की जो नकारात्मक छवि बन गयी थी उसको भवभूति ने बड़ी ही रमणीयता से दूर कर चरित को श्री सम्पन्न कर दिया है। राम का जीवन उच्च आचरण से आदर्श पुरुष के रूप में देदीप्यमान है। भवभूति ने राम के जिस गुण को सबसे अधिक सराहा है वह है उनका प्रजानुरंजन। राम का प्रजानुरंजन रूप अद्वितीय है। प्रजापालन के लिए राम किसी भी रूप में तत्पर रहते हैं। सामान्यतः देखा जाए तो सीता का परित्याग बहुसंख्यक जनता की राय नहीं है, अपितु एक अल्पमत मात्र है जिसकी अवहेलना सरलता से की जा सकती थी किन्तु राम ने ऐसा नहीं किया क्योंकि ''इक्ष्वाकुवंशोऽभिमतः प्र. जानाम्''।।

शोध–आलेख

कविवर भवभूति संस्कृत साहित्य जगत् की विलक्षण विभूति हैं। संस्कृत कवि–परम्परा में उनका विशिष्ट स्थान है, उन्होंने अपनी नवीन कल्पनाओं से काव्य संसार को परिपुष्ट किया है। उनकी कविता–वनिता कला एवं भाव दोनों पक्षों से समलंकृत है। भवभूति के नाटकत्रय में भावों की अभिव्यंजना का सुन्दर समन्वय हुआ है, उनकी इन कृतियों में भारतीय संस्कृति के प्राणतत्त्व सुरक्षित हैं। भवभूति स्वभाव से ही गम्भीर प्रकृति के कवि हैं। अपनी गम्भीर प्रवृत्ति के अनुरूप ही उन्होंने अपने पात्रों की सृष्टि की है, क्योंकि ये पात्र ही कवि एवं काव्यों के उद्देश्यों के संवाहक होते हैं। पात्रों के उदात्त चरित्र–चित्रण से ही कवि मानवीय चेतनाओं का सूक्ष्मतम विश्लेषण कर पाता है। भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी अविचल शिष्ट आचरण करते हुए चित्रित किया है। वे धर्मतः जीवन यापन करते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का सम्यक् निर्वहण करते हैं। वे भोग की भावनाओं से राज सिंहासन अंगीकार नहीं करते अपितु धर्म के अधीन रहकर कर्त्तव्यपालन के लिए इसको स्वीकार करते हैं।

"उत्तररामचरितम्'' के प्रथम अंक में राम जब राजसभा को विसर्जित करके निवास–गृह में सीता से मिलने के लिए जाते हैं तो वहाँ कहा गया है –

धर्मासनात् विशति वासगृहं नरेन्द्रः

अर्थात् रामधर्म के आसन से उठकर निवासगृह में गए। यहाँ भवभूति ने 'राजसिंहासन' या 'सिंहासन' पद का प्रयोग न करके धर्मासन पद का प्रयोग किया है। क्योंकि सम्पूर्ण जीवन में धर्म के अनुसार चलते हुए वे नैतिकता की कसौटी पर खरा उतरे हैं। इसलिए भवभूति ने नाटक के प्रारम्भ में ही 'धर्मासन' पद का प्रयोग करके उनके आदर्श जीवन को परिभाषित कर दिया है। महावीरचरितम् में भी राम की मर्यादा हमें चमत्कृत करती है। इस नाटक में भवभूति ने राम और बालि का प्रत्यक्ष युद्ध दिखलाया है, क्योंकि वाल्मीकीय रामायण में बालि राम का शत्रु नहीं है, अपितु सुग्रीव से सखा भाव होने के कारण राम छिपकर उसका वध करते हैं। किन्तु 'महावीरचरितम्' में भवभूति ने बालि को रावण के सहायक के रूप में चित्रित किया है जो रावण से प्रेरित होकर राम से युद्ध करने के लिए जाता है तथा प्रत्यक्ष युद्ध में राम के द्वारा वीरगति को प्राप्त होता है।

वाल्मीकीय रामायण में बालि वध करने के कारण राम की जो नकारात्मक छवि थी उसको भवभूति ने बड़ी रमणीयता से दूर किया है तथा राम–चरित को श्री सम्पन्न कर दिया है।

भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी अविचल शिष्ट आचरण करते हुए चित्रित किया है। वे धर्मतः जीवन यापन करते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हैं।

भवभूति ने अपनी कृतियों में राम को एक उत्कृष्ट कोटि के धीरोदात्त नायक के रूप में प्रतिष्ठित किया है। धीरोदात्त नायक का लक्षण दशरूपककार ने इस प्रकार किया है –

महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।
स्थिरो निगूढ़ाहंकारो धीरोदात्तो दृढव्रतः।।
(दशरूपक)

धीरोदात्त नायक के लक्षण के सभी गुण भवभूति के राम में स्पष्टतः चरितार्थ होते हुये दिखाई भी देते हैं। भवभूति की सर्वोत्कृष्ट कृति 'उत्तररामचरितम्' के नायक युग–दृष्टा, युग–सृष्टा, रघुवंश केतु श्रीराम हैं। भवभूति के नाट्यरूपी दर्पण में राम आदर्श लोकानुरंजन स्वामी, आदर्श पति और आदर्श भ्राता के रूप में स्पष्ट प्रतिबिम्बित होते हैं। राम का जीवन उच्च आचरण से अनुकरणीय आदर्श पुरुष के रूप में देदीप्यमान है। वे युद्ध में भी मर्यादा का ध्यान रखते हैं। परशुराम जब युद्ध में राम से पराजित हो जाते हैं तो भी अन्त में राम उनसे अविनय व्यवहार के लिए क्षमा याचना करते हैं। वे अत्यन्त विनम्र एवं साधु स्वभाव के हैं। 'उत्तररामचरितम्' के 'चित्रदर्शन' प्रकरण में उनकी विनम्रता तब पराकाष्ठा पर पहुँच जाती है जब वे परशुराम के प्रति किए गए अपने शौर्य को इस बहाने से नहीं दिखलाना चाहते कि – "अरे अभी और बहुत कुछ देखने योग्य है, दूसरी ओर दि खाओ।"

इसी प्रकार जब लक्ष्मण मन्थरा के चित्र को दि खलाते हैं तब वे माता कैकेयी के वृत्तान्त को टालने के लिए शीघ्र ही श्रृंगवेरपुर में निषादपति के साथ समागम करने में लग जाते हैं। यहाँ राम का यह गुण दृष्टिगोचर हो रहा है कि वे दूसरों की प्रशंसा तो करते हैं, किन्तु अपनी प्रशंसा उन्हें अधिक अच्छी नहीं लगती।

भवभूति राम के जिस गुण को सर्वाधिक प्रकाश में लाये हैं वह है उनका प्रजानुरंजन में गहरी आस्था का होना। राम का प्रजानुरंजक रूप अनुपम है। वे प्रजा के हित–चिन्तन को परम कर्त्तव्य मानते हैं। प्रजापालन के लिए किसी भी रूप में तत्पर रहते हैं, क्योंकि इक्ष्वाकुवंश की यह मर्यादा है। वे कहते हैं–

सत्तांकेनापिकार्येणलोकस्याराधनंव्रतम्।
यत्पूरितंहितातेनमां च प्राणांश्चमुंचता।।

सीता का परित्याग बहुसंख्यक जनता की राय नहीं है, अपितु एक अल्पमत मात्र है, उसकी सरलता से उपेक्षा की जा सकती थी परन्तु राम ऐसा सोच भी नहीं सकते क्योंकि इक्ष्वाकुवंश प्रजा को अभीष्ट है–**इवाकुवंशोऽभिमतः प्रजानाम्** तथा गुरु वशिष्ठ का भी यही आदेश है – **युक्तः प्रजानामनुरंजने स्या**ःअर्थात् प्रजा की भलाई के लिए तत्पर रहो। अतः प्रजानुरंजन ही राम के लिए सर्वोपरि है। वे कहते हैं –

स्नेहंदयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुंचतो नास्ति मे व्यथा।।

यहाँ यह विचारणीय है कि राम जानकी के सच्चरित्र एवं पवित्रता से परिचित न हों। ऐसी बात नहीं है, क्योंकि सीता के विषय में वह स्वयं कहते हैं कि – "जन्म से पवित्र सीता को शुद्धि के लिए तीर्थ–जल और अग्नि जैसे पवित्रताकारी पदार्थों की आवश्यकता नहीं है।''किन्तु लोकाराधना की वेदी पर अपने निज सौख्य को तिलांजलि देना राम की कर्तव्यनिष्ठता का एवं आदर्श भूपतित्व का दृष्टान्त है। यहाँ राम का चरित्र राजतन्त्र में लोकतन्त्र की भावना को उद्घाटित करता है, वे लोकभावना का सम्मान करते हुए शासन प्रबन्ध करते थे।

राम ने सीता का परित्याग तो कर दिया किन्तु जो तीव्र वेदना और प्रहार उनके हृदय पर हुआ है वह स्थान–स्थान पर प्रस्फुटित होता है। "हा देवी! देव यजनसम्भवे? हा स्वजन्मानुग्रह पवित्रत वसुधरे? हा मुनिजन नन्दिनि? हा पावक वशिष्ठरुन्धती प्रशस्तशीलशालिनि? हा रामभय जीविते? हा महारण्यवासप्रिय सखि? हा तातप्रिय? हा स्नोकवादिनि? कथमेव विधायास्तवार्यमीदृशः परिणामः?

त्वया जगन्ति, पुण्यानि त्वय्यपुण्या जनोक्तयः।
नाथवन्तस्त्वया लोकास्त्वमनाथा विपत्स्यसे।।

राम का हृदय जानकी के प्रति बड़ा उदार एवं आदर की भावनाओं से तरंगित हो रहा था। परन्तु वह सीता के त्याग की कल्पना से ही काँप उठता था। वे सीता की पवित्रता की घोषणा करते हुए कहते हैं कि तुम बिना संसार ही अपवित्र है और तुमको प्राप्त करके भी संसार धन्य है, परन्तु तुम ही अनाथ होकर कैसे आपत्तियाँ सहन करोगे। वह स्वयं राम तुम्हारे परित्याग करने मात्र को ही सोचने से महत दुःखी हो रहा हूँ। परन्तु ऐसे ही श्रीराम ने जब सीता का परित्याग करके, पञ्चवटी में सीता से सम्बन्धित स्थानों को देखकर जो विलाप किया है। उस कारुण्य धारा में पथिक भी अपने मन को द्रवित पाता है। यही नहीं अपितु उस राम के कारुण्य का श्रवण करके तो प्रस्तर खण्ड भी रो पड़ते हैं। राम के दाम्पत्य जीवन का आदर्श प्रस्तुत करते हुए कहा है कि इतना आदर्शमय दाम्पत्य प्रणय बड़े ही सौभाग्य से मिलता है, जो प्रणय सुख–दुःख की सभी अवस्थाओं में एक–सा रहता है और किसी विशिष्ट अवस्था में परिवर्तित नहीं होता। सदा चित्त को अपूर्व सु ख और शक्ति का प्रदायक होता है। यथा –

अद्वैतसुखदुःखयोरनुगतं सर्वास्ववस्थासु यत्,
विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः।
कालेनावरणात्ययात्परिणते यत्प्रेमसारे स्थितं,
भद्रंतस्य सुभानुषस्य कथमप्येकं हि तत्प्रार्थ्यते।।

श्रीराम का दाम्पत्य प्रेम अत्यन्त पावन एवं आदर्शमय है। वे सीता के विरहोत्पन्न दुःख से अत्यन्त कृशकाय, मलिन छवि वाले हो जाते हैं कि राम को पह. चानना कि ये राम हैं कठिन हो गया है। प्रजानुरञ्जक, सीता के विरह में क्षीण कलेवर श्रीराम दुखार्त्त होकर कहते हैं कि हे देवि! सीता के विरह में मेरा हृदय खण्ड–खण्ड हो रहा है और इस समय संसार शून्य सा प्रतीत हो रहा है। अजस्र वियोगाग्नि की ज्वाला से अन्तः करण जल रहा है; विरह से व्याप्त हृदय अन्धकार में डूब रहा है और मुझे बार–बार मूर्छा आ रही है। मैं अभागा अब क्या करूँ?

"हा हा देवि! स्फुरति हृदयं ध्वंसते देहबन्धः,

शून्ये मन्ये जगदविरज्वालमन्तर्ज्वलामि।
सीदन्नधे तमसि विधुरोमज्जतीवा तरात्मा,
विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि?।।

अतः स्पष्ट है कि जनकसुता के प्रति राम का प्रगाढ़ प्रणय था। राम एक पत्नी व्रतधारी हैं। जब अश्वमेध यज्ञ किया, तो अपरा स्त्री को पत्नी के रूप में स्वीकार न करके, स्वर्णमयी प्रतिमा ही अपने वाम अंग रखते हैं। यही एक पत्नीव्रत नियम के पालन का एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रजानुरञ्जक आदर्श शासक श्रीराम इक्ष्वाकु कुलोत्पन्न थे, स्ववंशपरम्परा के प्रायः सभी गुण विद्यमान थे। राम ने स्वयं इक्ष्वाकुवंश की परम्परा की रक्षा के लिए सजग रहना सूचित करते हुए कहा है – "इक्ष्वाकूणां कुलध ानमिदं यत्समराधनीयः कृत्स्नो लोकः।"

राम स्वभाव से अत्यन्त गम्भीर हैं। भीतर से चाहे कितने भी क्षुब्ध हों लेकिन बाहर उसे प्रकट नहीं होने देते इसके लिए भवभूति ने पुटपाक की उपमा दी है। पुटपाक में पदार्थ जिस प्रकार अन्दर ही अन्दर खौलता रहता है उसी प्रकार राम का करुण भाव है। उनकी व्यथा यद्यपि अत्यन्त घ ानी है पर वह इतनी गूढ है कि कोई भी व्यक्ति उसे समझ नहीं पाता –

अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढ घनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुण रसः।।

शिक्षा एक सोद्देश्य प्रक्रिया है। शिक्षा से ही समाज, व्यक्ति, सभ्यता एवं संस्कृति का विकास सम्भव है। भारतीय मनीषियों के प्रत्येक युग में शिक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है। अन्तर्राष्ट्रीय विकास आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षा मनुष्य का मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार है लेकिन उच्च शिक्षा राष्ट्र के विकास व प्रगति का मुख्य आधार मानी जाती है।

प्राथमिक शिक्षा बालक को भविष्य के लिए तैयार करती है जबकि उच्च शिक्षा उसके वर्तमान से सम्बन्धित है। प्राचीन काल में छठी शताब्दी ई0पू0 में उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र तक्षशिला था, इसके बाद उच्च शिक्षा के

महत्वपूर्ण केन्द्र नालन्दा व विक्रमशिला बने। सन् 1857 में उच्चशिक्षा के विकास के क्रम में कलकत्ता विश्वविद्यालय, मद्रास विश्वविद्यालय एवं मुम्बई विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, इसके पश्चात् देश की लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण उच्च शिक्षा की व्यवस्था हेतु विभिन्न नवीन विश्वविद्यालयों की स्थापना समय–समय पर की जाती रही।

शोध समस्या कथन :- वित्तपोषित एवं स्ववि. त्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत् शि क्षकों की कार्य सन्तुष्टि के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण :-

वित्तपोषित संस्थानः–

प्रस्तावित शोध अध्ययन में वित्तपोषित संस्थानों से आशय ऐसे संस्थानों से है जो या तो राजकीय संस्थाओं से या राज्यों से वित्तीय अनुदान प्राप्त करते हैं तथा राजकीय महाविद्यालय के समानान्तर कहलाते हैं।

स्ववित्तपोषित संस्थानः–

प्रस्तावित शोध अध्ययन में स्ववित्तपोषित संस्थ. ान वे संस्थान स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत स्थापित होते है। इनकी वित पूर्ति पूर्णतः निजी प्रबन्ध तन्त्र द्वारा की जाती है। इनको किसी भी प्रकार की कोई राजकीय सहायता, अनुदान प्राप्त नहीं होती है। वित्त व्यवस्था के अतिरिक्त समस्त व्यवस्था, नियम व परिनियम राज्य सरकार द्वारा निर्धारित होते है तथा समय–समय पर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण भी किया जाता है।है।

शिक्षकः–

शिक्षा की महत्वपूर्ण धुरी शिक्षक ही है। शिक्षण कार्य शिक्षक के अभाव में उचित प्रकार से नहीं हो सकता। हुमायूं कबीर ने शिक्षक को "राष्ट्र का निर्माता" बताया है। राष्ट्र के निर्माण की बागडोर शिक्षक के हाथ में होती है वह देश के निर्माण की एक ज्योतिर्मयी मश. ाल है। अंधकार में भटकने वालों का वह पथ प्रदर्शक है। समाज के उत्थान एवं पतन का उत्तरदायित्व सबसे बड़ा शिक्षक पर ही होता है। उपरोक्त के आधार पर हम कह सकते हैं कि एक शिक्षक के अन्दर बालकों को समझने की शक्ति उनके साथ उचित रूप से कार्य करने की क्षमता, शि क्षण योग्यता, कार्य करने की इच्छा शक्ति इत्यादि गुणों का समावेश होना चाहिए। क्योंकि शिक्षण कार्य वही व्यक्ति कर सकता है। जिसमें कुछ विशिष्ट बौद्धिक शारीरिक, सामाजिक, नैतिक एवं संवेगात्मक गुण हों।प्रस्तावित शोध अध्ययन में स्वा. वित्तपोषित एवं वित्तपोषित संस्थानों के शिक्षकों का चयन किया गया है।

कार्य सन्तुष्टिः–

शिक्षक योग्य नागरिकों का निर्माण तभी कर सकते हैं, जब वह निस्वार्थ भाव से अपने अध्यापन से संतुष्ट होकर विद्यार्थी को शिक्षा प्रदान करें। अध्यापक को शिक्षण कार्य से मिलने वाले संतोष पर ही भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य की कामना की जा सकती है, अध्यापकों की व्यावसायिक संतुष्टि को अनेक तत्व प्रभावित करते हैं। जैसे– व्यवसाय के प्रति रूचि, विद्यालय का वातारण, साथी कर्मचारियों का व्यवहार, कार्य से प्राप्त होने वाली आय, कार्य में उन्नति के अवसर आदि के अतिरिक्त आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक दशाऐं आदि। शिक्षक जिस कार्य को कर रहा है समाज में उस कार्य की कितनी सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान है इस बात की भी कार्य सन्तोष के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि किसी कार्य में अपेक्षाकृत आय कुछ कम है पर सामाजिक प्रतिष्ठा उस कार्य की अधिक है तो वह व्यक्ति अधि ाक सन्तोष प्राप्त कर सकता है। जहां उत्साही और परिश्रमी शिक्षकों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया जाता है वहां कार्यसन्तुष्टि में वृद्धि होती है यदि इसके प्रतिकूल परिस्थितियाँ है तो कार्य सन्तुष्टि का अभाव होगा। प्रस्तावित शोध अध्ययन में कार्य सन्तुष्टि का अर्थ संस्थानों के शिक्षकों को अपने शि क्षण कार्य से मिलने वाले सन्तोष के रूप में किया जायेगा।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :-

1. वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की कार्य–सन्तुष्टि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध परिकल्पनाए :-

वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थ. ानों में कार्यरत शिक्षकों की कार्य–सन्तुष्टि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध अध्ययन विधिः–

किसी भी शोध कार्य को वैज्ञानिक ढंग से पूर्ण करने के लिए अनुसंधान की विधि की आवश्यकता होती है। अनुसन्धान विधि का निर्धारण समस्या के स्वरूप व प्रकृति को ध्यान में रखकर किया जाता है। प्रस्तावित शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए "वर्णनात्मक अनुसंधान" का एक प्रकार आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करना उचित लगेगा इसलिए शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग इस अध्ययन में करेगा।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :- प्रस्तावित शोध अध्ययन की महत्ता शोध में प्रयुक्त उपकरणों पर निर्भर करती है। शोध के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि उद्देश्यों के अनुरूप ही उपकरणों का प्रयोग किया जाये। उपकरण की विश्वसनीयता एवं वैधता पर ही शोधकार्य की विश्वसनीयता, वैधता एवं महत्ता निर्भर करती है। प्रस्तावित शोधकार्य में शोध ाकर्त्ता ने उद्देश्यों के अनुरूप उपकरणों की खोज की, लेकिन सर्वथा उपयुक्त कोई उपकरण नहीं पाया। अतः शोधकर्त्ता ने शोध पर्यवेक्षक एवं शोध क्षेत्र के अन्य अनुभवी विद्वानों से सम्पर्क किया तथा उनके परामर्श से एक उपकरण का निर्माण स्वयं ही किया। तथा उस स्वनिर्मित उपकरण के साथ साथ दो अन्य उपकरण अलग से कार्य संतुष्टि मापने हेतु एवं सामाजिक आर्थिक प्रस्थिति मापने हेतु लगाये गये हैं।

अध्ययन का परिसीमांकन :- वित्तीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषितसंस्थानों में कार्यरत शि क्षक–शिक्षिकाओं की समस्याओं एवं शैक्षिकसंसाधनों के सन्दर्भ में किया जायेगा। प्रस्तावित शोध में वित्तीय सहायता प्राप्त एवंस्ववित्तपोषित संस्थानों के शि क्षकों एवं शिक्षिकाओं को ही सम्मिलित किया जायेगा, तथा प्रस्तुत शोध को उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में स्थित महात्मा ज्योतिबा फुलेरूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध मुरादाबाद मण्डल के शिक्षक–प्रशिक्षण महा. विद्यालयों/संस्थानोंतक सीमित रखा जायेगा।


आंकडों का विश्लेषण एवं व्याख्याः- प्रस्तुत शोध अध्ययन कि निम्नलिखित सीमायें निर्धारित हैं।

परिकल्पना परिक्षण-1 छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि पर शि क्षकों की संवेगात्मक वुद्धि पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

तालिका संख्या -1

वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थ. ानों में कार्यरत शिक्षकों की कार्य–सन्तुष्टि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

		आवृत्ति	प्रतिशत	वैध प्रतिशत	संचित प्रतिशत
	दृढ़ता से असहमत	26	26.0	26.0	26.0
	असहमत	14	14.0	14.0	40.0
	सहमत	43	43.0	43.0	83.0
	दृढ़तापूर्वक सहमत	17	17.0	17.0	100.0
	कुल	100	100.0	100.0	



इस प्रश्न पर दिए गए उत्तरों के आधार पर, 43% उत्तरदाता ''सहमत'' हैं और 17% ने ''दृढ़तापूर्वक सहमत'' होकर इस विचार को और मजबूत किया, जो यह दर्शाता है कि अधिकांश छात्रों का मानना है कि वे इस अध्यापक की

नजरों में भयभीत नहीं रहना चाहते। हालांकि, 26% उत्तरदाता ''दृढ़ता से असहमत'' हैं और 14% ''असहमत'' हैं, जो इस विचार से सहमत नहीं हैं कि वे भयभीत रहते हैं। कुल मिलाकर, एक बड़ा प्रतिशत इस बात से सहमत है कि वे अध्यापक की नजरों से डरते नहीं हैं और उन्हें भयभीत नहीं होना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः–

भट्टाचार्य, जी0सी0 (2005);''अध्यापक शिक्षा'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।

दुबे, श्यामाचरण (2005);''भारतीय समाज'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–126।

लाल एवं पलोड़ (2007);''शैक्षिक चिन्तन एवं प्रयोग'', मेरठः आर0लाल बुक डिपा।

प्रसाद, देवी (2001);''शिक्षा का वाहनः कला'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–68,।

पाण्डेय, राम शुक्ल (2007);''शैक्षिक नियोजन एवं वित्त प्रबन्धन'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर, पृष्ठ–105, 115, 116, 124।

शर्मा, रजनी एवं पाण्डेय, एस0पी0 (2005);''शिक्षा एवं भारतीय समाज'', तयपुरः शिक्षा प्रकाशन, पृष्ठ 128–129।

सुखिया, एस0पी0 (2005);''विद्यालय प्रशासन एवं संगठन'', मेरठः आर0लाल बुक डिपो।

अन्वेषिका, एन0सी0टी0ई0, नई दिल्ली।

''भारत की जनसंख्या'', उपकार प्रकाशन, आगरा–2.

भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, विद्या भारती, लखनऊ (उ0प्र0)

गिजुभाई बधेका – शिक्षक हों तो, पृ0 36

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, वार्षिक रिर्पोट नई दिल्ली– 1996–97

शिक्षा चिन्तन, त्रिमूर्ति संस्थान, कानपुर (उ0प्र0)

''उत्तर–प्रदेश एक अध्ययन (शिक्षा के सन्दर्भ में) साहित्य भवन पब्लिकेशन्स'',आगरा–3.

Government of India (1986-92), National Policy on Education, New Delhi: MHRD, Government of India.

*****

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रयुक्त हो रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अभ्यासों का एक अध्ययन

–लक्ष्मी प्रसाद
शोधकर्ता
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

–डा. हरिओम चौहान
शोध पर्यवेक्षक
सहायक प्राध्यापक
स्कूल ऑफ सोषल साईंसिज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

सार :- *गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को परिभाषित किया है कि ''यह शिक्षा लिंग, नस्ल, जातीयता, सामाजिक आर्थिक स्थिति या भौगोलिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रत्येक छात्र के सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर केंद्रित होती है।'' सामान्य भाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग हैं और चाहे जीवन का कोई भी क्षेत्र हो गुणवत्ता की मांग हर समय एवं स्थान पर अपेक्षित होती हैं। यह बच्चे को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी के लिए तैयार करता है। 2012 में, संयुक्त राष्ट्र (UNO) ने पहली बार अपने सतत विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals-SDG), में 'क्वालिटी एजुकेशन' को शामिल किया। इसके अलावा, आधुनिक समय में शिक्षा टेक्नोलॉजी से काफी मात्रा में प्रभावित है। इस टेक्नोलॉजी ने छात्रों के लिए शिक्षा को पाना आसान बनाया है। क्वालिटी एजुकेशन न केवल एक छात्र को नौकरी के लिए तैयार करती है, बल्कि वह व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व का भी विकास करती है। बच्चों के मामले में, इसका उद्देश्य उनकी पूर्ण परवरिश करना है, जिसके तहत उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली जीने में मदद करने के लिए पाठ्यक्रम (करिकुलम) के एक हिस्से के रूप में मूल्य और नैतिकता सिखाए जाते हैं। जनसंख्या की द्वष्टि से आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षा''ास्त्र विभाग में प्रयुक्त हो रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अभ्यासों का एक अध्ययन के लिए वालक तथा वालिकाओं का चयन किया गया है।*

मुख्य शब्द :- आईएफटीएम विश्वविद्यालय, गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अभ्यास, शिक्षाशास्त्र विभाग

प्रस्तावना :- वर्तमान शिक्षा प्रणाली का श्रेय पाश्चात्य जगत् का जाता है। पाश्चात्य जगत् में सभ्यता के विकास का प्रदुभाव भारतीय सभ्यता के विकास के सैकड़ों वर्ष प्श्चात् हुआ था। मानव जीवन में भौतिकता का प्रारम्भ कराने का श्रेय पाश्चात्य देशों को ही जाता है, अतः भारतीय पर उनकी विचारधारा और आधुनिकता का प्रभाव गहनतम हुआ है। पाश्चात्य दर्शन का प्रारम्भ सुकरात, प्लेटों और अरस्तु से माना जाता है। अरस्तु के विचारों ने न केवल यूनान बल्कि तत्कालीन सम्पूर्ण यूरोपीय जगत् को प्रभावित किया था। शिक्षा के महत्व को वर्णन विभिन्न रूपों में सभी विचारकों ने स्वीकार किया है। किसी ने शिक्षा को जन्मजात शक्तियों को व्यक्त करने की प्रक्रिया कहा, तो किसी ने वैयक्तिक्ता के विकास की प्रक्रिया कहा तथा किसी ने समूह में परिवत. न करने की प्रक्रिया के रूप में वर्णन किया है। शिक्षा की उपरोक्त परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि प्रत्येक दार्शनिक एवं शिक्षाविद् ने जीवन के लक्ष्यों के प्रति अपने अलग–अलग दृष्किोंण के अधार पर शिक्षा के महत्व का वर्णन किया है। जब हम शिक्षा शब्द के प्रयोग को देखते हैं तो प्रमुख रूप से यह दो रूपों में प्रयोग में लाया जाता है, संकुचित तथा व्यापक रूप में।

शिक्षा का संकुचित अर्थ (औपचारिक शिक्षा) – शिक्षा के संकुचित अर्थ के अनुसार विद्यालय / महा. विद्यालय/विश्वविद्यालय में प्रदान की जाने वाली शिक्षा होती है। इसमें शिक्षा देने वाला (शिक्षक), शिक्षा प्राप्त करने वाला (शिक्षार्थी), शिक्षण सामग्री (पाठयक्रम), शिक्षण प्रक्रिया, मूल्याकन (परीक्षा–प्रणाली), शिक्षण समय (समय सारणी व वार्षिक योजनायें) आदि सभी कुछ निश्चित होता है। इसमें सैद्धान्तिक रूप से शिक्षा की प्रक्रिया संचालित की जाती है। इसमें व्यावहारिक या प्रायोगिक शिक्षा पर इतना अधिक बल नहीं दिया जाता। इस शिक्षा का तात्पय सामान्यत पुस्तकीय ज्ञान से ही सम्बद्ध होता है।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व :- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अर्थ एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था से हैं जो अपने निर्माण के उद्देश्यों को अच्छी तरह समझती हो और विद्यार्थियों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में लाभकारी हो। अगर आधुनिक युग की बात की जाएं, तो किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण कहना गलत होगा। वर्तमान की शिक्षा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करने में असफल रही हैं। क्वालिटी एजुकेशन शिक्षा में प्रायः उसी शिक्षा का समावेश होता हैं। जो शिक्षा शिक्षण–अधिगम में छात्रों की रुचि एवं क्षमताओं को समझे एवं समाज की तत्कालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करें और छात्रों के जीवन को आरामदायक एवं उद्देश्यपरक बनाए। शिक्षा की गुणवत्ता से तात्पर्य हैं, शिक्षा अपने लक्ष्यों व उद्देश्यों को कितनी मात्रा में किस प्रकार तथा कितनी सफलता के साथ प्राप्त करती है। कोई समाज या राज्य अपने समाज व राज्य के नागरिकों की आवश्यकतानुसार लक्ष्यों तथा उद्देश्यों का निर्धारण करता है और उसी के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था करता है। शि

क्षा यदि राज्य या समाज की आवश्यकतानुसार उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होती है तो यह समझा जाता है कि शिक्षा गुणवत्तापूर्ण है।

भारत एक लोकतान्त्रिक व्यवस्था वाला राष्ट्र है। स्वतन्त्रता प्राप्ति से लेकर आज तक हमारे राष्ट्र ने अप. नी पूर्णक्षमता के दोहन के फलस्वरूप किये गये अथक प्रयासों से लगभग सभी क्षेत्रों में प्रगति के पूर्ण प्रयास किये है, इन्हीं प्रयासों के कारण आज हमारी गिनती विकासशील श्रेणी के अग्रणी राष्ट्रों में होती है तथा आज भी हम एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अथक प्रयास कर रहे है। वर्तमान परिपेक्ष्य में देखा जाए तो शिक्षा के उद्देश्यों को निर्धारित करके हम मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में हमें यह सुनिश्चित करना है कि लोकतन्त्रीय भारत में शिक्षा के क्या उद्देश्य रहेंगे।

शोध समस्या कथन :- ''आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में प्रयुक्त हो रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अभ्यासों का एक अध्ययन ''

शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण : - प्रस्तुत अध्ययन में कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है जिनका स्पष्टीकरणकरना आवश्यक प्रतीत होता है–

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा :- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अर्थ एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था से हैं जो अपने निर्माण के उद्देश्यों को अच्छी तरह समझती हो और विद्यार्थियों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में लाभकारी हो। अगर आधुनिक युग की बात की जाएं तो किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण कहना गलत होगा। वर्तमान की शिक्षा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करने में असफल रही हैं। क्वालिटी एजुकेशन शिक्षा में प्रायः उसी शिक्षा का समावेश होता हैं। जो शिक्षा शिक्षण–अधि गम में छात्रों की रुचि एवं क्षमताओं को समझे एवं समाज की तत्कालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करें और छात्रों के जीवन को आरामदायक एवं उद्देश्यपरक बनाए।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय 'मुरादाबाद' :- आईएफटीएम यूनिवर्सिटी (विदेश व्यापार और प्रबंधन संस्थान) 'मुरादाबाद' की स्थापना परम आदरणीय स्व0 श्री ओंकार सरन कोठीवाल जी के द्वारा की है। यह विश्वविद्यालय यूपी सरकार के एक्ट संख्य–24 वर्ष 2010 में स्थापित हुआ। प्रारम्भ में यह एक दो कमरों वाला टेक्नीकल और व्यवसायिक शिक्षण संस्थान के रूप में वर्ष 1996 में स्थापित हुआ था यह वि''वविद्यालय दिल्ली– लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 24 पर लोधीपुर नामक एक गांव में स्थापित है, जो मुरादाबाद शहर से लगभग 12 कि0मी0 दूर स्थित है। वर्ष 2010 में इस विश्वविद्यालय के कैंमपस लगभग 50 एकड़ भूमि में था जो आज बढकर लगभग 125 एकड़ भूमि में हो चुका है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :- प्रत्येक व्यक्ति जिस किसी कार्य को करता है उसका कुछ न कुछ उद्देश्य निहित होता है। उद्देश्य के बिना वह कुछ भी कार्य नहीं करता है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के मुख्य उद्देश्य निम्नंलिखित हैं –

1. आईएफटीएम विश्वविद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक,बौद्धिक एवं भावात्मक विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं उपलब्ध संसाधनों का अध्ययन करना ।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें :- प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में शोध अध्ययन को संपादित करने हेतु निम्न परिकल्पना का निर्माण किया गया –

1.आईएफटीएम विश्वविद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक,बौद्धि एवं भावात्मक विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं उपलब्ध संसाधनों पर सार्थक प्रभाव पडता है ।

शोध अध्ययन विधि :- प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए "वर्णनात्मक अनुसंधान" की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करना उचित प्रतित हौता है इसलिए शोध ाकर्त्ता द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग प्रस्तुत शोध अध्ययन में किया गया है।

शोध अध्ययन की जनसंख्या :- 'समग्र', 'समष्टि' या 'जनसंख्या' अनुसंधान के लिये निर्धारित वह समस्त क्षेत्र है जिसके विषय में ज्ञान प्राप्त करना होता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनसंख्या अभिप्राय आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षा''ास्त्र विभाग के विद्यार्थियों से है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :- प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने उद्देश्यों के अनुरूप उपकरणों की खोज की, अतः शोधकर्त्ता ने शोध पर्यवेक्षक एवं शोध क्षेत्र के अन्य अनुभवी विद्वानों से सम्पर्क किया तथा उनके परामर्श से गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अभ्यास स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया।

अध्ययन का परिसीमांकन :- प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग तक ही सीमित है।

आंकडों का विश्लेषण एवं व्याख्या :- प्रस्तुत शोध अध्ययन की निम्नलिखित सीमायें निर्धारित हैं।

परिकल्पना परिक्षण- 1 आईएफटीएम विश्वविद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं उपलब्ध संसाधनों पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। इस सम्बन्ध में परिगणित मूल्यों को तालिका संख्या 1.0 में प्रस्तुत किया गया है –

तालिका संख्या – 1.0

आईएफटीएम वि''वविद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं उपलब्ध संसाधनों पर लैंगिक आधार की स्थिति एवं व्याख्या

0.01सार्थक 0.05सार्थक, सार्थक नहीं


लिंग	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रा. न्तिक अनुपात	सार्थ कता स्तर
बालक	130	99.16	18.33	0.707	***
बालिका	120	97.57	17.21		

व्याख्या –

तालिका संख्या 1ण्0 में आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं उपलब्ध संसाधनों पर लैंगिक आधार की स्थिति एवं व्याख्या पर माध्य, प्रमाप विचलन एवं क्रान्तिक मान को दिखाया गया है। सारणी से पता चलता है कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास हेतु छात्रों का मध्यमान 99.16 एवं मानक विचलन 18.33 प्राप्त हुआ जबकि आईएफटीएम वि''वविद्यालय के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास हेतु छात्रों का मध्यमान 97.57 एवं मानक विचलन 17.21 प्राप्त हुआ। दोनो समूहों के मध्य क्रान्तिक अनुपात का मान 0.707 है जो कि .01 सार्थकता स्तर पर प्राप्त सारणी मान 2.58 एवं .05 सार्थकता स्तर पर प्राप्त सारणी मान 1.96 से कम है। इससे सिद्ध होता है कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षक शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास पर सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है''।

ग्राफ संख्या – 4.1

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक एवं भावात्मक विकास में लैंगिक आधार की स्थिति



सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

- अरोड़ा, रीता (2005);''शिक्षा में नव चिन्तन'', जयपुरः शिक्षा प्रकाशन।
- अग्निहोत्री, रविन्द्र (2007);''आधुनिक भारतीय शिक्षा समस्याऐं एवं समाधान'', जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
- भट्टाचार्य, जी0सी0 (2005);''अध्यापक शिक्षा'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।
- दुबे, श्यामाचरण (2005);''भारतीय समाज'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–126।
- लाल एवं पलोड़ (2007);''शैक्षिक चिन्तन एवं प्रयोग'', मेरठः आर0लाल बुक डिपा।
- प्रसाद, देवी (2001);''शिक्षा का वाहनः कला'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–68,।
- पाण्डेय, राम शुक्ल (2007);''शैक्षिक नियोजन एवं वित्त प्रबन्धन'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर, पृष्ठ–105, 115, 116, 124।
- शर्मा, रजनी एवं पाण्डेय, एस0पी0 (2005);''शिक्षा एवं भारतीय समाज'', तयपुरः शिक्षा प्रकाशन, पृष्ठ 128–129।
- सुखिया, एस0पी0 (2005);''विद्यालय प्रशासन एवं संग. ठन'', मेरठः आर0लाल बुक डिपो।
- अन्वेषिका, एन0सी0टी0ई0, नई दिल्ली।
- ''भारत की जनसंख्या'', उपकार प्रकाशन, आगरा–2.
- भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, विद्या भारती, लखनऊ (उ0प्र0)
- गिजुभाई बोधका –शिक्षक हों तो, पृ0 36
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, वार्षिक रिर्पोट नई दिल्ली– 1996–97
- शिक्षा चिन्तन, त्रिमूर्ति संस्थान, कानपुर (उ0प्र0)
- ''उत्तर–प्रदेश एक अध्ययन (शिक्षा के सन्दर्भ में) साहित्य भवन पब्लिकेशन्स'',आगरा–3.

*****

बिलारी विकासखण्ड में जनसंख्या वृद्धि एवं भू–दृश्य परिवर्तन एक भौगोलिक अध्ययन

राहुल कुमार
शोधकर्ता
भूगोल विभाग
स्कूल ऑफ सोषल साईसिंज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, उ0प्र0
E-mail Id: sharma.rahulsharma566@gmail.com

डॉ.मोहन लाल 'आर्य'
आचार्य
स्कूल ऑफ सोषल साईसिंज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, उ0प्र0
E-mail Id: drmlarya2012@gmail.com

सार:

प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य बिलारी विकासखण्ड में जनसंख्या वृद्धि एवं उसके कारण भू–दृश्य परिवर्तन के अंर्तसंबंध का अध्ययन किया गया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ें जिनको सर्वेक्षण एवं सरकारी विभागों द्वारा प्राप्त किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण द्वारा यह पाया गया है कि अध्ययन क्षेत्र बिलारी विकासखण्ड में जनसं ख्या का प्रभाव वहॉ की भू–दृश्यावली एवं कृषि पर दे खने को मिल रहा है जिसके परिणामस्वरूप अध्ययन क्षेत्र में समयान्तराल पर भूमि के उपयोग में परिवर्तन पाया गया है। साथ ही साथ यह भी पाया गया है कि भौतिक परिवर्तन के साथ सांस्कृतिक परिवर्तन भी हो रहे है। जनसंख्या वृद्धि और भूदृश्य परिवर्तन परस्पर जुड़ी हुई प्रक्रियाएँ हैं जो क्षेत्रीय विकास को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के बिलारी विकास खंड में शहरीकरण, कृषि विस्तार और अवसंरचना विकास के कारण काफी जनसांख्यिकीय बदलाव और भू–दृश्य परिवर्तन हुए हैं। यह शोधपत्र बिलारी में जनसंख्या की गतिशीलता, इसके परिणामस्वरूप भूमि–उपयोग में होने वाले परिवत. र्न और सामाजिक–आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करता है। जनगणना डेटा, उपग्रह इमेजरी और क्षेत्र अवलोकनों का उपयोग करते हुए, यह अध्ययन जनसं ख्या वृद्धि के प्रमुख रुझानों और भूमि आवरण, पर्यावरणीय स्थिरता और संसाधन प्रबंधन पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डालता है।

मुख्य शब्दः जनसंख्या वृद्धि, सांस्कृतिक परिदृश्य, परिवर्तन, सामाजिक विकास, आर्थिक विकास।

प्रस्तावनाः

भारत एक प्राचीन, विशाल और महान देश है। भारत में जन्में अनेक महाराजा, वीर सैनिक, महान कवि, नृत्यकार, राष्ट्र भक्त, वैज्ञानिक, महान भू– वैज्ञानिक और भूगोलवेत्ता जिन्होंने मातृभूमि भारत के शोर्य को बढ़ाया तथा अपने प्राण तक न्योछावर किये हैं। भारत पुरापाषाण काल से ही ऋषिमुनियों की तपोभूमि रही है, भारत एक ऐसा देश है जिसके बारे में आज भी अनेक देशों के लोग और विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक खोज करते हैं। भारत में 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। सभी राज्यो में जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है, जो जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़ा प्रदेश कहलाता है। उत्तर प्रदेश राज्य में 75 जनपद है उनमें से मुरादाबाद एक बहुत प्रसिद्ध जनपद है। जो विश्व में पीतल नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। इस मुरादाबाद जिले में 8 विकासखण्ड हैं। जिनके नाम हैं– मुरादाबाद, बिलारी, ठाकुरद्वारा, छजलेट, भगतपुर टांडा, मुड़ापाण्डे, डिलारी और डींगरपुर। कोई भी क्षेत्र जनसंख्या विस्फोट की स्थिति मे तब पहुँच जाता है जब उसके संसाधनो के साथ उसके गैर–अनुपातिक वृद्धि होने लगती है, इसलिए इसमें स्थिरता लाना जरुरी होता है। विकासशील क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि और भू–दृश्य परिवर्तन गंभीर चिंता का विषय हैं, जहाँ बढ़ती मानवीय गतिविधियाँ भूमि उपयोग में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाती हैं। बिलारी विकास खंड में पिछले कुछ दशकों में तेजी से जनसांख्यिकीय विस्तार हुआ है। इस वृद्धि ने कृषि पैटर्न, शहरी फैलाव और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को प्रभावित किया है, जिससे पर्यावरणीय और सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन हुए हैं। इसी को दृष्टिगत र खते हुए प्रस्तुत शोध पत्र बिलारी विकासखण्ड में जनसंख्या वृद्धि एवं भू–दृश्य परिवर्तन का अध्ययन किया गया है।

भौगोलिक अवस्थिति एवं विशेषताऐंः

अध्ययन क्षेत्र अक्षांश 28.61 डिग्री उत्तर और देशांतर 78.80 डिग्री पूर्व के बीच अवस्थिति है। यहॉ की जलवायु उपोष्णकटिबंधीय, गर्म ग्रीष्मकाल और हल्की सर्दियाँ है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से जलोढ़, उपजाऊ कृषि का समर्थन करने वाली मिट्टी पायी जाती है। अध्ययन क्षेत्र आर्थिक रूप से कृषि, व्यापार और लघु उद्योग पर आधारित है। अध्ययन क्षेत्र में 1991 की जनगणना के आधार पर लगभग 120,000 व्यक्ति, 2001 की जनगणना के आधार पर लगभग 1,40,000 व्यक्ति, 2011 की जनगणना के आधार पर लगभग1,60,000 व्यक्ति और वर्तमान सन् 2025 में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर 1,80,000 व्यक्ति जनसंख्या के रूप में प्रतिनिधित्व करते है।

तालिका संख्या–01
बिलारी विकासखंड में जनसंख्या वृद्धि
(1991–2021)

वर्ष	कुल (जनसंख्या)	पुरुष (जनसंख्या)	स्त्री (जनसंख्या)	जनसंख्या वृद्धि (प्रतिशत)
1991-1996	158251	87702	70549	22.54
1996-2001	158251	87702	70549	22.54
2001-2006	188998	102707	86291	19.43
2006-2011	188998	102707	86291	19.43
2011-2016	232754	123545	109209	10.57
2016-2021	246345	129716	116629	17.03

https://updes.up.nic.in/spiderreports/gettable5Report.action

बिलारी विकासखण्ड में जनसंख्या वृद्धिः बिलारी विकास खण्ड में जनसंख्या वृद्धि कुन्दरकी विकासखण्ड के मुकाबले कम निवास करती हैं। इसकी कई वजह है कुछ वजह तो जातिगत है तथा कुछ वजह धार्मिक है। यहाँ का क्षेत्रफल 736.84 वर्ग मीटर तथा इनमें 246345 जनसंख्या निवास करती हैं। यहाँ के लोग खेती का कार्य अधिक करते है यहाँ पर ग्रामों में साक्षरता की भी कमी हैं। ज्यादा से ज्यादा जनता ग्रामों में ही निवास करती हैं तथा खेती बाड़ी करती हैं। जनसंख्या एवं विकास के बीच अंतर को नकारा नही जा सकता है। वर्तमान परिवेश में विकास के स्तर में भित्रताएं देखने को मिल रही है यह भिन्नता भी कई कारणों से है परन्तु विद्वानों का मत है कि शिक्षा एवं संस्कृति के स्तर –में परिवर्तन के अनुसार ही जनसंख्या का स्तर भी बदलता जाता है। जिन छात्रो में शिक्षा का स्तर ऊंचा है वही सांस्कृतिक विकास का भी स्तर उच्च होता है। परिणामस्वरूप विकास का स्तर भी वहाँ उच्च होने से जनसंख्या अथवा मानव विकास सूचकांक भी उच्च होता है। जनसंख्या वैज्ञानिको का मानना है कि सामाजिक–आर्थिक विकास में जनादि की विशेषताओ विशेषकर जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन आता है, इसी तरह जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन सामाजिक आर्थिक वाले देशों में जन्मदर एवं मृत्युदर दोनो ही अधिक होता है, जो पिछड़ी अवस्था का प्रतीक है, दूसरी और उच्च सामाजिक आर्थिक विकास वाले देशों में जन्मदर एवं मृत्युदर दोनो ही कम होने से जनसंख्या वृद्धि भी कम हो जाती है। यह इस सामान्य नियम के तहत विश्लेषण करने पर पता चलता है कि विश्व के सभी देशो में जनसंख्या वृद्धि की यही प्रवृति पाई जाती है परन्तु उनकी अवस्थाओं में अंतर होता है। यह भी सत्य है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत की जनसंख्या बहुत अधिक है और इसके साथ विडम्बना यह कि प्रति वर्ष हमारी जनसंख्या में 1 करोड़ 70 लाख व्यक्तियो का इजाफा हो रहा है।

अध्ययन क्षेत्र में भू–दृश्य और भूमि उपयोग परिवर्तनः जनसंख्या वृद्धि के कारण भूमि उपयोग में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, जिनमें शामिल हैं

1. कृषि संकुचनः बिलारी विकासखंड, जो उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले का एक महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र है, आज कृषि संकुचन की समस्या से जूझ रहा है। कभी यह क्षेत्र अपनी उपजाऊ मिट्टी और प्रचुर कृषि उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था, लेकिन हाल के वर्षों में खेती का क्षेत्रफल और उत्पादन दोनों ही घटते जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण कृषि में संकुचन देखने को मिल रहा है इसका मुख्य कारण यहां बढ़ती जनसंख्या और कम होती कृषि भूमि है। इन दिनों यहां ग्रामीण भूमि का बदलता स्वरूप देखा जा सकता है, जिस स्थान पर पहले ग्रामीण भूमि दिखती थी, आज वहां नए प्लॉट, मकान, दुकानें, सड़कें, अपार्टमेंट, कारखाने आदि देखे जा सकते हैं। गांवों के पास शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। बिलारी विकासखंड, जो जिले का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, तेजी से बढ़ती जनसंख्या की समस्या का सामना कर रहा है। बढ़ती आबादी के कारण कृषि भूमि का अन्य उपयोगों में परिवर्तन हो रहा है, जिससे कृषि संकुचन की समस्या बढ़ रही है। यह संकुचन केवल किसानों की आय को ही प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि खाद्य उत्पादन, पर्यावरण और आजीविका के अन्य स्रोतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। किसान अपनी कृषि भूमि को आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए बेच रहे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र सिमटता जा रहा है। इसका मुख्य कारण है बढ़ती जनसंख्या।

2. शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकासः शहरीकरण बिलारी विकासखंड, एक प्रमुख ग्रामीण क्षेत्र है। हालांकि, समय के साथ इस क्षेत्र में शहरीकरण की प्रक्रिया ने गति पकड़ी है और बुनियादी ढांचे के विकास में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। बिलारी शहर और आसपास के गांवों के विकास के कारण आवासीय विस्तार हुआ है,

जिससे उपलब्ध कृषि भूमि कम हो गई है। सड़कों, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण से भूमि का वि खंडन बढ़ गया है। शहरीकरण के कारण आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हुआ है। पहले की अपेक्षा अब लोग यहां नए मकान और अपार्टमेंट बनाने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। शहरीकरण के साथ लोगों की जीवनशैली में भी बदलाव आया है। लोग अब अधिक सुविधाजनक और आधुनिक जीवनशैली अपनाने के लिए शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित हो रहे हैं। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, और मनोरंजन के क्षेत्रों में भी बदलाव देखा जा रहा है। इसके कारण भूमि की कीमतों में वृद्धि भी देखने को मिली है।

3. बुनियादी ढांचे का विकासः परिवहन और सड़कें शहरीकरण के साथ–साथ बिलारी में सड़कों का नेटवर्क बेहतर हुआ है। इस क्षेत्र में सड़कें, सड़कों का विस्तार और परिवहन नेटवर्क में सुधार हुआ है। नगर निगम द्वारा सड़कें चौड़ी की गई हैं और प्रमुख मार्गों की मरम्मत की गई है, जिससे परिवहन में सुधार हुआ है। अब स्थानीय निवासी और व्यापारियों को अपने कार्यों के लिए समय की बचत होती है। इसके अलावा, बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का भी विस्तार हुआ है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में यात्रा करना अब आसान हो गया है। जल आपूर्ति और स्वच्छता शहरीकरण के साथ जल आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। अब विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आप. ूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही स्वच्छता के उपायों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में सफाई और कचरा प्रबंधन के लिए बेहतर योजनाएँ बनाई जा रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ बिलारी में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा भी सुधर रहा है। नए स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना के साथ, शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करते हुए नए अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की गई है। सरकारी और निजी अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता से स्थानीय लोगों को चिकित्सा सहायता में आसानी हो रही है। बिजली और संचार शहरीकरण के साथ बिजली और संचार सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है। अब बिलारी ब्लॉक में अधिकतर क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है। इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की उपलब्ध ाता भी बढ़ी है, जो सूचना प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित करती है। सार्वजनिक स्थान और मनोरंजन शहरीकरण के साथ सार्वजनिक पार्क, बाजार, मनोरंजन स्थल, और खेल मैदानों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। यह शहरवासियों को एक बेहतर जीवनशैली का अनुभव देता है और उनके सामाजिक जीवन को समृद्ध बनाता है।

4. वनों की कटाई और पर्यावरण क्षरणः कृषि और बस्तियों के लिए पेड़ों की कटाई से हरियाली कम हुई है, जिससे जैव विविधता प्रभावित हुई है। शहरी विकास के लिए तालाबों और नदियों जैसे जल संसाधनों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पिछले कुछ दशकों में वनों की अंधाधुंध कटाई और पर्यावरणीय क्षरण के गंभीर परिणामों का सामना कर रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, जैसे जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों की अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन और भूमि उपयोग के अनुचित तरीके, इस क्षेत्र में पर्यावरणीय असंतुलन पैदा कर रहे हैं। जहाँ पर तेजी से बढ़ती जनसंख्या, वनों की अंधाधुंध कटाई और पर्यावरणीय क्षरण जैसी समस्याएं गंभीर रूप से प्रभावी हो रही हैं। इन समस्याओं का आपस में गहरा संबंध है और ये स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि उत्पादकता और मानव जीवन को प्रभावित कर रही हैं।

5. औद्योगिक और वाणिज्यिक विकासः शहरीकरण के साथ–साथ बिलारी ब्लॉक में छोटे उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है। छोटे–छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानों और बाजारो का निर्माण हुआ है, जो स्थ. ानीय लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। पीतल के बर्तन और हस्तशिल्प सहित छोटे पैमाने के उद्योग उभर रहे हैं, इस क्षेत्र में छोटे और मंझले उद्योगों की स्थापना हो रही है। इनमें खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, निर्माण सामग्री, और अन्य वाणिज्यिक उद्योग शामिल हैं। इन उद्योगों के कारण स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन साथ ही साथ कृषि भूमि और वन भूमि का अतिक्रमण भी हो रहा है। बिलारी ब्लॉक पिछले कुछ वर्षों में औद्योगिक और वाणिज्यिक विकास के चलते तेजी से बदल रहा है। इस विकास ने न केवल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि भूमि उपयोग के पैटर्न और पर्यावरणीय स्थिति को भी बदला है। औद्योगिक विकास के कारण कृषि भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे भूमि का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। औद्योगिक विकास के कारण सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ बढ़ रही हैं। इसके लिए कृषि भूमि का उपयोग किया जा रहा है और इससे भूमि का स्वरूप बदल रहा है।

जिससे भूमि का उपयोग कृषि से औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित हो रहा है।

6. सामाजिक–आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावः अध्ययन क्षेत्र में निम्नांकित प्रभाव देखने को मिलते है–

शहरीकरण के प्रभाव– सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन शहरीकरण के साथ, सामाजिक संरचना में भी बदलाव आया है। अब गांवों में शहरी जीवनशैली के अधिक तत्व शामिल हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक और आधुनिक संस्कृति का संगम देखने को मिल रहा है। हालांकि, यह बदलाव कुछ पारंपरिक मूल्यों और रीति–रिवाजों को प्रभावित कर सकता है। पर्यावरणीय प्रभाव शहरीकरण का पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ते शहरी क्षेत्र और उद्योगों के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और भूमि का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। इन समस्याओं को हल करने के लिए ठोस उपायों की आवश्यकता है, जैसे कि प्रदूषण नियंत्रण, हरित क्षेत्र का विस्तार और सतत विकास। ग्रामीण जनसंख्या पर दबाव शहरीकरण के परिणामस्वरूप, कुछ ग्रामीण लोग रो. जगार और बेहतर जीवन की तलाश में शहरों की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या घट रही है।

7. भू–दृश्य परिवर्तन के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावः (अ) भू–दृश्य परिवर्तन के सकारात्मक प्रभाव– आर्थिक विकास और रोजगार के अवसररू औद्योगिक और वाणिज्यिक विकास के कारण क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। नए उद्योगों और व्यापारिक केंद्रों के स्थापना से स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। कृषि भूमि का एक हिस्सा उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपयोग में आ रहा है, जिससे व्यवसायिक गतिविधियों में विस्तार हुआ है और क्षेत्र की आय में वृद्धि हुई है। बुनियादी ढांचा और शहरीकरणरू बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण बेहतर सड़कों, जल आपूर्ति, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। शहरी क्षेत्र का विस्तार हुआ है, जिससे लोगों को बेहतर आवास, चिकित्सा सुविधाएं और शिक्षा मिल रही हैं। इससे क्षेत्र में जीवन स्तर में सुधार हुआ है। कृषि के विकास में नवाचाररू कुछ क्षेत्रों में भूमि के बदलाव के कारण, कृषि में नई तकनीकों और आधुनिक उपकरणों का उपयोग हो रहा है। कृषि में सुधार के लिए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो रही है। शहरीकरण और उद्योगों के बीच कृषि की भूमिका बदल रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज को नई तकनीकों के साथ बेहतर तरीके से बेचने और प्रबंधित करने का अवसर मिल रहा है। सामाजिक विकासरू शहरीकरण और औद्योगिकीकरण से शि क्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक बुनियादी ढांचे में वृद्धि हुई है। इससे सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए अधिक संसाध न उपलब्ध हुए हैं और समुदायों के विकास में मदद मिली है।

(ब). भू–दृश्य परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव– कृषि भूमि का नुकसानः औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा उद्योगों, आवासीय कॉलोनियों और व्यापारिक केंद्रों के लिए उपयोग हो रहा है। इससे कृषि उत्पादन में कमी आ रही है और भूमि की उर्वरता में गिरावट हो रही है। किसानों को अपनी भूमि बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे वे अपनी पारंपरिक कृषि से वंचित हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकटः बढ़ते उद्योगों और शहरीकरण के कारण पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ रहा है। भूमि के उपयोग में हो रहे बदलाव से प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, और वनस्पतियों और जीवों की विविधता में कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों में बढ़ती गर्मी, अनियमित वर्षा, सूखा और बाढ़ जैसी समस्याएं शामिल हैं। यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी को प्रभावित कर रहा है। मिट्टी का कटाव और भूमि का असंतुलनः भूमि का उपयोग कृषि से उद्योगों और आवासीय क्षेत्रों में बदलने से मिट्टी का कटाव और भूमि का असंतुलन हो रहा है। जब जंगलों और कृषि भूमि को शहरी क्षेत्रों में बदला जाता है, तो इससे मिट्टी की संरचना कमजोर हो जाती है और जल निकासी की समस्या उत्पन्न होती है। वनों की कटाई और मिट्टी के संरक्षण की कमी से भूमि की उर्वरता घट रही है, जिससे कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता भी कम हो रही है। जल संकटः भूमि के उपयोग में बदलाव के कारण जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। पानी के अवशोषण और जल संचयन के प्राकृतिक तरीके कम हो रहे हैं। इससे नदियाँ, तालाब, और जलाशय सूखने लगे हैं, और क्षेत्र में जल संकट उत्पन्न हो रहा है। बढ़ते उद्योगों और आवासीय क्षेत्रों के कारण पानी का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिससे कृ षि और अन्य कार्यों के लिए पानी की कमी हो रही है। जैव विविधता का नुकसानः वनों की कटाई और कृषि भूमि का शहरीकरण जैव विविधता को नुकसान पहुँचा रहा है। प्राकृ तिक आवासों के नष्ट होने से कई प्रजातियाँ संकट में पड़

गई हैं। पशु–पक्षियों और अन्य जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जो पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन का कारण बन रहा है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के कारण प्राकृतिक जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो रहे हैं।

8. सतत विकास के लिए रणनीतियाँः पर्यावरणीय स्थिरता के साथ विकास को संतुलित करने के लिए, निम्नलिखित उपायों को लागू किया जाना चाहिए

(अ). नियोजित शहरी विस्तार– कृषि भूमि की रक्षा और बेतरतीब शहरी फैलाव को रोकने के लिए उचित जोनिंग नियम। विस्तारित शहरों के भीतर हरित स्थानों और पार्कों का विकास।

(ब). सतत कृषि पद्धतियाँ– मिट्टी के क्षरण को रोकने के लिए फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना। ड्रिप सिंचाई जैसी जल–कुशल सिंचाई तकनीकों को अपनान. ा।

(स). वनरोपण और पर्यावरण संरक्षण– वृक्षों के आवरण को बहाल करने के लिए वनरोपण कार्यक्रमों को लागू करना। जल निकायों की सुरक्षा के लिए समुदाय के नेतृत्व वाली संरक्षण पहलों को बढ़ावा देना।

(द). बेहतर संसाधन प्रबंधन– भूजल निकासी का वि. नियमन ताकि अत्यधिक उपयोग को रोका जा सके। पर्यावरण क्षरण को कम करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण उपाय।

(घ). आर्थिक विविधीकरण– कृषि पर निर्भरता कम करने के लिए लघु उद्योगों को मजबूत करना। प्रकृति को संरक्षित करते हुए राजस्व उत्पन्न करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहित करना।

8. **साक्षरताः** शिक्षित होने के लिए साक्षर होना जरूरी है और साक्षरता शक्ति संपन्न होने का महत्वपूर्ण साधन है। जनसंख्या जितनी अधिक साक्षर होगी और लोग ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में उतना ही अधिक भाग लें सकेंगें। इसके अलावा, साक्षरता से स्वास्थ्य के प्रति लोगो में जागरुकता आती है और समुदाय के सदस्यों की सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण–कार्यों में सहभागिता बढ़ती है। वर्तमान समय की बात करें तो हमारी जनसंख्या का दो तिहाई हिस्सा अब साक्षर है फिर भी साक्षरता दर को भारत की जनसंख्या संवृद्धि दर के साथ मुकाबला करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है क्योंकि हमारी जनसंख्या वृद्धि दर अब भी काफी ऊँची बनी हुई है।

निष्कर्षः निष्कर्ष रूप में पाया गया है कि जनसंख्या भूगोल अध्ययन के सभी उपागम एक–दूसरे के प्रतियोगी न होकर पूरक है। परम्परागत विश्लेषण तकनीकी से युक्त क्रमबद्व उपागम जहाँ जनसंख्या की विभिन विशेषताओं के क्षेत्रीय प्रतिरूप को स्पष्ट करने में सहायक होता है, जनसंख्या प्रवास जनसंख्या वृद्धि दर को विभिन्न वर्गों में बाँटा जा सकता है। इस तरह प्रवास स्थायी या अस्थाई वर्ग में बंट सकता है। जहाँ से प्रवास होता है तथा जिस स्थान में अप. वास होता है उसके आधार पर प्रवासी जनसंख्या को गाँव से गाँव, ग्रामीण से शहर तथा नगर से ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाता है। बिलारी विकास खंड में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हो रही है, जिससे इसका परिदृश्य काफी बदल गया है। जबकि आर्थिक विकास और बेहतर बुनियादी ढाँचा सकारात्मक विकास है, वनों की कटाई, पानी की कमी और कृषि भूमि के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जाना चाहिए। क्षेत्र के दीर्घकालिक कल्याण के लिए टिकाऊ भूमि–उपयोग नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक–आर्थिक विकास को एकीकृत करने वाला एक संतुलित दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से बदलता भू– दृश्य में परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के बीच अर्तसम्बंध को प्रस्तुत किया गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः–

- ◊ Local government and environmental impact assessment reports.
- ◊ Uttar Pradesh State Population Report, Ministry of Health & Family Welfare.
- ◊ District Census Handbook, Moradabad, Government of Uttar Pradesh.
- ◊ Reports from the National Family Health Survey (NFHS-5).
- ◊ Uttar Pradesh State Planning Commission Reports.
- ◊ Satellite imagery analysis from Google Earth and remote sensing data.
- ◊ https://updes.up.nic.in/spiderreports/gettable5Report.action

*****

परिवारिक वातावरण का उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यक्तिगत, भावनात्मक विकास तथा आकांक्षा स्तर पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन

–राहुल
शोधकर्ता
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय

डा. हरिओम चौहान
शोध निर्देशक
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
सहायक प्राध्यापक
आईएफटीएम विश्वविद्यालय

Abstract सार :-

शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली सतत् प्रक्रिया है जो अपनी मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया के रूप में बालक की समस्त शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा भावनात्मक विकास कर उसे पूर्णता प्रदान करती है। किसी विद्यार्थी के विकास में उसके परिवार केंद्र वातावरण का महत्वपूर्ण योगदान होता है। निम्न शोधों से यह स्पष्ट होता है कि परिवार के सभी सदस्यों के व्यक्तित्व, भाषा, रहन–सहन पारिवारिक अजीविका आदि बालक और उसके भावनात्मक विकास पर प्रभाव पड़ता है। प्रस्तुत शोध पत्र पारिवारिक वातावरण का उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के भावनात्मक विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन पर लिखा गया है।

कि वर्ड:- पारिवारिक वातावरण, उच्च माध्यमिक स्तर, भावनात्मक विकास.

प्रस्तावना :-

भारत में शिक्षा दर्शन की मान्यता रही है कि सामान्यों की भांति विकलांग भी विद्या प्राप्त कर सकते हैं। इस दर्शन के अनुसार विकलांग भी अपनी क्षमता एवं योग्यता का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। यह भी सच है कि विकलांगता विकास और उन्नयन के मार्ग में बाधा बनती है। इस बाधा से विकास की गति और संप्राप्ति की मात्रा दोनों प्रभावित होती है। शिक्षा द्वारा विकलांगों की क्षमता एवं योग्यता की परख–पहचान, उसका शिक्षा उपयोगी संयोजन, विकास गति तथा उपलब्धि मात्रा की संभव है। यह संभावना कोई किताबी कथा नहीं है। इस बात के प्रमाण भारत के इतिहास से दिये जा सकते हैं। ऋषि अष्टाबक्र एक उल्लेखनीय उदाहरण हैं उनकी अस्थियाँ आठ स्थानों पर विकृत थीं। बचपन से ही उन्होंने आत्मा और ब्रह्म के एक्य की प्रतिष्ठापना में अपने चिन्तन और अध्ययन को केन्द्रित किया। उनकी सफल उपलब्धि का प्रमाण यह है कि उनके ज्ञान, बल और चिन्तन शक्ति में राजा जनक जैसे महान विद्वान ने भी उनकी शरण ली। कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस प्रकार के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं यथा–दीर्घतमा (वैदिक ऋचा रचनाकार), धृतराष्ट्र (राजनीतिज्ञ), होमर (महाकवि), सूरदास (महाकवि), मिल्टन (महाकवि), हेलन कीलर (लेखिका), थॉमस अल्वा एडिसन (आविष्कारक), लुई ब्रेल (आविष्कारक), स्टीफन हॉकिंग्स (वैज्ञानिक), लारा ब्रि. जमैन (शिक्षिका), एनीसलीवान (शिक्षिका), धृतराष्ट्र (राजनीतिज्ञ), फ्रेंकलिन डिनालो रूजवेल्ट (राजनीतिज्ञ), राणासांगा (योद्धा), तैमूर लंग (साम्राज्य विस्तारक), मेरीवेकर एडी (चिकित्सक), अरविंद वर्मा (प्रबन्धक), सर सिरिल आर्थर पियर्सन (विकलांग प्रशिक्षक), सर क्लूथा मैकेन्जी (विकलांग सेवी), सुधा चंद्रन (नृत्यांगना), रविन्द्र जैन (संगीतज्ञ) एवं बाबा आम्टे (कुष्ट रोगी सेवी) आदि सभी को हम श्रद्धा और सम्मान देते हैं। इन प्रतिभा–सम्पन्न महानुभावों के उल्लेख का लक्ष्य शिक्षा की सार्थकता को सिद्ध करने के लिए किया गया है न कि इनके योगदान के महत्व की जानकारी देने के लिए–हाँ, इन उदाहरणों से इस विचार को शक्ति मिलती है कि विकलांगों के लिए शि क्षा–व्यवस्था से विकलांगों के सामान्य स्तरीय विकास की संभावनाएं हैं। प्राचीनकालीन चिंतन के अनुसार भी यह बात स्वीकृत थी और आधुनिक चिंतन भी इसका सशक्त अनुमा. दन करता है। ऋग्वेद के एक कथन से विकलांगों के लिए शिक्षा के भारतीय चिंतन का परिचय मिलता है।

शोध अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व :- प्रस्तुत शोध शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। शिक्षा वह प्रक्रिया है जो छात्रो में वाँछित व्यवहार उत्पन्न करती है। इन वाँछित व्यवहारों को उत्पन्न करने के लिए औपचारिक व अनौपच. ारिक संसाधानो का प्रयोग किया जाता है। परिवार को शि

क्षा का एक औपचारिक साधन माना जाता है। अन्य परिभाषा के अनुसार 'शिक्षा बालक की अन्तर्निहित योग्यताओं के विकास की प्रक्रिया है:'। बच्चा एक छोटे पौधे की भॉति होता है। उसे फलने फूलने के लिए जितना खुला व स्वाभाविक वातावरण मिलेगा वह उतना ही अच्छा पुष्पित पल्लवित होगा। परन्तु बच्चे मात्र पौधे ही नहीं होते विशेष रूप से किशोर अवस्था के आस पास वह स्वयं भी चढ़ाते है। उन्हे अनियन्त्रित भी नहीं छोड़ा जा सकता। परिवार में उचित वातावरण पैदा करने के लिए माता–पिता शोध के निष्कर्ष मनावैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिक की आधुनिक परिभाषा के अनुसार ''मनोविज्ञान व्यवहारो का विज्ञान है''। यह विभिन्न प्रकार के व्यवहारों में परिस्थिति में ''कारण प्रभाव'' के सम्बन्ध को स्थापित करती है तथा दी गयी परिस्थिति में व्यवहारों का पूर्व अनुमान करने में भी सक्षम होता है। छात्र के व्यवहारो पर उसके व्यक्तित्व तथा शैक्षिक उपलब्धियो पर पारिवारिक वातावरण का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। एक घर जिसका अनुशासनिक वातावरण एकान्तपूर्ण, एकाधिकारवादी, रोबदार व डाट से भरपूर हो, वह छात्र के विकास की दृष्टि से अच्छा नहीं माना जाता। परिवार का जनतान्त्रिक वातावरण ही छात्र में वॉछित व्यवहार उत्पन्न करने में सक्षम माना जाता है। बहुत अधिक खुलापन व हस्तक्षेप रहित वातावरण भी छात्रों के लिए हानिकारक हो सकता है। प्रस्ततु शोध के माध्यम से विद्यार्थियों के समायोजन के कारण प्रभावित होने वाले कारकों का अध्ययन किया जायेगा। जिससे विद्यार्थियों के अन्दर समायोजन से अन्य प्रभावित कारकों को रोका जाये और उनका सर्वांगींण विकास किया।

शोध समस्या कथन :- परिवारिक वातावरण का उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यक्तिगत, भावनात्मक विकास तथा आकांक्षा स्तर पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन।

प्रयुक्त शव्दो का परिभाषीकरण :-

पारिवारिक वातावरण :- जन्म के बाद प्रत्येक बालक को एक पारिवारिक परिवेश प्राप्त होता है, यही से उसकी शिक्षा का आरम्भ होता है, इसलिये परिवार को बालक की प्रथम पाठशाला कहाजाता है और पारिवारिक वातावरण को बालक के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बालक के जन्म लेते ही उस पर परिवार का प्रभाव पड़ने लगता है। बालक परिवार के व्यवहार, आचार–विचार, नै. तिकता, आदि अपने परिवार की मान्यताओं के अनुसार निर्मित एवं विकसित करता है। शिक्षा का उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना है, परन्तु इसमें पारिवारिक वातावरण की भुमिका को अनदेखा नही किया जा सकता है, परिवार ही बालक को शिक्षित करने का कार्य करता है और यहीं से उसके शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, संवेगात्मक, सामाजिक विकास के साथ–साथ व्यक्तित्व का निर्माण होना प्रारम्भ होता है। बालक जिस प्रकार के पारिवारिक वातावरण में रहता है उस वातावरण का प्रभाव उस पर पड़ता है, जिस परिवार में मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण होता है, वहॉ बालक का समुचित विकास होता है। इसके विपरीत जिस परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं होता है वहॉ बालकों का समुचित विकास नही हो पाता है, और वहॉ बालकों के अनेक चरों जैसे–प्रेरणा, स्वभाव, बुद्धि, शैक्षिक रूचि, शैक्षिक उपलब्धि, संवेग, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक दक्षता, जीवन मूल्य, जीवन शैली, स्वपोषण, शैक्षिक महत्वाकॉक्षायें, समायोजन, सीखना, सामाजिक परिपक्वता, सामाजिक प्रतिष्ठा, सामाजिक कौशल, व्यक्तित्व इत्यादि को प्रभावित करते हैं, जो कि बालकों के सर्वांगीण विकास से सम्बन्ध रखते हैं। परिवार को पारिवारिक वातावरण के अनेक चरों के साथ–साथ दोषपूर्ण पारिवारिक वातावरण बालक को सीधे प्रभावित करते हैं। दोशपूर्ण पारिवारिक वातावरण जैसे कुछ निम्नलिखित प्रकार की परिस्थितियॉ जब होती है

भावानात्मक विकास :- भावानात्मक विकास का सम्बंध भावनाओं के उभरने तथा उन्हें व्यक्त करने, समाज स्वीकृत तौर तरीको को सीखने से है। जीवन में बौद्धिक विकास से ज्यादा जरूरी है भावात्मक विकास।सफल व सार्थक जीवन जीने के लिए भावात्मक विकास के लक्ष्य पर ध्यान देना जरूरी है ताकि हर व्यक्ति अपनी भावनाओं पर नियंत्रण कर सके। समाज की इकाई है परिवार और परिवार की ईकाई है व्यक्ति। व्यक्ति अच्छे होगे तो परिवार भी अच्छा होगा, समाज भी अच्छा होगा और राष्ट्र भी उन्नत होगा। परिवार में ही जीवन संघर्षों का सामना करना सीखता है। जिससे

भावनात्मक विकास होता है। भावनाएँ व्यक्ति को जीवन–संचालन की दृष्टि देती है। उसके पिछले जन्म के संस्कारों के कारण भी भावनाओं के कुछ अंश उस व्यक्ति में आते है। भावानात्मक विकास होने पर वह अपने अच्छे–बुरे संस्कारों का आकलन करके जीवन की दिशा तय करता है। बुरे गुणों का बहिष्कार करता है। भावनाओं पर अनियंत्रण से ही जीवन लड़खड़ाने लगता है। तभी तो आए दिन जीवन में भावनात्मक समस्याएं बढ़ती नजर आ रही है। आपके व्यवहार में आपकी भावनाएँ जैसे क्रोध, ईर्ष्या, उल्लास, खुशी, निराशा, पीड़ा कैसे अभिव्यक्त होती है। इसका सीधा प्रभाव मनुष्य के अवचेतन मन पर पड़ता है आज यह मुद्दा चिंता का विषय बनता जा रहा है कि व्यक्ति का अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नही है।

व्यक्तिगत विकास :- ''इस दुनिया में हर व्यक्ति की खुद की पहचान है। वास्तव में हम में से हर एक को बनाया गया है और एक दूसरे से अलग ढंग से विकसित किया गया है। व्यक्तिगत विकास एक आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है एक व्यक्ति बेहतर बन सकता है और एक विकसित व्यक्ति तब महानता प्राप्त कर सकता है जब वह सुधार की दृष्टि से खुद पर ध्यान केन्द्रित करे व्यक्ति विभिन्न कारकों से बना होता है और इसका अंदाजा इस बात से लगाया है। कि एक व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों और लोगो में उनके छापों मेंकैसे प्रतिक्रिया करता है। इसलिए व्यक्तित्व हमारे बाहरी और आंतरिक गुणों का योग है। व्यक्तिगत विकास सिर्फ एक सरल व्यक्तित्व सुधार योजना या चार्ट नहीं है, लेकिन यह अच्छी तरह से परिभाषित प्रक्रिया अपने जीवन को बढ़ाने के लिए है।

आकांक्षा स्तर :- कोई व्यक्ति जो भी कार्य करता है, उसमें एक निश्चित लक्ष्य या प्रवीणता प्राप्त करना चाहता है। ल क्ष्य एवं आकांक्षायें व्यक्ति की क्षमताओं के अनुरुप, उससे उच्च अथवा निम्न हो सकती हैं। कई लोग जो अपनी बौद्धिक क्षमता से अपरिचित होते हैं पर उच्च आकांक्षा रखते हैं वे अक्सर निराशा का अनुभव करते हैं। किसी व्यक्ति के आकांक्षा स्तर का वर्णन करने में वास्तव में हम उस व्यक्ति का ही वर्णन करते हैं। वह व्यक्ति के भविष्य या भूत का पूर्वाभिमु खीकरण उसका स्वयं में आत्मविश्वास, असफलता का भय, उसका आशावाद या निराशावाद, उसकी महात्वाकांक्षायें तथा वास्तविकता का सामना करने का साहस है। किसी के आकांक्षा स्तर की जाँच उसके व्यक्तित्व को समझने का एक प्रभ. ावी तरीका है। आकांक्षा स्तर में अभिप्रेरणात्मक गुण होता है जिससे यह अधिगम के साथ घनिष्ट रुप से सम्बन्धित होता है। आकांक्षा शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम डेम्बो (1931) ने किया था। डेम्बो द्वारा इस शब्द के प्रयोग के पूर्व भी इस क्षेत्र में पहला प्रयोग हॉप (1930) द्वारा किया गया था जिसने यह निष्कर्ष निकाला कि किसी व्यक्ति के आकांक्षा स्तर की प्रकृति उसके् व्यक्तित्व प्रारुपों को प्रतिबिम्बित करती है। लेविन के डायनेमिक थ्योरी ऑफ पर्सनालिटी (1935) के प्रकाशन के पश्चात् इस प्रकरण पर कार्य की महत्ता और बढ़ी। उसके बाद व्यक्तित्व के एक महत्वपूर्ण चर के रुप में इस सम्प्रत्यय को स्वीकार किया गया।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :- प्रत्येक व्यक्ति जिस किसी कार्य को करता है उसका कुछ न कुछ उद्देश्य निहित होता है। उद्देश्य के बिना वह कुछ भी कार्य नहीं करता है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के मुख्य उद्देश्य निम्नंलिखित हैं।

छात्राओं के पारिवारिक वातावरण का उनके व्यक्तिगत विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना ।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें :- प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में शोध अध्ययन को संपादित करने हेतु निम्न निम्नांकित परिकल. पनाओं का निर्माण किया गया।

1. छात्रओं के पारिवारिक वातावरण का उनके व्यक्तिगत विकास पर सार्थक प्रभाव पडता है ।

शोध अध्ययन विधि :- प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए "वर्णनात्मक अनुसंधान" का एक प्रकार आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करना उचित लगेगा इसलिए शोधकर्ता द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग प्रस्तुत शोध अध्ययन में किया गया है।

शोध अध्ययन की जनसंख्या :- प्रस्तुत शोध अध्ययन में उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त तथा सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का अध्ययन किया गया। इस प्रस्तुत शोध अध्ययन जनपद रामपुर के सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 11 के विद्यार्थियों का चयन न्यादर्श के रूप में

किया गया है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :- प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्ती ने उद्देश्यों के अनुरूप उपकरणों की खोज की, अतः शोधकर्ता ने शोध पर्यवेक्षक एवं शोध क्षेत्र के अन्य अनुभवी विद्वानों से सम्पर्क किया तथा उनके परामर्श से मानकिकृत उपकरण का प्रयोग किया है।

अध्ययन का परिसीमांकन :- प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल जनपद रामपुर तक ही सीमित है। शोध अध्ययन में केवल उच्च माध्यामिक स्तर पर अध्ययनरत् केवल कक्षा 11 के ही विधार्थियों का ही चयन किया गया है

आंकडों का विश्लेषण एवं व्याख्या:- प्रस्तुत शोध अध्ययन कि निम्नलिखित सीमायें निर्धारित हैं।

परिकल्पना परिक्षण-1 छात्राओं के पारिवारिक वातावरण का उनके ब्यत्किगत विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

तालिका संख्या -1

छात्राओं के पारिवारिक वातावरण का उनके ब्यत्किगत विकास सम्वन्धी ज्ञान

	लेवेन परिक्षण		साधनों की समानता के लिए टी टेस्ट							
								Sig.		
	F	Sig.	F	Sig.	F	Sig.	F	नीचा करना	ऊपरी	
छात्र	4167.	.034	1005.	192	.316	.03999	.03962	-.03815	.11804	अस्वीकृत
छात्राऐं			1026.	195 082.	.302	.03995	.03909	-.03712	.117065	

तालिका संख्या -1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों के विद्यार्थियों की ब्यत्किगत विकास के बीच महत्वपूर्ण अंतर है।

निष्कर्ष - पारिवारिक वातावरण का उनके ब्यत्किगत विकास सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पारिवारिक वातावरण के वि भिन्न आयामों को विकसित करने के लिए उनके स्कूलों में नृत्य गायन नाटकिय जैसी विभिन्न प्रकार की सह पाठयचर्या गतिविधियॉ प्रदान की जानी चाहियें। शिक्षको को अच्छा वातावरण वनाना चाहिए और ब्यत्किगत विकास में सुधार के लिए विधाथियों को उनके साथियों के साथ बेहतर वातचीत के अवसर प्रदान करने चाहिऐं थ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः–

* अरोड़ा, रीता (2005);''शिक्षा में नव चिन्तन'', जयपुरः शिक्षा प्रकाशन।
* अग्निहोत्री, रविन्द्र (2007);''आधुनिक भारतीय शिक्षा समस्याऐं एवं समाधान'', जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
* भट्टाचार्य, जी0सी0 (2005);''अध्यापक शिक्षा'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।
* दुबे, श्यामाचरण (2005);''भारतीय समाज'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–126।
* लाल एवं पलोड़ (2007);''शैक्षिक चिन्तन एवं प्रयोग'', मेरठः आर0लाल बुक डिपा।
* प्रसाद, देवी (2001);''शिक्षा का वाहनः कला'', दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, पृष्ठ–68,।
* पाण्डेय, राम शुक्ल (2007);''शैक्षिक नियोजन एवं वित्त प्रबन्धन'', आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर, पृष्ठ–105, 115, 116, 124।
* शर्मा, रजनी एवं पाण्डेय, एस0पी0 (2005);''शिक्षा एवं भारतीय समाज'', तयपुरः शिक्षा प्रकाशन, पृष्ठ 128–129।
* सुखिया, एस0पी0 (2005);''विद्यालय प्रशासन एवं संगठन'', मेरठः आर0लाल बुक डिपो।
* अन्वेषिका, एन0सी0टी0ई0, नई दिल्ली।
* ''भारत की जनसंख्या'', उपकार प्रकाशन, आगरा–2.
* भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, विद्या भारती, लखनऊ (उ0प्र0)
* गिजुभाई बोधका –शिक्षक हों तो, पृ0 36
* राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, वार्षिक रिर्पोट नई दिल्ली– 1996–97
* शिक्षा चिन्तन, त्रिमूर्ति संस्थान, कानपुर (उ0प्र0)
* ''उत्तर–प्रदेश एक अध्ययन (शिक्षा के सन्दर्भ में) साहित्य भवन पब्लिकेशन्स'',आगरा–3.

*****

मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन

–कविता गर्ग
शोधार्थी
शिक्षा विभाग
स्कूल ऑफ सोशल साईसिंज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

–डॉ.मोहन लाल 'आर्य'
आचार्य
स्कूल ऑफ सोषल साईसिंज
आईएफटीएम विष्वविद्यालय, मुरादाबाद
E-mail id: drmlarya2012@gmail.com

सारः

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का अध्ययन एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो विद्यार्थियों की मानसिक विकास और शैक्षिक प्रदर्शन पर प्रभाव डालता है। यह अध्ययन उनके बौद्धिक और मानसिक क्षमता को समझने में सहायक होता है और यह दर्शाता है कि किस प्रकार के शैक्षिक और सामाजिक तत्व विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता को प्रभावित करते हैं। सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच तार्किक योग्यता में विभिन्न अंतर होते हैं। सामान्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या सुलझाने की क्षमता और अभ्यस्तता अधिक विकसित होती है। वे सामान्य रूप से अधिक जल्दी विचारों और विचारधाराओं को समझने और उन्हें लागू करने में सक्षम होते हैं। इसके विपरीत, दिव्यांग विद्यार्थियों को कुछ विशेष प्रकार की शारीरिक या मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो उनकी तार्किक क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन यह भी जरूरी है कि दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का मूल्यांकन विभिन्न दृष्टिकोणों से किया जाए, जैसे उनकी शारीरिक स्थिति, मानसिक विकास, और शैक्षिक वातावरण के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए। तार्किक योग्यता का विकास विभिन्न शैक्षिक विधियों पर निर्भर करता है। सामान्य और दिव्यांग दोनों प्रकार के विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शैक्षिक उपायों का चयन किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष शि क्षण विधियाँ, जैसे कि दृश्य शिक्षण, श्रवण आधारित शै क्षक उपकरण, और व्यक्तिगत मार्गदर्शन अधिक प्रभावी हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मानसिक विकास और तार्किक सोच को बढ़ावा देने के लिए खेल, गतिविधियाँ और समस्याओं को हल करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच तार्किक योग्यता के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हर विद्यार्थी का शैक्षिक सफर अलग होता है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अधिक समर्थन और संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें। शैक्षिक संस्थानों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे सभी विद्यार्थियों के लिए समावेशी शिक्षा के अवसर प्रदान करें, जो प्रत्येक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सके। इस प्रकार, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का अध्ययन उनके समग्र मानसिक विकास और शिक्षा के लिए आवश्यक है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सभी विद्यार्थियों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार उचित शिक्षण विधियाँ और सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे अपनी तार्किक क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित कर सकें।

बीजक शब्द :– माध्यमिक स्तर, विद्यार्थी, तार्किक योग्यता, मानसिक विकास।

प्रस्तावनाः

उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करना है, जो उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह शिक्षा उन प्रारंभिक वर्षों में दी जाती है जब बच्चों की सोच और समझ का विकास तेजी से होता है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 से 8 तक के छात्र आते हैं। इस स्तर पर शिक्षा का ध्यान केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं होता, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करने पर भी जोर दिया जाता है। इस चरण में पाठ्यक्रम को अधिक विविध और समृद्ध किया जाता है, जिससे छात्रों को विभिन्न विषयों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। गणित, विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों में ज्ञान के साथ–साथ जीवन कौशल जैसे समस्या हल करना, निर्णय लेना और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करना भी सि खाया जाता है। बच्चों को अपने आसपास की दुनिया से जोड़ते हुए, उन्हें वैज्ञानिक सोच और तार्किक विश्लेषण की आदत डाली जाती है। इसके अलावा, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों के सामाजिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। समूह कार्य, खेल कूद और सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों को टीमवर्क, सहानुभूति और नेतृत्व जैसे गुण सिखाती हैं। इन गतिविधियों से बच्चे न केवल शारीरिक रूप से फिट रहते हैं, बल्कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। इस स्तर पर छात्रों को पाठ्येतर गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि उनकी रचनात्मकता और कला के प्रति रुचि विकसित हो सके। इसके साथ ही, छात्रों में आत्मविश्वास और सार्वजनिक

बोलने की क्षमता को बढ़ाने के लिए विविध मंचों पर प्रस्तुति देने के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बच्चों को स्वतंत्र रूप से सोचने और काम करने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षक केवल मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं और बच्चों को स्वयं अपनी सोच को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता और आलोचनात्मक सोच की क्षमता का विकास होता है। समाज में हो रहे बदल. ावों को देखते हुए, उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा को तकनीकी दृष्टिकोण से भी समृद्ध किया जा रहा है। कंप्यूटर, इंटरनेट और अन्य डिजिटल उपकरणों का प्रयोग बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए किया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक तकनीकों से परिचित होते हैं। इस प्रकार, उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा बच्चों को एक मजबूत नींव प्रदान करती है, जो उन्हें उच्च शि क्षा और जीवन में सफलता के लिए तैयार करती है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का अध्ययन एक महत्वपूर्ण विषय है, जो शिक्षण प्रक्रिया, समावेशी शिक्षा और विद्यार्थियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं को समझने में मदद करता है। तार्किक योग्यता वह क्षमता है जो व्यक्ति को किसी समस्या का विश्लेषण करने, तर्कसंगत रूप से सोचने और व्यावहारिक समाध ाान खोजने में मदद करती है। सामान्य और दिव्यांग दोनों प्रकार के विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता उनके शै क्षणिक प्रदर्शन, सामाजिक समायोजन और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामान्य विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता अक्सर उनके विक. ासात्मक चरण, मानसिक परिपक्वता और शैक्षणिक अवसरों पर निर्भर करती है। दूसरी ओर, दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता उनके विशिष्ट शारीरिक या मानसिक विकारों से प्रभावित हो सकती है, लेकिन यह उनके विकास की संभावनाओं को सीमित नहीं करती। इन दोनों समूहों के बीच तुलना करके उनकी जरूरतों और उनकी क्षमताओं के अनुरूप शिक्षण रणनीतियां तैयार की जा सकती हैं। तार्किक योग्यता के विभिन्न घटकों, जैसे विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या समाधान, निर्णय लेने की क्षमता और रचनात्मकता, को समझने के लिए शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विविध दृ ष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होती है। सामान्य विद्यार्थियों के लिए तार्किक योग्यता उनके जीवन के अनुभवों, शिक्षण पद्धतियों और सहपाठियों के साथ बातचीत से विकसित होती है। वहीं, दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार अनुकूलित शिक्षण विधियों और तकनीकों की आवश्यकता होती है। दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता को विकसित करने में सहायक प्रौद्योगिकियाऐं, सहायक उपकरण और समावेशी शिक्षण दृष्टिकोण अत्यंत प्रभावी साबित होते हैं। उदाहरण के लिए, दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए श्रवण सामग्री और ब्रेल पद्धति का उपयोग, जबकि सुनने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए सांकेतिक भाषा और दृश्य सामग्री का उपयोग उनकी तार्किक क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करता है।

समावेशी शिक्षा के सिद्धांत के अनुसार, सभी विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है। शि क्षकों को चाहिए कि वे सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों दोनों के लिए ऐसी शिक्षण रणनीतियां अपनाएं, जो उनके तार्किक कौशल को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, समूह गतिविधियां, समस्या–आधारित शिक्षण, और रचनात्मक कार्यकलाप विद्यार्थियों के बीच सहयोग और तार्किक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। दूसरी ओर, सामाजिक और सांस्कृ तिक कारक भी विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता को प्रभावित करते हैं। पारिवारिक परिवेश, शिक्षकों का व्यवहार, और सहपाठियों का सहयोग विद्यार्थियों के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिव्यांग विद्यार्थियों के मामले में, यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उनके प्रति समाज का दृष्टिकोण सहायक और सकारात्मक हो, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और उनका विकास कर सकें।

अंत में, यह कहना उचित होगा कि सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का अध्ययन न केवल उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने में सहायक है, बल्कि यह समावेशी और समान शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक है। शिक्षकों, अभिभावकों और नीति निर्माताओं को मिलकर ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जो प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुसार प्रोत्साहित और सहयोग प्रदान कर सके।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्वः

शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम की जानकारी देना नहीं है, बल्कि बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को भी सुनिश्चित करना है। विशेषकर तार्किक योग्यता का विकास छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विशेष रूप से तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब हम दिव्यांग विद्यार्थियों की बात करते हैं, जो शारीरिक, मानसिक, या संज्ञानात्मक रूप से कुछ विशेष चुनौतियों का सामना करते हैं। तार्किक योग्यता, जिसे हम लाजिकल रीजनिंग भी कहते हैं, किसी समस्या को सुलझाने, विचारों को सुसंगत रूप से जोड़ने और सही निष्कर्ष पर पहुँचने की क्षमता है। यह योग्यता बच्चे के सोचने के तरीके, निर्णय लेने की प्रक्रिया और नए ज्ञान को समझने की क्षमता को दर्शाती है। बच्चों की तार्किक योग्यता का सही विकास उनकी कक्षा में उपलब्धि यॉं और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सहायक बनता है। सामान्य विद्यार्थियों में तार्किक योग्यता के अध्ययन से उन्हें न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त

होती है, बल्कि यह उनके सामान्य जीवन में भी उपयोगी होती है। तार्किक सोच बच्चों को न केवल गणित, विज्ञान और भाषा की समस्याओं को हल करने में मदद करती है, बल्कि यह उनके दिमाग को अधिक तेज और सक्रिय बनाती है। जब बच्चे तार्किक रूप से सोचते हैं, तो वे परिस्थितियों को बेहतर समझ सकते हैं, समस्याओं को हल करने के लिए रणनीतियाँ बना सकते हैं और सामाजिक जीवन में निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। इससे उनकी जीवन कौशल भी बेहतर होती है, जो उन्हें भविष्य में किसी भी स्थिति में अनुकूलन करने के लिए तैयार करता है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए तार्किक योग्यता का अध्ययन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन बच्चों को सामान्य शिक्षा प्राप्त करने में अतिरिक्त समर्थन और सहायता की आवश्यकता होती है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए तार्किक सोच के अभ्यास से उनकी संज्ञानात्मक क्षमताओं में सुधार हो सकता है। उदाहरण के लिए, जो बच्चे मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होते हैं, उनके लिए तार्किक सोच को प्राथमिकता देना उनकी मानसिक विकास को गति प्रदान कर सकता है। इसके साथ ही, दिव्यांग बच्चों में स्वावलंबन और आत्मविश्वास भी बढ़ सकता है क्योंकि वे समस्याओं को हल करने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता के अध्ययन की अत्यधि ाक आवश्यकता है। यह न केवल बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि उन्हें जीवन में सफलता और समृद्धि प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। दिव्यांग बच्चों के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके आत्मविश्वास और स्वावलंबन को बढ़ाता है। समावेशी शिक्षा के माध्यम से बच्चों को समान अवसर और सहयोग मिलते हैं, जो उनके समग्र विकास में सहायक होते हैं। इसलिए, तार्किक योग्यता के अध्ययन को प्राथमिक विद्यालयों में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए।

सम्बन्धित साहित्य का अध्ययनः

अंसारी सालेह अहमर, अब्दुल रहमान और उस्मान मुलबार (2021) ने छात्रों की तार्किक सोच क्षमता और प्रतिकूलता भागफल का विश्लेषण, और यह संज्ञानात्मक शैली से समीक्षा की। इस प्रकार का शोध गुणात्मक शोध है। शोध डेटा के विश्लेषण के परिणाम के आधार पर, इस अध्ययन के परिणामों से कुछ निष्कर्ष छात्रों की तार्किक सोच क्षमता 68.5 प्रति''ात के औपच. ारिक तार्किक सोच समारोह का प्रभुत्व है और स्वतंत्र क्षेत्र संज्ञानात्मक शैली का प्रभुत्व है। **सुमरसिह और बुडियोनो (2022)** ने संचार क्षमता, बुनियादी कौशल, कनेक्शन और तार्किक सोच से देखे गए 8 वीं कक्षा के छात्रों की गणितीय तर्क क्षमता की प्रोफाइल पर एक अध्ययन किया। परिणाम से पता चलता है कि गणित श्रेणी में उच्च राष्ट्रीय परीक्षा वाले स्कूलों के छात्रों की क्षमता सबसे अच्छी थी और उसके बाद मध्यम और निम्न श्रेणी थी। गणितीय कनेक्शन छात्रों द्वारा किया जाने वाला सबसे कठिन घटक है। इसके अलावा, अधिकांश छात्रों को विचारों को व्यक्त करने और तार्किक तर्क विकसित करने में भी कठिनाई होती है। **हिदायत (2023)** ने प्रतिकूल ता भागफल और तर्क संचालित पूछताछ सीखने के माध्यम से छात्रों की रचनात्मक गणितीय तर्क क्षमता में सुधार पर एक अध्ययन किया। निष्कर्ष निकाला गया कि– (1) छात्रों की गणितीय रचनात्मक तर्क की क्षमता में सुधार, जो गणित शि क्षक के लिए एक उम्मीदवार थे, जिन्होंने तर्क–संचालित जांच निर्देश प्राप्त किया था, उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिन्होंने प्रत्यक्ष निर्देश प्राप्त किया है। (2) छात्रों की गणितीय रचनात्मक तर्क की क्षमता में कोई अलग सुधार नहीं हुआ था, जो एक गणित शिक्षक के लिए एक उम्मीदवार है, जिसने तर्क–संचालित जांच निर्देश प्राप्त किया था और प्रत्यक्ष निर्देश की समीक्षा प्रतिकूलता भागफल के प्रकार के आधार पर की गई थीय (3) सीखने के कारक और प्रतिकूलता भागफल के प्रकार ने छात्रों की गणितीय रचनात्मक तर्क क्षमता में सुधार को प्रभावित किया। इसके अलावा, छात्र की गणितीय रचनात्मक तर्क क्षमता के विकास में सीखने और एक्यू के बीच कोई बातचीत प्रभाव नहीं थाय (4) गणित शिक्षक के लिए एक उम्मीदवार छात्र की गणितीय रचनात्मक तर्क क्षमता को संकेतक नवीनता पर बेहतर रूप से हासिल नहीं किया गया था। **नीना अगस्त्यानिंगरम (2024)** ने अमूर्त बीजगणित पाठ्यक्रम पर छात्र की गणितीय तर्क क्षमता का विश्लेषण किया। निष्कर्षों के आधार पर, व्याख्याताओं के लिए सुझाव प्रस्तावित किए जा सकते हैं कि अमूर्त बीजगणित व्याख्यान पर छात्रों की गणितीय तर्क क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रूफिंग से संबंधि ात अधिक अभ्यास करें।

शोध समस्या कथनः ''मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथ. मिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन''।

आंकड़ा संग्रहण के उपकरणः प्रस्तुत शोध हेतु आंकड़ों के संकलन के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों से व्यक्तिगत सम्पर्क करके प्रश्नावली के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया गया।

न्यादर्शः वर्तमान शोध हेतु 500 विद्यार्थियों (320 सामान्य एवं 180 दिव्यांग) को शामिल किया गया है।

उपकरणः कोई भी अनुसंधान बिना परीक्षण के पूर्ण नही होता। अनुसंधानकर्ताओं ने प्रस्तुत अनुसंधान के ऑकड़ों के सकंलन हेतु निम्नलिखित मानकीकृत परीक्षण, 'तार्किक योग्यता मापनी – के0 व्याती द्वारा निर्मित प्रश्न. ावली' का चयन किया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्यः

1.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन।
2.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों की तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन।
3.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्राओं की तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन।

शोध अध्ययन की परिकल्पनाऐं:

1.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।
2.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।
3.मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्राओं की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।

आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या:

परिकल्पना–1 ''मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।''

सारणी संख्या 1

सामान्य एवं द्विव्यांग विद्यार्थियों के मध्य में तार्किक योग्यता का माध्य, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात का विश्लेषण एवं व्याखा

समूह	विद्यार्थियों की संख्या	माध्य	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
सामान्य विद्यार्थी	320	57.52	8.15	2.64	0.01 सार्थक
द्विव्यांग विद्यार्थी	180	52.14	8.25		

सारणी संख्या 1 के अनुसार सामान्य एवं द्विव्यांग विद्यार्थियों के मध्य में तार्किक योग्यता का माध्य 57.52 एवं 52. 14 है, मानक विचलन क्रमशः 8.15 एवं 8.25 है एवं क्रान्तिक अनुपात का मान 2.64 प्राप्त हुआ है अर्थात सामान्य एवं द्वि व्यांग विद्यार्थियों के मध्य सार्थकता के .01 स्तर पर अन्तर पाया गया है दोनो के मध्य सार्थक अन्तर होना इस बात का द्य ोतक है कि सामान्य विद्यार्थियां की तार्किक योग्यता अच्छी पायी जाती है सामान्य विद्यार्थियों में संरक्षण, नियंत्रण, अनुकूलता सामाजिक सम्बन्ध एवं सकारात्मकता का दृष्टिकोण दिखायी पड़ता है। जो सम्पूर्ण समय विद्यार्थियों की व्यस्तता को अधिक प्रकट करता है। कोई भी दिव्यांग विद्यार्थी असाधारण रुप से व्यवहार किये जाने की इच्छा नहीं रखता है बल्कि दिव्यांग विद्यार्थियों की बुनियादी जरुरतें के प्रति संवेदन''ीलता के निर्माण की आवष्यकता है। तार्किक योग्यता में दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रति पारिवारिक वातावरण होता विद्यालय का वातावरण एवं अध्यापकों का व्यवहार ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दिव्यांग विद्यार्थियों में सामाजिक तार्किक अस्थिरता, अनुकूलता की कमी, समय–समय पर तार्किक नियन्त्रण की आदि कमी कुछ कारण देखने को मिलते हैं। जिसके कारण उनकी तार्किक योग्यता प्रभावित होती है अर्थात् सामान्य एवं द्विव्यांग विद्यार्थियों के मध्य सार्थक अन्तर पाया जाता है। शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना–2 ''मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।''

सारणी संख्या 2

सामान्य एवं द्विव्यांग छात्रोंके मध्य तार्किक योग्यता का माध्य, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात का विश्लेषण एवं व्याख्या

समूह	छात्रों की संख्या	माध्य	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
सामान्य छात्र	200	55.26	8.60	9.71	0.01 सार्थक
द्विव्यांग छात्र	98	50.12	5.63		

सारणी सं0 2 के अनुसार सामान्य छात्रों का माध्य 55.26 तथा दिव्यांग छात्रों का माध्य 50.12 है। सामान्य छात्रों एवं दिव्यांग छात्रों का मानक विचलन 8.60 एवं 5.63 है। सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों का क्रान्तिक अनुपात 9.71 प्राप्त हुआ है। सार्थकता स्तर के मान 0.01 एवं 0.05 के मान से प्राप्त मान अधिक है। सामान्य छात्रों एवं दिव्यांग छात्रों के मध्य अन्तर स्पष्ट करता है। अर्थात दिव्यांग छात्रों का माध्य सामान्य छात्रों से कम है। इससे आषय यह है कि दिव्यांग विद्यार्थियों की दिव्यांगता को देखते हुए षिक्षकों को विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले जिससे वह अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में तार्किक चिन्तन करने के लिए योग्य बने। प्रत्येक मानव में तार्किक योग्यता आवष्यक एवं उपयोगी होती है। जैसे सेना का सेनापति मीलों दूर बैठा हुआ अपनी तर्क शक्ति का प्रयोग करके युद्ध स्थल में सेना का संचालन, नियन्त्रण एवं उनको प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। अतः सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर पाया जाता ह। अतः शून्य परिकल्पना अस्वीकृत होती है।

परिकल्पना–3 मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्राओं की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या 3

सामान्य एवं द्विव्यांग छात्राओंके मध्य तार्किक योग्यता का माध्य, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात का विश्लेषण एवं व्याख्या

समूह	छात्राओं की संख्या	माध्य	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकत ा स्तर
सामान्य छात्राएँ	120	53.36	10.32	0.572	सार्थक नहीं
द्विव्यांग छात्राएँ	82	54.50	9.56		

सारणी सं0 3 के अनुसार सामान्य एवं दिव्यांग छात्राओं के मध्य में तार्किक योग्यता का माध्य 53.36 एवं 54.50 है तथा दोनों के मध्य मानक विचलन क्रमषः 10.32 एवं 9.56 है। सामान्य छात्राओं एवं दिव्यांग छात्राओं के मध्य क्रान्तिक अनुपात का मान 0.572 प्राप्त हुआ है तथा दोनों के मध्य सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है। अर्थात सार्थकता स्तर 0. 01 एवं 0.05 के मानों से प्राप्त मान कम है। दिव्यांग छात्राओं के माध्य मान से सामान्य छात्राओं का माध्य मान कम है लेकिन प्राप्त मान में ज्यादा अन्तर नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि सामान्य छात्राओं एवं दिव्यांग छात्राओं की तार्किक योग्यता लगभग एक समान ही है। इसमें छात्राओं की पुरस्कार, स्वीकृति, दण्ड, सहानुभूति एवं उपलब्धि की समान स्थिति रहती है। अतः यह समूह असार्थकता स्पष्ट करते है। शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

अध्ययन के निष्कर्षः

मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर पाया गया। वहीं परिकल्पना 2 में भी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्रों की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर पाया गया, तथा परिकल्पना 3 में भी मुरादाबाद जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग छात्राओं की तार्किक योग्यता में सार्थक अन्तर पाया गया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः

1.अंसारी सालेह अहमर, अब्दुल रहमान और उस्मान मुलबार (2021). छात्रों की तार्किक सोच क्षमता और प्रतिकूलता भागफल का विश्लेषण, और यह संज्ञानात्मक शैली से समीक्षा की, शोध पत्र, 2nd International Conference on Statistics, Mathematics, Teaching, and Research IOP Publishing

2-Hidayat1 (2023). Improving Student's Creative Mathematical Reasoning Ability Students through Adversity Quotient and Argument Driven Inquiry Learning. Journal for Research in Mathematics Education, 31(4), 396-428.

3-Nina Agustyaningrum, Yudhi Hanggara, Asmaul Husna, Agus Maman Abadi, Ali Mahmudii (2024). An analysis of students' mathematical reasoning ability on abstract algebra course. International Journal of Scientific and Technology Research. 8(12), 2800-2805.

4-Sumarsih, B. and Indriati, D. (2022). Profile of mathematical reasoning ability of 8th grade students seen from communicational ability, basic skills, connection, and logical thinking. Journal of Phys.1008, 0–10.

*****

मुरादाबाद मंण्डल के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर कार्य सन्तुष्टि के प्रभाव का अध्ययन

जया ओझा
शोधकर्ती
स्कूल ऑफ सोश्सल साईंसिज
आई.एफ.टी.एम. विश्वविद्यालय

प्रो.डा. राजकुमारी सिंह
शोध निर्देशिका
प्राध्यापिका
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
आई.एफ.टी.एम.विश्वविद्यालय

सार शिक्षा में सामाजिक आर्थिक पृष्टभूमि का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है सामाजिक पृष्टभूमि से तात्पर्य किसी व्यक्ति के सामाजिक सम्बन्धों के संदर्भ में उसकी स्थिति से है। यह किसी व्यक्ति की दूसरे व्यक्ति से सम्बन्धों की विशिष्ट स्थिति है जिसके द्वारा वह दूसरे व्यक्ति पर अप. ना प्रभाव डाल कर अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान अर्जित करता है। सामाजिक स्तर को उसकी आर्थिक स्थिति प्रभावित करती है। उच्च आर्थिक स्थिति वाले व्यक्ति के पास शैक्षिक अवसर अधिक प्राप्त होते हैं जबकि निम्न आर्थिक स्थिति वाले के लिए रोटी दाल की व्यवस्था में अधिकांश ऊर्जा खर्च होती है। सामाजिक रूप से सुदृढ़ व्यक्ति उपलब्ध शैक्षिक अवसरों का लाभ अधिक प्राप्त करता है वहीं निम्न सामाजिक स्थिति वाले के लिए ऐसा करना संभव नहीं हो पाता है। एक निबल आर्थिक स्थिति के ब्राह्मण अथवा राजनेता का स्तर उच्च होता है, किन्तु आज के आधुनिक समाज में निम्न जाति को भी ऐसे अवसर प्राप्त है कि वे अपने को सामाजिक आर्थिक रूप से उच्च स्थान पर पदस्त कर सकते है। उच्च सामाजिक आर्थिक स्थिति वाले का मकान उस क्षेत्र में स्थित होता है जिसमें विभिन्न भौतिक सुख सुविध ाएं उपलब्ध होती है। आर्थिकतत्व के द्वारा धन एकत्रित कर सामाजिक स्तर उच्चा किया जाता है अतः इन कारको को सामाजिक–आर्थिक स्तर पर निर्धारक कारक कहना अधिक श्रेयकर होगा। प्रस्तुत शोध पत्र का लक्ष्य मुरादावाद मंण्डल के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर कार्य सन्तुष्टि के प्रभाव का अध्ययन का अध्ययन करना है।

प्रस्तावना :- इस संस्था की स्थापना 1963 में सेंट्रल स्कूल के रूप में हुई। यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) से संबंधित है। बाद में इसका नाम केंद्रीय विद्यालय रखा गया । इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रक्षा सेवाओं में कार्यरत रक्षाकर्मियों के बच्चों के लिए स्थापित की गई, जिनकी दूरस्थ क्षेत्रों में नियुक्ति होती थी। इसके अंतर्गत एकरूपता जैसी शिक्षा पद्धति अपनाई जाती है, चाहे वह भारत के किसी कोने में रहता हो। इसी क्रम में बालिकाओं की शिक्षा के लिए **कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय** योजना भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अनुमो. दित है जिसका प्रारम्भ जुलाई 2004 में किया गया । यह एक आवसीय बालिका विद्यालय है । इन विद्यालयों का गठन 10 वर्ष की आयु से अधिक बालिकाओं को शिक्षित किया जाता है, जिन्होने या तो प्राथमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात पढ़ाई छोड़ दी है या जिनका कभी विद्यालय में नामांकन ही नहीं हुआ हो। उक्त विद्यालय शै क्षिक दृष्टि से पिछड़े उन विकास खंडों में स्थापित किए जाते हैं जिनकी महिला साक्षारता दर राष्ट्रीय महिला सा क्षारता दर से कम है तथा लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत दर से अधिक है। वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2009 तक 2573 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की स्थापना की गई है। अप्रैल 2007 को 'सर्व शि क्षा अभियान के साथ कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय को विलय कर दिया गया। संगठनात्मक संरचना की दृष्टि से यह योजना 27 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत है। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय इन प्रदेशों में दो मॉडलों के रूपों में स्वीकृत है :–

मॉडल प्रथम – 100 बालिकाओं के लिए, मॉडल द्वितीय 50 बालिकाओं के लिए हैं। इन विद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग की 75: बालिकाएँ तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले समान्य जाति के परिवारों को 25: बालिकाओं की नामां. कन की व्यवस्था है। प्रदेश के समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बालिकाएँ वास्तव में पढ़ाई छोड़ चुकी हैं या कभी विद्यालय नहीं गई है।

हमारे संविधान के अनुच्छेद 45 में वर्णित निर्देशात्मक सिद्ध ांतों में 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा देने का प्रावधान है । परंतु कठिन प्रयासों के बाद अभी शतप्रतिशत साक्षारता प्राप्त नहीं की जा सकी है। यह पुरजोर मांग होती रही है कि केंद्र व राज्य सरकारें जल्दी शतप्रतिशत प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रत्येक संभव प्रयास करें शिक्षा आयोग ने इस मांग का पुरजोर समर्थन किया है। इस प्रकार प्राथमिक शि क्षा के क्षेत्र में अनुसंधान की विशेष महत्ता हो जाती है। सरकार ने संविधान में संशोधन कर अनुच्छेद 21 ए जोड़ा, जो की 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का मौलिक अधिकार देता है । इसे अप्रैल 2010 में लागू किया गया ।

दुर्भाग्यवश प्राथमिक शिक्षा की ओर बहुत कम ध्यान दिया

गया है। जहाँ प्रथम पंचवर्षीय योजना में सरकार ने शि क्षा पर होने वाले कुल व्यय का 56 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा पर खर्च किया था। वहीं पर 7वीं पंचवर्षीय योजना में यह राशि घटकर 29 प्रतिशत रह गई है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सरकारी स्तर पर भी प्राथमिक शि क्षा कि उपेक्षा की जा रही है ।

शोध समस्या कथन :– मुरादाबाद मंण्डल के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर कार्य सन्तुष्टि के प्रभ. ाव का अध्ययन

शोध अध्ययन में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण : –

शैक्षिक उपलब्धि :– शैक्षिक उपलब्धि उस सीमा को संदर्भित करती है जिस तक एक व्यक्ति ने शिक्षा के एक विशिष्ट स्तर को सफलतापूर्वक पूरा किया है या औपच. ारिक या अनौपचारिक सीखने के अनुभवों के माध्यम से ज्ञान और कौशल प्राप्त किया है। इसे ग्रेड, टेस्ट स्कोर, डिप्लोमा, डिग्री और शैक्षिक क्रेडेंशियल्स के अन्य रूपों के संदर्भ में मापा जा सकता है। शैक्षिक उपलब्धि एक व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, ज्ञान और कौशल का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, और अक्सर शैक्षिक और व्यावसायिक सेटिंग्स में चयन और उन्नति के लिए एक मानदंड के रूप में उपयोग किया जाता है। यह सामाजिक–आर्थिक परिणामों की एक श्रृंखला से भी जुड़ा हुआ है, जैसे आय, रोजगार के अवसर और स्वास्थ्य परिणाम। ऐसे कई कारक हैं जो शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करते हैं, जिसमें व्यक्तिगत विशेषताएँ जैसे कि बुद्धि, प्रेरणा और सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि के साथ–साथ बाहरी कारक जैसे शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक प्रभावशीलता और शैक्षिक नीतियां और अभ्यास शामिल हैं। यह आलेख शैक्षणिक उपलब्धि एवं इसको प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है ।

कार्य सन्तुष्टि :– आदि काल से विद्वानों का मत यही रहा है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है और मानसिक प्रक्रियायें सुचारू रूप से कार्य करती है। कभी–कभी यह भी पाया जाता है कि दोनों (शरीर तथा मानसिक प्रक्रियायें) का तालमेल ठीक बना हुआ है, पर्याप्त संतुलन है फिर भी व्यक्ति अपने को ऐसी स्थिति में पाता है कि वह उतना नहीं प्राप्त कर पा रहा है जितना उसे मिलना चाहिए था। कभी–कभी वह यह भी सोचता है कि उसके जीवन में कही कोई कमी है। कभी–कभी उसे यह अनुभूति होती है कि अब वह और अधिक पाने के लिए संघर्ष करने में असमर्थ है और अन्त में उसकी धारणा बन जाती है कि इतना सब करने की कोई आवश्यकता नहीं है, जो है वह पर्याप्त है। इस प्रकार जब व्यक्ति की सोचनें और चिंतन करने की प्रकृति बन जाती है तो वह यथार्थ से दूर चला जाता है और धीरे–धीरे तनाव के जाल में स्वंय फस जाता है। उसे वह सब कुछ मिल जाने पर भी जो उसे उसकी क्षमताओं एवं योग्याताओं के अनुकूल मिलना चाहिए था दुःखी रहने लगता है। मन की यह स्थिति ही असन्तोष है। कार्य संतुष्टि किसी कर्मचारी में अंतर्निहित उसकी बहुत सी मनोवृत्तियों का परिणाम होता है। इन मनोवृत्तियों का संबंध मात्र कार्य से होता है तथा इसका संबंध कई विशिष्ट तत्वों में भी रहता है, जैसे पारिश्रमिक, पर्यवेक्षक, रोजगार की निरंतरता कार्य अवस्थायें, प्रोन्नति के अवसर, कार्य का न्यायपूर्ण मूल्यांकन उसकी सामाजिक प्रति"ठा आदि किसी न किसी रूप में कार्य संतुष्टि पर अवष्य प्रभाव डालती है। कर्मचारी के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक वेतन, अच्छा रहन–सहन, शिक्षा तथा चिकित्सा संबंधी सुविधायें, भविष्य की सुरक्षा आदि एक मात्र साधन नहीं है बल्कि उसका बौद्धिक विकास और संवेगात्मक अभिव्यक्ति के पर्याप्त अवसर सब महत्वपूर्ण कारक ही बौद्धिक विकास समझने की क्षमता प्रदान करता है। और संवेगात्मक अभिव्यक्ति जीवन संबंधी समस्याओं के ताल–मेल स्थापित करने में सहायक होती है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि कार्य संतुष्टि व्यक्ति की एक ऐसी सुखद और धनात्मक, सांवेगिक अनुभूति है जो स्वतः व्यक्ति के अपने ही कार्य अथवा कार्य अनुभवों के मूल्यांकन से कम हो। यह भाव व्यक्ति के उस प्रत्यक्षीकरण मात्र से ही पैदा होता है कि उसके कार्य कहाँ तक जरूरी मूल्यों को संतुष्ट करने का अवसर देते है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य शहरी छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर शिक्षक कार्य सन्तुष्टि के प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पनायें शहरी छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर शिक्षक कार्य सन्तुष्टि पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

शोध अध्ययन विधि :– प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए "वर्णनात्मक अनुसंधान" की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करना उचित प्रतित होता है इसलिए शोधकर्त्ती द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग प्रस्तुत शोध अध्ययन में किया गया है।

शोध अध्ययन की जनसंख्या :– प्रस्तुत अध्ययन हेतु समग्र जनसंख्या से मुरादावाद मंण्डल में जनपदवार के अनुसार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में संचालित सभी ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित उन माध्यमिक विद्यालयों से है जिनमें बालिकाऐं उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा 8 की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :– प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने उद्देश्यों के अनुरूप उपकरणों की खोज की,

अतः शोधकर्त्ता ने शोध पर्यवेक्षक एवं शोध क्षेत्र के अन्य अनुभवी विद्वानों से सम्पर्क किया तथा उनके परामर्श से **कार्य सन्तुष्टि** का मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया।

अध्ययन का परिसीमांकन – प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल कस्तुरवा गांधी बालिका विद्यालयों के उच्च प्राथ. मिक स्तर तक ही सीमित है।

आंकडों का विश्लेषण एवं व्याख्या :- प्रस्तुत शोध अध्ययन की निम्नलिखित सीमायें निर्धारित हैं।


परिकल्पना परिक्षण -1 शहरी छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर शिक्षक कार्य सन्तुष्टि पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। इस सम्बन्ध में परिगणित मूल्यों को तालिका संख्या 1.0 में प्रस्तुत किया गया है -

तालिका संख्या -1.0

ग्राफ संखा 1

यह अध्यापक जब कोई काम करता है, तो वह हमेशा निर्देश देता है, जिससे हमे चिढ़ होती है।				
	आवृत्ति	प्रतिशत	वैध प्रतिशत	संचित प्रतिशत
दृढ़ता से असहमत	9	9.0	9.0	9.0
असहमत	11	11.0	11.0	20.0
तटस्थ	13	13.0	13.0	33.0
सहमत	50	50.0	50.0	83.0
दृढ़तापूर्वक सहमत	17	17.0	17.0	100.0
कुल	100	100.0	100.0	

इस प्रश्न पर दिए गए उत्तरों के आधार पर यह देखा



जा सकता है कि अधिकांश उत्तरदाता (50%) ''सहमत'' हैं, जबकि 17% ने ''दृढ़तापूर्वक सहमत'' होकर इस बात को और मजबूत किया। केवल 9% उत्तरदाता ''दृढ़ता से असहमत'' हैं और 11% ''असहमत'' हैं। 13% उत्तरदाता ''तटस्थ'' रहे, जो यह दर्शाता है कि एक बड़ी संख्या में छात्रों को अध्यापक द्व ारा निर्देश दिए जाने पर असहजता महसूस होती है, लेकिन कुछ अन्य विद्यार्थी इस बात से सहमत हैं कि यह सामान्य है। कुल मिलाकर, छात्रों का एक बड़ा प्रतिशत इस मुद्दे पर सहमत या दृढ़तापूर्वक सहमत हैं, जो यह संकेत देता है कि अध्यापक के अत्यधिक निर्देशों से कुछ छात्रों को चिढ़ होती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

Benerji,M. (1975). Kolkata and its hinterland. Kolkata: Progressive publishers.

Biod, Jorg. Feliks (1952). 'The level of aspiration of white and nigro children in a segrated elementary school', The Journal of Social Psychology. Vol 36,Clenard,Marshall.(1963).Slum and community development experimental in self health. New York: Macmillan limited

Concept of sequrity insequrity retrived on 09/08/2011 from www.jstor.org/stable/2772598

अग्रवाल, एम0 (2007)हिन्दू और मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक व सांस्कृतिक आधुनिकीकरण पर षिक्षा के प्रभाव का अध्ययन अप्रकाशित पी–एच0डी0 थीसिस, अलीगढमुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ, उत्तर प्रदेश.

अल्टेकर, वाई0 (2002). प्राइमरी स्कूलों में भाषा व गणित आदि वि'ायों के शिक्षण में रन्टत व परम्रागत अध्ययन–अध्यापन विधियों के प्रभाव का अध्ययन अप्रकाषित पी–एच0डी0 थीसिस, षिक्षा संकाय, राजीव गॉधी विष्वविद्यालय,इटानगर, अरूणांचल प्रदेष

अनिमा सेन (1951): साइकोशोषल इंटीग्रेशन ऑफ दी हैण्डीकैप्ड, मिततल प्रकाशन, दिल्ली, पृ०–3

चट्टोपाध्याय, ए(1959): ऑल इण्डिया डाइरेक्टरी ऑफ एजूकेशन एण्ड वोकेशनल ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट फार द हैंण्डीकैप्ड, पैटरियट प्रकाशन, नई दिल्ली।

एस०सी० ओबराय, (1979): शैक्षिक तथा व्यावसायिक निर्देशन एंव परामर्श अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।

जायसवाल, सीताराम (1991): शिक्षा में निर्देशन एवं परामर्श, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।

भटनागर सुरेश (2001): शिक्षा मनोविज्ञान, लाल बुक डिपो, मेरठ।

नागराजू, एस0 (2002).कर्नाटक के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की आकांक्षा का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन. अप्रकाशित पी–एच0डी0 थीसिस, शिक्षा संकाय, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर, कर्नाटक

नायक,के0 (2005) ने मुम्बई के किशोरों की आधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रति अभिवृŸिा का अध्ययन मुम्बई विश्वविद्यालय के विशेष सन्दर्भ में, पी–एच0डी0 थीसिस, मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई

शर्मा० आर०ए० (2003): शिक्षा अनुसंधान, लाल बुक डिपो, मेरठ, आगरा।

कपिल, एच०के० (2004): अनुसंधान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रव. ाल, आगरा।

शर्मा एवं चतुर्वेदी शिखा (2005): शिक्षाम में निर्देशन एवं परामर्श आर० लाल बुक डिपो, मेरठ।

भटनागर एवं भटनागर, ए०बी० (2006):शिक्षा मनोविज्ञान लाल बुक डिपो, मेरठ।

शर्मा, डॉ0 आर0 ए0, ''शैक्षिक प्रषासन एवं प्रबन्ध'', आर0 लाल बुक डिपो, मेरठ, 2008।

*****

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शिक्षको की जीवन शैली पर उनके सामाजिक आर्थिक कारको का प्रभाव

ममता राजपूत
शोधकर्ती
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय,मुरादाबाद

प्रो.डा. राजकुमारी सिंह
शोध निर्देशिका
प्राध्यापिका
स्कूल ऑफ सोशल साईंसिज
आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

सार :-

शिक्षा व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है और श्रृंगार भी करती हैं शिक्षा व्यक्ति की रचनात्मक शक्ति का विकास करती है। प्रत्येक समाज में शिक्षकों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत शोध पत्र ''रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शि क्षकों की जीवन शैली पर उनके सामाजिक आर्थिक कारको का प्रभाव ''पर आधारित है। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा भावी शिक्षकों में ज्ञान, कौशल और व्यवहार में परिमार्जन कर शिक्षापयोगी गुणों को विक. सित किया जाता है। कार्य क्षमता एवं कुशलता में वृद्धि की भावना बढ़ जाती है। आज भारतीय समाज में अनेक सामाजिक आर्थिक समस्याएं व्याप्त है। यह समस्याऐं किस प्रकार से एक शिक्षक की जीवन शैली को प्रभावित करती है इन्ही सब प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए अध्ययन की आवश्यकता है।

कि वर्ड :- शिक्षक प्रशिक्षण, शिक्षक, सामाजिक आर्थिक

प्रस्तावना :-

शिक्षक ही विद्यालय तथा शिक्षा पद्धति की प्रमुख गव्यात्मक शक्ति है. मानव समाज एवं देश की उन्नति शिक्षकों पर ही निर्भर है। प्रो० हुमांयू कबीर के अनुसार "शिक्षा पद्धति की कुशलता शिक्षकों की योग्यता पर निभ. र्र है, अच्छे शिक्षकों के अभाव में सर्वोत्तम शिक्षा पद्धति का भी असफल होना अवश्यम्भावी है ।'' सदियों से शि क्षक की भूमिका न केवल बच्चे के व्यक्तित्व को ढालने में बल्कि समाज को आकार देने में भी महत्वपूर्ण मानी जाती है । साथ ही यह महसूस करना महत्वपूर्ण है कि एक अक्षम शिक्षक राष्ट्र के लिये कहीं अधिक घातक है । अतः शिक्षकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये क्योंकि एक शैक्षिक प्रणाली की ताकत और सफलता इन पर निर्भर करती है । वास्तव में यह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता उसके नागरिकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है, नागरिकों की गुणवत्ता उनकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है और शिक्षा की गुणवत्ता उनके शिक्षकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है और गुणवत्ता बड़ी संख्या में कारकों पर निर्भर करती है । किसी भी शिक्षक के ऊपर अनेक कारकों जैसे पारिवारिक कारक, सामाजिक–आर्थिक एवं संवेगात्मक कारकों का प्रभाव होता है और साथ ही ये सब कारक उसकी जीवन शैली को भी पूरी तरह प्रभावित करते है । जीवन शैली का अर्थ होता है कि आप किस प्रकार अपना जीवन यापन कर रहे है तथा आप कैसे रहते हैं, आपका रहन–सहन कैसा हैं ये सारी बातें आपकी जीवन शैली से संबंधित होती है । अर्थात एक व्यक्ति के समूह या संस्कृति की रूचियों, विचारों, व्यवहारों में रहन सहन को जीवन शैली कहते है । जीवन शैली को काम और अवकाश व्यवहार और गतिविधियों, दृष्टिकोण, रूचि, राय मूल्यों और आय के आवंटन में व्यक्त किया जाता है । जीवन शैली में हमारी प्रेरणाओं, आवश्यकताओं और इच्छाओं का एक संयोजन होता है और संस्कृति, परिवार, संदर्भ समूहों और सामाजिक वर्ग जैसे कारकों से प्रभावित होती है

जीवन शैली :- पदार्थपक्ष जीवन शैली वह है जो पदार्थ को सब कुछ मानकर चलती है । उसका मत है दुनिया में जो भी सारभूत है, वह पदार्थ है– खाओ, पीओ, मोज करो, संग्रह करो, बस यही इस जीवन शैली का मूल मंत्र है ।

जीवन शैली :-

आत्मापेक्ष जीवन शैली वह है जो व्यक्ति अपने चौतन्य पर ध्यान केन्द्रित कर सच्चाई को पाना चाहता है, उसी में इतना लीन हो जाता है कि बाहर की चिंता ही नहीं करता

एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने व एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिये उभयापक्षी जीवन शैली आवश्यक होती है । इसके द्वारा व्यक्ति में अनेक गुणों का विकास होता है जिससे वह अपने जीवन में आने वाली कठिनाईयों व समस्याओं का आसानी से निराकरण कर सकता है परन्तु प्रत्येक व्यक्ति इस जीवन शैली को नहीं अपनाता है। शिक्षक भी उनमें से एक है। किसी भी राष्ट्र के शिक्षकों के ऊपर उस राष्ट्र के भावी नागरिकों का दायित्व होता है । इस दायित्वों का निर्वाह करने में उसके ऊपर उसके पारिवारिक, सामाजिक–आर्थिक व संवेगात्मक कारकों का बहुत प्रभाव पड़ता है जिसके कारण वह एक स्वस्थ जीवन शैली नहीं अपना पाता। यह तथ्य किस हद तक सत्य है इसका अध्ययन शोधार्थिनी अपने शोध कार्य में करेगी। प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थिनी शिक्षक की जीवन शैली पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन उपरोक्त कारकों के संदर्भ में करेगी ।

अध्ययन की आवश्यकता व महत्व :-

इन कारकों का अध्ययन करके हम उन कारणों का पता लगायेंगे जो शिक्षक के व्यवहार व जीवन शैली को प्रभावित करते है। साथ ही वे उपाय भी खोजे जायेंगे जिनके द्वारा शिक्षकों को एक बेहतर जीवन शैली से जीने की अभिप्रेरणा मिलेगी यदि हमारे शिक्षक अपनी जीवन शैली में सुधार करके संतुष्टि का अनुभव करेंगे तो निश्चय ही राष्ट्र की भी उन्नति होगी। क्योंकि ये हमारे देश की नींव, भावी नेता, डाक्टर, इंजीनियर, अन्नदाता को तैयार कर देश की उन्नति में योग देते है और हमारी भारतीय संस्कृति में तो गुरू का तो स्थान वैसे भी सर्वोपरि है यदि वे सुखी और संतुष्ट नहीं होंगे तो देश कैसे उन्नति कर सकता है।

इस शोध कार्य द्वारा शिक्षको को बेहतर जीवन शैली से जीने के लिए किन विशेष कारकों का योगदान होता है का पता लगेगा, जिससे शिक्षकों की जीवन शैली को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी

समस्या कथन :-

''रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के शिक्षक–प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शिक्षकों की जीवन शैली पर उनके सामाजिक आर्थिक प्रभाव का अध्ययन''

शोध अध्ययन के शब्दों का परिभाषीकरण :-

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय :- विश्वविद्यालय स्तर से तात्पर्य उन विद्यालयों से है जिन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न अधिनियमों के माध्यम से स्थापित किया गया है। जहां पर 10़2 अथवा इण्टरमीडिएट के बाद स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षायें संचालित होती है जिनमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक शिक्षा की व्यवस्था से है। यह विश्वविद्यालय बरेली में स्थित है ।

शिक्षक–प्रशिक्षण स्तर :- शिक्षक प्रशिक्षण स्तर से अभिप्राय उन संस्थाओं या महाविद्यालयों से है जहां पर शिक्षक–प्रशिक्षण के लिये कक्षायें संचालित होती है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा उन्हें शिक्षक–प्रशिक्षण के लिये मान्यता दी गयी है और वहां पर बी0एड0 शिक्षक प्रशिक्षण व्यवस्था से है। इस प्रशिक्षण संस्थान की दो श्रेणियां हैं:

शिक्षक :-वह व्यक्ति जो किसी शिक्षण संस्था में शिक्षा प्रदान करने के लिये विधिवत नामांकित होता है एवं वह विद्यार्थियों को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। डिक्शनरी ऑफ एजूकेशन, कार्टर वी गुड, 1973 '' मार्गदर्शन के उद्देश्य से एक अधिकारिक क्षमता में नियोजित व्यक्ति और शैक्षिक संस्थानों में विद्यार्थियों के सीखने के अनुभवों को निर्देशित करने वाला, चाहे सरकारी हो या निजी'' ।

जीवन शैली :- एक व्यक्ति, समूह या संस्कृति की रूचियों, विचारों, व्यवहारों और व्यवहारिक उसके रहन सहन को जीवन शैली कहते हैं।

सामाजिक आर्थिक कारक :- सामाजिक कारकों से आशय सामाजिक क्रियाकलापों व सामाजिक रीति–रिवाजों, संस्कृति, परम्पराओं व संस्थाओं का शिक्षक पर प्रभाव है । आर्थिक कारकों में अर्थ संबंधी यानि आय व्यय संबंधी बातें होती है जिनका शिक्षक के ऊपर बहुत प्रभाव पड़ता है ।

अध्ययन के उद्देश्य :- शिक्षक प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं के **सामाजिक आर्थिक कारक** का अध्ययन करना।

परिकल्पनायें :- शिक्षक–प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं के **सामाजिक आर्थिक कारक** के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

शोध अध्ययन विधि:– किसी भी शोध कार्य को वैज्ञानिक ढंग से पूर्ण करने के लिए अनुसंधान की विधि की आवश्यकता होती है। अनुसन्धान विधि का निर्धारण समस्या के स्वरूप व प्रकृति को ध्यान में रखकर किया जाता है। प्रस्तावित शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए "वर्णनात्मक अनुसंधान" का एक प्रकार आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करना उचित लगेगा इसलिए शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग इस अध्ययन में किया गया है।

शोध अध्ययन की जनसंख्या:– प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनसंख्या के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल के पांच जिलो के शिक्षक–प्रशिक्षक संस्थानों में स्थित शिक्षक–प्रशिक्षक महा. विद्यालयों को सम्मलित किया जायेगा ।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण:– प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता ने उद्देश्यों के अनुरूप उपकरणों की खोज की, अतः शोधकर्त्ता ने शोध पर्यवेक्षक एवं शोध क्षेत्र के अन्य अनुभवी विद्वानों से सम्पर्क किया तथा उनके परामर्श जीवन शैली तथा **सामाजिक आर्थिक कारक** का मानकिकृत उपकरण को शोध कार्य में प्रयोग किया गया।

तालिका संख्या 0.1

शिक्षक–प्रशिक्षण स्तर में कार्यरत शिक्षक व शिक्षकाओं के सामाजिक आर्थिक कारक के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

परिकलित मूल्य	जीवन शैली पर शिक्षक व शिक्षिकाऐं के सामाजिक आर्थिक कारक	
	जीवन शैली	सामाजिक आर्थिक कारक
माध्य	109.96	108.68
मानक विचलन	4.74	6.47
शिक्षको कीसंख्या	1.66	34
प्रमाप विभ्रम	1.17	
माध्य अन्तर	1.28	
क्रांतिक अनुपात परीक्षण	1.09	
0.05 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर तालिका मान	1.96	

तालिका संख्या 0.1 से स्पष्ट है कि कठोर **जीवन शैली** के अंकों का मध्यमान 109 .96 तथा **सामाजिक आर्थिक कारक** के अंकों का मध्यमान 108.6 प्राप्त हुआ है जबकि प्रमाणिक विचलन के मान क्रमशः 74 तथा 6. 47 प्राप्त हुए है। दोनो समूहों के मध्यमानों की तुलना करने पर क्रांतिक अनुपात परीक्षण का मान 1.09 प्राप्त हुआ जोकि सार्थकता के स्तर 0.05 पर प्राप्त तालिका मान 1.96 से कम है अतः कहा जा सकता है कि मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष :- अतः शोधकार्य से पूर्व बनाई गई शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा कहा जा सकता है कि **सामाजिक आर्थिक कारक** में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। मध्यमान का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि **जीवन शैली** का मध्यमान **सामाजिक आर्थिक कारक** के मध्यमान से अधिक है अतः कहा जा सकता है।

Bibliography

1.भाटिया, बी.आर. 1989Dictionary of Phychology, New DelhiAmol Publication 9&10

2-Agarwal J. 1994 Essentials of Educational Psychology New Delhi, Vikas Pub.House.

3.4. Garrett.H.E. 1996 Statistics in Psychology and education, New York. Vakils, Fibber, and Simons Ltd. David Mackay Company] Inc, and Longman group. Good, Barr, A.S. and Scates, D.E., the methodology of Educational Research, New York; MC Graw Hill book Co., P. 617

4.Sharma R.A. 1998 Teacher Education, Meerut, Inernational publishing Horse Sukhia, S.P. Mehrota, P.V. Mehrota] R.N.(1974) Elements of Educational Research, New Delhi, Allied Publishers-

5.कौशला, डी.एन.1998 Competency based and commitment oriented Teacher education for quality School Education (Pre Service Educational) New Delhi, NCTE, 30-43

6.कपूर, जे.एन. 1999 Why are our Teacher Alienated from the Higher Education System\ University New [Vol-37, No.2, Jan.1999] 5&6

7.मनु प्रतीक 2002 What makes a teacher professional University, New Delhi, vo. 40No. 22 June 2002, 3-12

8.भट्टाचार्य, जी०सी० 2002 दक्षता आधारित तथा प्रतिबद्ध ता उन्मुख शिक्षक–शिक्षा की व्यावहारिक उपादेयता' भारतीय आधुनिक शिक्षा वर्ष 20, अंक–4, अप्रैल–2002 30–41

9.Kuppa Swami 2003 Advanced Educational Psychology, New Delhi Language Pandit Training Courses, Revised Scheme and Regulations (From 2004 2005)

10.भट्टाचार्य, जी०सी० 2003 अध्यापक शिक्षा, विनोद पुस्तक मन्दिर, हॉस्पिटल रोड, आगरा

11.श्रीवास्तव, आर. सी. एवं2004 Issue ian Education and Society, श्रीवास्तव, सुमित्रा Regency Publication, New Delhi 147175

12.अस्थाना, बी.बी. 2012 Statistics in behavioral sciences Shri Vinod Pustak Mandir, Agra

www.Google-search
www.wicky pedia-com
www.dei-ac-in
Websites of UGC NCERT, NCTE, NUEPA and Dr. BRAU
www.shodganga.com
www.researchgate
www.researchscholar

*****

The Ethos of Compassion in Hinduism, Buddhism, Jainism, and Beyond: A Philosophical and Practical Inquiry

-Reeta Rani,
Research Scholar,
Department of Philosophy, University of Delhi, Delhi.
Phone no. - 8448075208.
E-mail id- riturakamsingh@gmail.com.

- Dr Shiv Nandan Maurya
Research Scholar,
Department of Philosophy, University of Delhi, Delhi.
Phone no. 85649 31551
Email : nshiv2025@gmail.com

Introduction

Conversely, administrative adjudication involves the quasi-judicial resolution of disputes by administrative agencies or specialized tribunals, rather than by traditional courts. This form of adjudication is particularly suited to cases requiring technical expertise, sector-specific knowledge, and procedural flexibility, such as disputes involving taxation, environmental regulation, public employment, or corporate governance. As emphasized by Aman and Mayton (2020), the proliferation of the administrative state and the increasing complexity of regulatory frameworks have necessitated the development of specialized tribunals to provide accessible, efficient, and expert-driven justice.

While judicial review serves to maintain legal oversight over administrative action, administrative adjudication facilitates functional efficiency and policy-specific expertise in dispute resolution. These two mechanisms often operate in a dynamic interplay. For instance, tribunals may be empowered to make binding decisions within their specialized jurisdiction, but their decisions remain subject to judicial review by higher courts on grounds such as jurisdictional error, procedural impropriety, irrationality, or unconstitutionality.

The nature and scope of this interplay vary significantly across legal systems. In civil law jurisdictions like France, administrative adjudication is conducted by independent administrative courts with limited judicial review from ordinary courts. In common law jurisdictions like the UK and India, judicial review is constitutionally entrenched and often coexists with statutory tribunals. In the United States, courts apply doctrines such as Chevron deference to balance judicial scrutiny with agency expertise, particularly in interpreting statutes administered by executive agencies.

Thus, the relationship between judicial review and administrative adjudication reflects deeper questions of institutional design, democratic accountability, and access to justice. A well-functioning administrative justice system must balance judicial control with administrative independence, ensuring that tribunals are both functionally effective and legally accountable.

France: The Dual Court System and the Role of the Conseil d'État

The French legal system presents a distinct model of administrative justice through its dual court structure, which sharply demarcates the jurisdiction of ordinary courts (handling civil and criminal matters) from that of administrative courts, which exclusively adjudicate disputes involving public authorities and administrative actions. This bifurcation is a hallmark of the French legal tradition and is deeply rooted in the principle of *droit administratif*, a body of law that governs the relationship between the state and individuals.

At the apex of France's administrative judiciary stands the Conseil d'État (Council of State), a unique institution that performs both judicial and advisory functions. As the supreme administrative court, it serves as the court of final appeal in all administrative disputes, while also advising the executive branch on legislative and regulatory proposals, thereby wielding substantial influence over administrative governance (Brown & Bell, 2018).

The administrative adjudicatory hierarchy in France begins with the *Tribunaux Administratifs* (Administrative Tribunals), which function as courts of first instance for most public law disputes. Appeals

from these tribunals are heard by the *Cours Administratives d'Appel* (Administrative Courts of Appeal), and further appeals lie with the Conseil d'État, which retains discretion in selecting cases of significant legal importance. This three-tiered structure ensures procedural depth and legal refinement in administrative litigation.

A salient characteristic of French administrative law is the doctrine of *excès de pouvoir*—or "excess of power"—which permits any individual to challenge an administrative act on grounds of illegality, ultra vires action, procedural irregularity, or abuse of discretion. This doctrine reflects the preventive and corrective orientation of the French administrative judiciary, which actively scrutinizes administrative actions to ensure conformity with the principles of legality and public interest.

Crucially, judicial review in France is confined to the administrative courts, with ordinary civil and criminal courts being constitutionally barred from intervening in administrative disputes (Dicey, 2013). This exclusivity underscores the French commitment to functional specialization in adjudication and the protection of administrative autonomy from external judicial interference.

Nevertheless, the proximity between the Conseil d'État and the executive branch—exacerbated by the practice of recruiting judges from the same elite administrative corps (such as the École nationale d'administration)—has raised legitimate concerns about judicial independence and impartiality (Lindseth, 2022). Critics argue that this institutional closeness may compromise the objectivity of judicial oversight, especially in politically sensitive matters.

Despite these challenges, the French model remains a robust and highly institutionalized system of administrative adjudication, offering valuable insights into how specialized legal frameworks can coexist with democratic accountability and bureaucratic efficiency.

The United Kingdom: A Unified Tribunal System under Judicial Oversight

The United Kingdom's system of administrative adjudication has undergone significant evolution, moving from a fragmented array of tribunals to a more streamlined and coherent structure. This transformation was institutionalized by the Tribunals, Courts and Enforcement Act 2007, which established a unified two-tier tribunal system comprising the First-tier Tribunal and the Upper Tribunal. This reform was substantially influenced by the recommendations of the Leggatt Report (2001), which advocated for a more transparent, accessible, and independent tribunal framework.

Unlike France's dual court system, the UK does not maintain a separate judiciary for administrative law. Instead, tribunals function as part of the wider judicial system under the supervision of the senior judiciary, thereby ensuring legal coherence and procedural consistency across administrative adjudication. Tribunals in the UK are designed to offer specialized and informal forums for resolving disputes in areas such as immigration and asylum, employment law, social security, mental health, education, and tax.

The First-tier Tribunal operates as the primary fact-finding body, divided into distinct chambers based on subject matter. Appeals from the First-tier Tribunal are heard by the Upper Tribunal, which also possesses judicial review jurisdiction in certain areas, notably in immigration cases. Subsequent appeals on questions of law may be directed to the Court of Appeal or, in exceptional cases, to the Supreme Court of the United Kingdom.

In parallel, the Administrative Court, a division of the

King's Bench Division of the High Court, exercises judicial review over administrative decisions, including those rendered by tribunals. Judicial review in the UK is grounded in common law principles, focusing on legality, rationality, and procedural propriety, as articulated in landmark cases such as *Council of Civil Service Unions v Minister for the Civil Service* (1985) (commonly referred to as the GCHQ case).

The grounds of judicial review do not permit courts to assess the merits of administrative decisions; rather, the focus remains on whether the decision-maker acted within the scope of legal authority, adhered to fair procedures, and avoided manifest unreasonableness (often referred to as *Wednesbury unreasonableness*). In recent decades, the principle of proportionality, influenced by European Union law and the European Convention on Human Rights (ECHR), has emerged as a significant standard in reviewing administrative discretion, particularly in cases involving fundamental rights (Craig & de Búrca, 2020).

The UK's tribunal system reflects a deliberate attempt to balance administrative efficiency with judicial accountability, providing accessible justice while maintaining consistency in the application of legal standards. However, ongoing concerns persist regarding judicial overreach, delays in adjudication, and the complexity of procedural hierarchies, especially in immigration and asylum cases.

In response, recent reforms have aimed to modernize the system through digital innovation, case management tools, and simplification of procedural rules, with an overarching emphasis on enhancing user experience and reducing costs. The UK thus presents a model of integrated administrative adjudication that maintains fidelity to common law traditions while embracing pragmatic reform in pursuit of administrative justice.

The United States: Agency Adjudication and the Role of the Judiciary

The United States administrative adjudication system is characterized by its decentralized structure and its deep entrenchment within the executive branch of government. Unlike France's dual court model or the UK's unified tribunal system, the U.S. does not operate a separate or centralized network of administrative tribunals. Instead, adjudicatory functions are delegated to individual federal agencies, reflecting the American commitment to agency expertise, policy responsiveness, and administrative independence.

At the heart of this framework lies the Administrative Procedure Act (APA) of 1946, a foundational statute that governs the procedural conduct of federal administrative agencies. The APA establishes distinct processes for rulemaking and adjudication, and notably differentiates between formal adjudication—which requires trial-type hearings—and informal adjudication, which is more flexible and discretionary (Shapiro, 2016).

Administrative Law Judges (ALJs) are central to the formal adjudication process. Appointed within executive agencies but statutorily insulated from direct political interference, ALJs serve as impartial quasi-judicial officers who preside over administrative hearings involving disputes in diverse domains, including labor relations (National Labor Relations Board), taxation (Internal Revenue Service), immigration, environmental regulation, and securities law (Securities and Exchange Commission) (Mashaw, 2018). While agencies initiate and prosecute claims, ALJs act as neutral arbiters, rendering decisions based on evidentiary records and statutory interpretation.

Judicial oversight of agency action is provided by the

federal judiciary, which reviews agency decisions primarily through the lens of established administrative law doctrines. Among these, the Chevron deference doctrine, established in *Chevron U.S.A. Inc. v. Natural Resources Defense Council* (1984), plays a pivotal role. Under this principle, courts defer to an agency's reasonable interpretation of ambiguous statutory provisions within its jurisdiction. The rationale behind Chevron deference lies in the belief that agencies possess subject-matter expertise and are politically accountable through the executive, making them better suited to interpret regulatory statutes.

However, the doctrine has been the subject of increasing judicial and scholarly criticism, with concerns that excessive judicial deference undermines the separation of powers, dilutes judicial independence, and allows agencies to expand their interpretive authority unchecked. Legal scholars such as Sunstein (2017) have debated the legitimacy and limits of Chevron deference, especially in light of evolving constitutional doctrines and the growth of the administrative state.

In addition, questions have arisen regarding the appointment and independence of ALJs, particularly following the U.S. Supreme Court's decision in *Lucia v. SEC* (2018), which held that ALJs are "inferior officers" under the Appointments Clause and must be appointed by the President or agency heads. This ruling has triggered broader debates about the constitutional status, accountability, and impartiality of administrative adjudicators.

Overall, the U.S. administrative adjudication system emphasizes agency discretion, functional specialization, and procedural pragmatism. However, it also faces challenges related to bureaucratic fragmentation, procedural inconsistencies across agencies, due process concerns, and tensions between judicial review and executive control. The American model thus reflects an ongoing struggle to balance administrative efficiency with constitutional safeguards, underscoring the need for thoughtful reform to reinforce legitimacy and trust in agency adjudication.

India: The Role of Tribunals and the Central Administrative Tribunal

India's administrative adjudication framework reflects a hybrid model rooted in the country's constitutional vision of access to justice, rule of law, and judicial efficiency. In response to the increasing complexity of public administration and the overburdening of conventional courts, India has progressively institutionalized specialized tribunals to adjudicate disputes in specific sectors such as service law, taxation, company law, and environmental regulation.

A prominent example is the Central Administrative Tribunal (CAT), established under the Administrative Tribunals Act, 1985, pursuant to Article 323A of the Indian Constitution. CAT was created with the objective of providing an exclusive forum for resolving service-related disputes involving public servants, thereby easing the docket load of the High Courts and ensuring swift, expert adjudication (Jain, 2016). Its jurisdiction extends to recruitment, service conditions, disciplinary matters, and pension-related disputes concerning central government employees.

CAT functions as an independent judicial body, though it is technically not part of the regular judiciary. It adheres to the principles of natural justice, allowing for procedural flexibility and reduced formalism, unlike civil courts bound by the Code of Civil Procedure. The Tribunal is empowered to devise its own rules of procedure, enabling an efficient, less adversarial environment for litigants (M.P. Singh, 2019).

However, the constitutional oversight of tribunal deci-

sions remains firmly embedded within India's judicial framework. In the landmark judgment of *L. Chandra Kumar v. Union of India* (1997), the Supreme Court of India reaffirmed the supremacy of constitutional courts, holding that decisions of tribunals are subject to judicial review under Articles 226 and 227 by the High Courts, and under Article 32 by the Supreme Court. The judgment also invalidated earlier provisions that barred such review, thereby reinforcing judicial control as a safeguard against tribunal excess or error.

Despite its pivotal role, India's tribunal system—particularly CAT—has been subject to criticism regarding institutional independence, executive influence, and procedural inefficiencies. Scholars and jurists have raised concerns over the appointment process, tenure, and service conditions of tribunal members, which are often under the control of the executive, thus undermining the perceived neutrality of the forums (Thiruvengadam, 2018). The lack of uniformity in the functioning of various tribunals, coupled with delays in adjudication, has further fueled debates on the efficacy of tribunalization in India.

Recent efforts to reform the tribunal system—such as the Tribunals Reforms (Rationalisation and Conditions of Service) Ordinance, 2021, and subsequent enactments—seek to streamline tribunal structures and standardize appointments. However, these reforms have also been challenged on constitutional grounds, particularly with respect to judicial independence and separation of powers.

In essence, India's model of administrative adjudication seeks to balance functional specialization with constitutional accountability. While tribunals like CAT contribute significantly to accessible and efficient justice delivery, their success hinges on ensuring structural autonomy, procedural robustness, and robust judicial review mechanisms to preserve the integrity of administrative justice in a constitutional democracy.

Comparative Reflections and Conclusion

A comparative exploration of the tribunal systems in France, the United Kingdom, the United States, and India underscores the diverse institutional responses to the shared challenge of balancing administrative efficiency with judicial accountability. These systems reflect the historical evolution, legal traditions, and constitutional arrangements of their respective jurisdictions, offering valuable insights into the architecture of administrative justice.

In France, the model is firmly rooted in the civil law tradition, with a dual court system that grants exclusive jurisdiction over public law disputes to specialized administrative courts. The Conseil d'État serves as both the apex administrative court and a legal advisor to the executive, reflecting the doctrine of functional separation between the judiciary and the administration. Judicial review is conducted entirely within the administrative judiciary, with limited interference from ordinary courts.

The United Kingdom, following its common law heritage, has adopted a unified tribunal system integrated within the mainstream judiciary. The reforms enacted through the Tribunals, Courts and Enforcement Act 2007 have rationalized tribunal structures and reinforced judicial oversight through mechanisms such as the Administrative Court. The UK model emphasizes legality, rationality, and procedural fairness, with the principle of proportionality gaining traction through European legal influences.

In the United States, administrative adjudication is conducted within individual executive agencies, guided by the Administrative Procedure Act (1946). Ad-

ministrative Law Judges (ALJs) preside over quasi-judicial proceedings, and federal courts exercise judicial review through doctrines like Chevron deference, which accords substantial interpretive latitude to agencies. While this model supports agency expertise, it also invites scrutiny regarding due process, independence, and the scope of judicial control.

India's tribunal system represents a hybrid approach, combining elements of the common law tradition with constitutional mandates. Specialized tribunals like the Central Administrative Tribunal (CAT) are established under legislative frameworks, with judicial review powers preserved for the High Courts and the Supreme Court. The Indian model aims to alleviate judicial backlog while ensuring that tribunals remain accountable to constitutional norms. Yet, the executive dominance over appointments and service conditions continues to raise concerns about institutional autonomy and impartiality.

Across all four jurisdictions, the effectiveness of administrative tribunals depends on a set of interrelated factors, including:

- Institutional independence from executive influence
- Procedural fairness and adherence to principles of natural justice
- Accessibility and affordability for litigants
- Judicial oversight that respects the autonomy of specialized forums

Clarity and uniformity in procedural norms

While judicial review remains essential for maintaining constitutional governance and preventing administrative excesses, excessive judicial intervention can potentially undermine the functional integrity and expertise-driven rationale of tribunals. Therefore, a calibrated approach is required—one that balances judicial vigilance with respect for administrative autonomy.

In conclusion, tribunal systems across France, the UK, the USA, and India illustrate multiple models of administrative adjudication, shaped by distinct constitutional identities and governance imperatives. As administrative states grow more complex, there is a compelling need to reform and fortify tribunal structures to ensure that they deliver timely, expert, and impartial justice. Comparative reflections serve not only to highlight best practices but also to emphasize the importance of context-sensitive reforms that promote both efficiency and legitimacy in administrative justice systems worldwide.

References

- Aman, Alfred C., and William T. Mayton. *Administrative Law*. West Academic Publishing, 2020.
- Bell, John. "Comparative Administrative Law." In *The Oxford Handbook of Comparative Law*, edited by Mathias Reimann and Reinhard Zimmermann, Oxford University Press, 2019.
- Brown, L. Neville, and John Bell. *French Administrative Law*. Oxford University Press, 2018.
- Cane, Peter. *Administrative Law*. Oxford University Press, 2016.
- Craig, Paul. *Administrative Law*. 8th ed., Oxford University Press, 2016.
- Craig, Paul, and Gráinne de Búrca. *EU Law: Text, Cases, and Materials*. 7th ed., Oxford University Press, 2020.
- Dicey, A. V. *Introduction to the Study of the Law of the Constitution*. 10th ed., Macmillan, 2013.
- Elliott, Mark, and Robert Thomas. *Public Law*. Oxford University Press, 2020.
- Endicott, Timothy. *Administrative Law*. Oxford

University Press, 2021.

- Forsyth, Christopher. *Judicial Review and the Constitution*. Hart Publishing, 2000.
- Frankel, Alison. "Chevron Deference and the Future of Judicial Review." *Yale Law Journal Forum*, vol. 132, 2022.
- Jain, M. P. *Indian Constitutional Law*. 8th ed., LexisNexis, 2016.
- Kohli, Kusum. *Administrative Law in India*. Eastern Book Company, 2022.
- Lindseth, Peter L. *Power and Legitimacy: Reconciling Europe and the Nation-State*. Oxford University Press, 2022.
- Leggatt, Sir Andrew. *Tribunals for Users – One System, One Service: Report of the Review of Tribunals*. UK Government, 2001.
- Loughlin, Martin. *The Idea of Public Law*. Oxford University Press, 2004.
- Mashaw, Jerry L. *Bureaucratic Justice: Managing Social Security Disability Claims*. Yale University Press, 2018.
- Rosenbloom, David H., and Rosemary O'Leary. *Public Administration and Law*. CRC Press, 2015.
- Shapiro, Sidney A. *Administrative Law and Procedure*. Foundation Press, 2016.
- Singh, M. P. "Judicial Review in India: Recent Developments and Trends." *Indian Journal of Constitutional Law*, vol. 6, 2019, pp. 1–26.
- Thiruvengadam, Arun K. *The Constitution of India: A Contextual Analysis*. Hart Publishing, 2018.
- Wade, H. W. R., and C. F. Forsyth. *Administrative Law*. 11th ed., Oxford University Press, 2014.
- Sunstein, Cass R. *The Cost-Benefit Revolution*. Harvard University Press, 2017.
- Verma, S. K., and Kusum, eds. *Fifty Years of the Supreme Court of India: Its Grasp and Reach*. Oxford University Press, 2000.
- *L. Chandra Kumar v. Union of India*, (1997) 3 SCC 261.
- *Chevron U.S.A. Inc. v. Natural Resources Defense Council*, 467 U.S. 837 (1984).

Council of Civil Service Unions v. Minister for the Civil Service [1985] AC 374.

*****

मैत्रेयी पुष्पा कृत 'गुड़िया भीतर गुड़िया' आत्मकथा में अस्मिता के प्रश्न

-डॉ. सन्मुख नागनाथ मुच्छटे
सहयोगी प्राध्यापक
हिंदी विभाग
श्री छत्रपती शिवाजी महाविद्यालय,
उमरगा, जिला धाराशिव(महाराष्ट्र)
मो. नंबर:९६८९०६३७१५
Email-sunmukhm@gmail.com

प्रास्ताविक:भारतीय समाज में एक तो स्त्री को देवी मानकर पूजा की गई है या दासी बनवाकर सेवा कर वाली गई है। भारत में पुरुष प्रधान संस्कृति की प्रधानता होने के कारण यहां स्त्री को प्रेम ,त्याग , सहनशीलता और ममता की मूर्ति मानकर उसकी स्वतंत्रता ,चेतना और निर्णय की क्षमता को अक्सर नज़रअंदाज़ किया गया है। लेकिन इतिहास और साहित्य पर दृष्टिपात करने पर यह सिद्ध हो जाता है कि हर युग में स्त्री ने अपने अस्तित्व को प्रतिकूल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जीवित रखा है। अपने अधिकारों ,स्वाभिमान और स्वतंत्र पहचान के लिए वह निरंतर संघर्षरत परिलक्षित होती है।स्त्री की अस्मिता उसके आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया है। इसके द्वारा उसे अपने 'स्व' की पहचान होती है और इसके माध्यम वह पुरुष प्रधान संस्कृति से संघर्ष करती है। उसका यह संघर्ष बाह्य सामाजिक बाधाओं से जितना संलग्न है ,उतना ही आंतरिक मानसिक द्वंद्व और आत्मग्लानि से संपृक्त भी। आधुनिक हिंदी साहित्य में स्त्री अस्मिता और आत्मसंघर्ष को अभिव्यक्त करने वाले अनेक रचनाकार हैं , जिसमें मैत्रेयी पुष्पा का नाम अग्रगण्य है। उनकी आत्मकथा 'गुड़िया भीतर गुड़िया' स्त्री-विमर्श की अभिव्यक्ति करने वाली सक्षम कृति है। यह आत्मकथा न केवल स्त्री की पीड़ा को उजागर करता है ,बल्कि उसके भीतर उठती प्रतिक्रिया ,प्रतिरोध और पुनर्निर्माण की चेतना को भी स्वर देता है।आज स्त्रियाँ जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं और वे अपने अस्तित्व के प्रति सदैव सचेत तथा संघर्षरत दिखाई देती हैं । प्रस्तुत आत्मकथा में अभिव्यक्त स्त्री अस्मिता और आत्मसंघर्ष का यह विमर्श केवल एक वर्ग विशेष की कहानी नहीं ,बल्कि हर उस स्त्री की कथा है, जो 'स्व 'की खोज में अपने समय ,समाज और स्वयं से जूझ रही है। पारंपरिक भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति सदियों से बहस और विमर्श का विषय रही है। समाज में स्त्री को चाहे वह किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो उसे सीमित दायरे में बांधने का प्रयास किया जाता रहा है। लेकिन आधुनिक हिंदी साहित्य में स्त्री- विमर्श पर मौलिक चिंतन हुआ है। फलस्वरूप स्त्री अपनी पहचान,स्वतंत्रता और सोच के प्रति सचेत बनी हुई है। स्त्री अस्मिता का अर्थ केवल स्त्री अधिकारों की बात करना नहीं है ,बल्कि यह उस गहन चेतना से जुड़ा है,जहाँ स्त्री स्वयं को परिभाषित करती है —न कि समाज , पुरुष या किसी संस्था के माध्यम से। अस्मिता वह चेतना है,जो एक स्त्री को यह अधिकार देती है कि वह अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले ,अपनी भावनाओं ,इच्छाओं और जरूरतों को मान्यता दे।

मैत्रेयी पुष्पा कृत 'गुड़िया भीतर गुड़िया 'आत्मकथा में अस्मिता के प्रश्न: मैत्रेयी पुष्पा की आत्मकथा का पहला भाग 'कस्तूरी कुंडल बसै' है, जो सन् २००३ में प्रकाशित हुआ था। उनकी आत्मकथा का दूसरा भाग 'गुड़िया भीतर गुड़िया' का प्रकाशन राजकमल प्रकाशन ,दिल्ली द्वारा सन् २००८ में हुआ था। यह आत्मकथा लगभग ३५२ पृष्ठों में विभाजित है। हिंदी साहित्य में स्त्रीवादी आत्मकथा लेखन की परंपरा नई और संघर्षशील रही है। उसमें मैत्रीय पुष्पा एक महत्त्वपूर्ण आत्मकथाकार रही हैं। प्रस्तुत आत्मकथा उनके द्वारा लिखित एक ऐसी ही क्रांतिकारी आत्मकथा है ,जो नारी मन की परतों को बेधड़क खोलती है और पाठक को स्त्री की भीतरी दुनिया से साक्षात्कार कराती है। लेखिका अपनी व्यक्तिगत जीवन संघर्षों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ पारंपरिक पुरुष प्रधान संस्कृति में लिप्त सामाजिक व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करती है। क्योंकि इसी व्यवस्था ने स्त्री के अस्तित्व को सदियों से संस्कार, परंपरा,मर्यादा और नैतिकता के नाम पर सीमित बनाया था। इस आत्मकथा का शीर्षक प्रतीकात्मक है। 'गुड़िया' एक वस्तु है, जिसे चलाया जाता है, सजाया जाता है, लेकिन वह खुद कुछ नहीं कहती। लेखिका इस आत्मकथा के माध्यम से उस "भीतर की गुड़िया", यानी स्त्री की असली पहचान को खोजने और स्वर देने का प्रयास करती हैं। यह रचना स्त्री विमर्श के साथ -साथ जातिगत जकड़नों, पारिवारिक बंधनों, ग्रामीण-शहरी संघर्षों आदि विषयों पर भी व्यापक मात्रा में प्रकाश डालता है। प्रस्तुत रचना केवल आत्मकथा नहीं बल्कि एक ऐसा महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है,जो स्त्री-अस्मिता,आत्म-संघर्ष और आत्मबोध को उचित स्वर देता है।यह आत्मकथा पाठकों को स्त्री के भीतर की उस अस्मिता से रूबरू कराती है ,जो सदियों से 'गुड़िया 'बनाकर दबा दी गई थी। यह कृति पढ़कर हम सिर्फ लेखिका को नहीं ,अपने समाज को भी बेहतर समझते हैं।

स्त्री अस्मिता का तात्पर्य है —स्त्री की स्वतंत्र पहचान , उसका आत्मबोध ,आत्मस्वीकृति और समाज में उसके अस्तित्व की स्वीकृति। डॉ सुरेंद्रनाथ सिंह के अनुसार-"अस्मिता का अर्थ है अहंता, विद्यमानता अथवा होने का भाव अर्थात वस्तु के स्वरूप का सम्यक संबोध कराने वाली तत्वमयता उसकी अस्मिता है।"[१] डॉ सुरेशचंद्र गुप्ता के अनुसार-"अहंकार का कोशगत अर्थ अहंकार का वाचक बताया गया है। किंतु प्रयोग रूढि से इसे निजत्व का समानार्थी बना दिया है।"[२] इस प्रकार 'अस्मिता' अस्तित्व बोध, अहंता, आत्मसत्ता, विस्तृता से है। इसमें 'मैं हूं' का प्रधान भाव है। 'अस्मिता'शब्द की परिभाषा करना कठिन है, क्योंकि इस शब्द में ब्रह्मांड की विशालता निहित है। प्रस्तुत आत्मकथात्मक रचना में स्त्री अस्मिता के विविध पहलू अभिव्यक्त हुए हैं। डॉ.सिद्धार्थ लेखिका के पति के अच्छे मित्र हैं। एक कार्यक्रम में वे लेखिका का हाथ पकड़ कर अपने साथ नाचने के लिए आमंत्रित करते हैं। तब लेखिका उन्हें मना नहीं करती। क्योंकि डॉ. सिद्धार्थ उनके पति के अच्छे मित्र हैं। नाचते समय लेखिका का सिर डॉ.सिद्धार्थ के सीने से जा लगता है। उस समय लोगों द्वारा उनके अस्तित्व के प्रश्न पर टिप्पणी होती है। उस समय लेखिका अपनी मन की अनुभूति को व्यक्त करते हुए कहती है कि-"मैं डुगडुगी हूं, डॉ. सिद्धार्थ नचाएं या मेरे पति। मदारी छीना-झपटी में लगे हुए हैं। मेरी इच्छा की परवाह किसी को नहीं।"[३] लेखिका अपनी बच्चियों की शिक्षा में पति की ओर से सहयोग की अपेक्षा रखती है। परंतु पति उल्टा लेखिका को ही दोष देने लगते हैं और लापरवाही का आरोप लगाते हैं। तब लेखिका अपने ऊपर लगाए गए लापरवाही के आरोप के प्रतिक्रिया के रूप में पति से कहती हैं कि-"कुछ नहीं कर सकते, अपने दिए रोटी-कपड़ों का एहसास जता सकते हो मुझ पर।"[४] विवाह के पश्चात् लेखिका अनुभव करती हैं कि उनका अस्तित्व समाप्त हो गया है और उनकी पहचान उनके पति के कारण है। इस संदर्भ में वे कहती हैं कि-"हम मैं मैसेज शर्मा के सिवा क्या हूं, बेटा? तेरे पिता की पत्नी..... न औरत हूं न मनुष्य, केवल पत्नी।"[५] अर्थात विवाह के पश्चात् स्त्री की स्थिति पूर्ण रूप से असहाय बन जाती है। उसकी अपनी कोई पहचान नहीं होती। उसकी सारी पहचान पति के कारण होती है। लेखिका इस वेदना का अनुभव करती हैं,परंतु पुरुष प्रधान संस्कृति में उस वेदना को व्यक्त नहीं कर पातीं। इसलिए लेखिका अपने मन में निर्मित वेदना को व्यक्त करने के लिए लेखन का आश्रय लेती है। लेखन के माध्यम से वे अपनी पहचान और अस्मिता को इस पुरुष प्रधान संस्कृति के पटल पर कायम करना चाहती हैं। उन्होंने जो बात अपने दांपत्य-जीवन में पति से कह नहीं पाई,उसको वे लेखनी के माध्यम से सक्षमता के साथ प्रस्तुत करने लगी। इतनी क्षमता लेखनी के द्वारा लेखिका को प्राप्त हुई थी।

प्रस्तुत रचना में स्त्री अधिकार के कुछ प्रसंग आए हैं। लेखिका को जब डॉ.सिद्धार्थ अपने साथ नाचने के लिए प्रेरित करते हैं, तब वे उस प्रसंग का अनुभव अपने अनुसार लेना चाहती हैं। इसके माध्यम से वे समाज को यह बताना चाहती है कि यह मेरा अधिकार है और इस अधिकार को मुझसे मेरा पति भी छीन नहीं सकता। इस संदर्भ में वे कहती हैं कि-"मैं नाच के लिए नहीं उठती थी, अपने हकों के लिए खड़ी हुई थी, जिससे मेरी जिंदगी के सम्मान का वास्ता था। मुझे प्रेरित करने के अपराध में वह घृणा के पात्र हो, मैं कल्पना नहीं कर सकती।"[६] लेखिका का विवाह के पूर्व विवाह के प्रति दृष्टिकोण अत्यंत शुद्ध था, लेकिन विवाह के पश्चात् वे अनुभव करती हैं कि स्त्री को पराधीन बनाने में विवाह की महत्त्वपूर्ण भूमिका है तथा विवाह के बाद स्त्री की अपनी खुद की पहचान, अस्मिता, अस्तित्व और अधिकार पूर्ण रूप से समाप्त हो जाते हैं। इस अनुभूति को अपनी युवा बेटियों के सम्मुख अभिव्यक्त करते हुए वे कहती हैं कि-"मेरे जिंदगी की लय किसी मातमी जुलूस सी....जिसमें लोग बिना दाएं-बाएं देखें बस सिर झुकाए चले जाते हैं या समझते हैं कि अपने अधिकार की बात कहना मर्यादा का उल्लंघन लगता था। आदर-सम्मान, मर्यादा, कुलशीलता निभाना और शीलवती कुलवती बहू होना आसान नहीं होता बेटा, खून के आंसू रुलाता रहा मुझे।"[७]

स्त्री समानता का अर्थ है – स्त्री और पुरुष को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर और अधिकार प्राप्त होना। यह केवल एक नैतिक या संवैधानिक मुद्दा नहीं है, बल्कि मानवीय गरिमा और न्याय का मूल प्रश्न है। वैदिक काल में स्त्री को समाज में पुरुषों के साथ समान अधिकार प्राप्त थे। लेकिन बाद में इसमें अंतर आया। आज भी हमारे समाज में अनेक रूपों में लैंगिक भेदभाव विद्यमान है – चाहे वह कन्या भ्रूण हत्या हो, शिक्षा में असमानता, कार्यस्थल पर कम वेतन, या घरेलू हिंसा का शिकार बनना। स्त्रियों को परंपराओं और रूढ़ियों के नाम पर दबाया जाता है, जबकि वे भी उतनी ही सक्षम, योग्य और महत्वाकांक्षी होती हैं जितना कोई पुरुष। स्त्री समानता केवल स्त्रियों की समस्या नहीं, यह पूरे समाज का विषय है। जब एक स्त्री शिक्षित, स्वावलंबी और सम्मानित होती है, तब एक परिवार, एक पीढ़ी और अंततः एक समाज समृद्ध होता है। प्रस्तुति कृति में लेखिका,इल्माना, कस्तूरी आदि स्त्रियां स्वयं को समाज में पुरुष के बराबर मानती हैं और उसके लिए संघर्ष भी करती हैं। इसके लिए उनको कई बार धमकाया-डराया जाता है तो भी वे नहीं डरती। लेखिका अनुभव करती है कि समाज में प्रतिष्ठा के नाम पर स्त्री समानता को दबाया जाता है। इल्माना अपने भाई की तरह पढ़ लिख कर डॉक्टर बनना चाहती है। पिता के डर के कारण वह इस बात को अपनी मां के सामने व्यक्त करते हुए कहती है कि-"अम्मा मैं डॉक्टर बनना चाहती थी। अम्मा ने जवाब दिया-ऐ-हे, तुम जावेद की बराबरी करोगी?"[८] लेखिका के पति अपने बेटे और बेटियों में असमानता करते हैं। उस समय लेखिका अपने पति के साथ झगड़ती हैं और कहती हैं कि-"हर मां-बाप चाहता है, बच्चियां पढे, पर इसके लिए कोशिश कितने करते हैं? अपना समय और शक्ति कितने लगते हैं? संकल्प कौन लेता है? तुम्हारे पिताजी तो चाहते हैं कि तुम्हारे भाई महेश को दूध पीने का हक है, घी खाने से उसका दिमाग बढ़ेगा, पर बबली और बूटू(नम्रता और मोहिता) को दूध देना बेकार है। लड़कियां दूध पीकर कहां जाएंगी? यह सब सुनकर

भी मैं उनके लिए स्वादिष्ट खाना बनाती हूं। उनकी फरमाइशों पर गौर करती हूं और तुम ज्यादा से ज्यादा खुश रहते हो।"[९] लेखिका स्त्री समानता का स्पष्ट अंगीकार करने के लिए अपने समस्त सुहाग चिह्नों का त्याग करती हैं। भारतीय समाज में पति के जीवन के लिए की जाने वाली विविध व्रतों का त्याग करती हैं। इस संदर्भ में उनका कथन देखिए-"मैं खुद को तरह-तरह से सांत्वना देती हूं कि मैंने स्त्री के लिए मनुष्य के स्तर पर जीने की स्थिति ही तो खोजी है, कि मैंने पुरुष के समकक्ष अपनी भावनाओं को बराबरी से रखा है, कि मैंने अपने समाज में लोकतांत्रिक विधान की घोषणा की है कि औरत को हर तरह से सहनागरिक का दर्जा चाहिए।"[१०]

स्त्री स्वतंत्रता का अर्थ है-महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और व्यक्तिगत स्तर पर समान अधिकार और अवसर प्रदान करना। यह केवल पुरुषों के समान अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि उनकी पहचान, अस्तित्व और निर्णय लेने की स्वतंत्रता को भी मान्यता देता है। भारतीय समाज में पुरुष प्रधान संस्कृति होने के कारण स्त्रियों की स्वतंत्रता सदैव सीमित दायरे में रही है। लेकिन आधुनिक काल में शिक्षा के कारण स्त्रियों में अपनी स्वतंत्रता के प्रति जागृति आई है और यह समयानुरूप आवश्यक भी है, परंतु हमारे समाज में आज भी स्त्री स्वतंत्रता को सहजता से स्वीकार नहीं किया जाता। स्त्री स्वतंत्रता केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में बदलाव लाकर ही संभव है। स्त्री को समान दृष्टि से देखना, उसके निर्णयों का सम्मान करना और उसे आत्मनिर्भर बनने के लिए अवसर देना,यही सच्चे अर्थों में स्त्री स्वतंत्रता की ओर कदम है। इस आत्मकथात्मक कृति में स्त्री स्वतंत्रता के विविध प्रसंग है। लेखिका डॉ. सिद्धार्थ के साथ अपनी इच्छानुरूप नाचती हैं। उस समय आजू-बाजू के लोग विविध प्रकार की बातें करने लगते हैं। लेखिका के पति के मन में भी पत्नी के प्रति संदेह निर्माण होता है और उनकी गृहस्थी में समस्या उत्पन्न होती है। लेखिका शिक्षित होने के कारण वे अपनी स्वतंत्रता को विशेष महत्त्व देती हैं। इसी कारणवश उन्होंने डॉ.सिद्धार्थ के आमंत्रित करने के बाद नाचने का निर्णय लिया था और इसके लिए अपने पति की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है, ऐसा उनको लगा था। इसके बाद उनके प्रति पति का व्यवहार बदल जाता है। तब वे उदास होकर कहती हैं कि-"यदि कोई पति अपनी पत्नी की कोमल भावनाओं को कुचलकर खत्म करता है, तो पत्नी को पतिव्रत के नियमों का उल्लंघन हर हालत में करना होगा।"[११] लेखिका स्त्री स्वतंत्रता को अपने जीवन में विशेष मानती है। इसलिए इस पर अपना मत व्यक्त करते हुए वे कहती हैं कि-"जो लोग इल्जाम लगा रहे हैं, उन्हें जाकर बता दो की शादी के बाद मुझे मेरे हिसाब से कारावास मिला है, इसके लौह -कपाट मैं तभी से तोड़ने में लगी हूं और देखना चाहती हूं कि इस दुनिया के अलावा भी कोई दुनिया है? पति के अलावा कितने लोग हैं बाहर? वैसे पति से बैर भाव नहीं पाला, मगर उनके किसी खूंटे से बंधना?..... मैं भी अपने अंदर गहरी भावनाएं रखती हूं, जैसे कोई गुप्त प्यार को बचा ले। नाचने की स्मृति मेरे साथ रहेगी।"[१२] वे आगे लिखती हैं कि-"सतीत्व के दम पर मुझे स्वर्ग मिल जाए (अगर मिलता हो तो) वह स्वतंत्रता नहीं मिलेगी, जिससे मैं भविष्य की दिशाएं और रास्ते तय कर सकूं।"[१३] पुरुष कितना भी सुशिक्षित हो या खुले विचार वाला हो वह स्त्री स्वतंत्रता को स्वीकार नहीं करता और स्त्री कितनी भी सुशिक्षित, आत्मनिर्भर हो उसे पुरुष प्रधान समाज अपने गुलामगिरी से मुक्ति नहीं देता। लेखिका लिखती हैं कि-"हमारी जिंदगी की बागडोर तो उस घर की चौखट से बंधी है, जिसमें हम स्त्री की तरह पनाह पाए हुए हैं। मैं आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं,गुलामगिरी के लिए अभिशप्त हूं। लेकिन मेरी बेटी? पैशे से डॉक्टर, सरकारी पद से विभूषित, आत्मनिर्भरता की दावेदार, 'करवाचौथ' जैसे पतिव्रत के त्यौहार की मुजरिम हुई और उम्र कैद मिली।"[१४] विवाह के पश्चात् स्त्री की स्वतंत्रता खत्म हो जाती हैं और उसको अपना जीवन पराधीनता में व्यतीत करना पड़ता है। स्वयं लेखिका ने भी इसका अनुभव लिया है। इस संदर्भ में वे लिखती हैं कि-"मिला फिर सुरक्षा का गढ़, संरक्षण का किला,पवित्रता का मंदिर। शांति के नाम पर निश्चितता की सन्नाटे से भारी गुफा। कैसा है गुलामी का आनंद, जिसमें पति और पति की आज्ञा की इंतजारी। मैं पिया की प्यारी, अति प्यारी। लेकिन आज आनंद सहा नहीं जाता। कभी आजादी के खतरे डराया करते थे, पराधीनता की बेफिक्री में घुटने लगी।....."[१५]

स्त्री आत्म-सम्मान का अर्थ है- नारी का अपने अस्तित्व , विचारों ,भावनाओं और अधिकारों के प्रति जागरूक होना तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का साहस रखना। यह आत्म-सम्मान ही किसी भी स्त्री को अपने लिए उचित-अनुचित का निर्णय लेने ,अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने और आत्मनिर्भर बनने की शक्ति देता है। पुरुष प्रधान समाज ने स्त्री के आत्म सम्मान को नकारा था। लेकिन शिक्षित और अपने आत्म सम्मान के प्रति सचेत स्त्रियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल घर की शोभा नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने में भी सक्षम हैं। वर्तमान स्त्री आत्म-सम्मान के प्रति सचेत है। वह जानती है कि सम्मान पाना उसका अधिकार है, न कि दया का विषय। वह अब चुप नहीं रहती, अन्याय के विरुद्ध खड़ी होती है। आत्म-सम्मान ही उसे अपने जीवन के हर मोड़ पर दृढ़ और आत्मविश्वासी बनाता है। मैत्रयी पुष्पा द्वारा लिखित इस आत्मकथात्मक रचना में स्त्री आत्म सम्मान के विविध स्वर अभिव्यक्त हुए हैं। लेखिका के घर में यूपीएससी के चेयरमैन साहब आने वाले हैं। उनके स्वागत और भोजन के लिए लेखिका पूरी तैयारी करती हैं। वे चेयरमैन साहब का स्वागत करने के लिए बाहर दरवाजे पर जाना चाहती हैं, परंतु पति उन्हें बाहर आने की इजाजत नहीं देते। इससे आहत होकर वे सोचने लगती हैं कि-"प्रियतम, मेरी उसी भावना ने तुम्हारे दीक्षांत समारोह में तुम्हारे साथ जाने की ठानी थी, तुम नहीं ले गए। मैं आहत और अपमानित हुई और अयोग्य ठहराई गई। मैंने घर आए यूपीएससी चेयरमैन से बाहर आकर अभिवादन करना चाहा था, तुमने मुझे रसोई में सिकुड़े रहने की हिदायत दी। मेरे मन को ठेस लगी। ऐसी घटनाओं पर तुमसे किसी ने कुछ नहीं कहा। मैंने

भी नहीं, क्योंकि मैं विनम्र रहना सीख रही थी।"[१६] लेखिका के सम्मुख प्रश्न है कि मैं पति के प्रति इतनी समर्पित और उनकी सेवा में रत रहने के बावजूद भी पति का व्यवहार मेरे प्रति ऐसा क्यों है? लेखिका की मां ने विवाह के पूर्व उनको समझाया था कि विवाह के बाद स्त्री पराधीन हो जाती है। लेखिका ने अपनी मां की बात को सुना नहीं था। उन्होंने मां के विरोध में विवाह करने का निर्णय लिया था। विवाह के पश्चात् लेखिका को मां की सारी बातें सही लगने लगती हैं। अपने आत्म सम्मान को पाने के लिए वे अपने पति को कहती हैं कि-"यह मत कहो।आजकल औरतें भी कमाकर गृहस्थी चला रही है। इस सच को मैंने भी नजर अंदाज किया है, तभी तो आज यह हालत....।"[१७] शिक्षा के कारण मनुष्य के जीवन में समस्त दृष्टियों से क्रांति आती हैं। यह सीख लेखिका को उनकी मां की ओर से प्राप्त हुई थी। लेखिका शिक्षा के माध्यम से अपनी अस्मिता के संदर्भ में पुरुष प्रधान समाज के साथ संघर्ष करना प्रारंभ कर देती है। फलस्वरूप उनके जीवन में विविध प्रकार के प्रश्न निर्माण होते हैं। तब वे अपने मां से कहना चाहती हैं कि-"मां, तुमने यह क्यों नहीं बताया कि ज्ञान बड़ा खतरनाक होता है। जिंदगी मुहाल कर देता है, क्योंकि शांति भंग हो जाती है, क्योंकि ज्ञान बदलाव के लिए प्रेरित करता है। काश, मां तुम मुझे इस ज्ञान से न गुजारती।"[१८] लेखिका अपने बेटियों के आत्म सम्मान के लिए भी संघर्ष करती हैं।

सार रूप में यह कहा जा सकता है कि मैत्रेयी पुष्पा की आत्मकथा 'गुड़िया भीतर गुड़िया 'स्त्री अस्मिता के विविध प्रश्नों का यथार्थ दस्तावेज़ है। इसमें लेखिका ने एक स्त्री के रूप में अपने अनुभवों ,संघर्षों और सामाजिक दबावों के बीच अपनी अस्मिता की खोज को बड़ी बेबाकी से प्रस्तुत किया है। इस रचना के द्वारा यह सिद्ध होता है कि एक स्त्री अपनी समस्त जिम्मेदारियों का वहन करते हुए भी अपनी स्वशक्ति के बलबूते पर अपनी अस्मिता को समाज में स्थापित कर सकती है। लेखिका न केवल एक औरत के भीतर की 'गुड़िया 'को उजागर करती हैं ,बल्कि उस 'भीतर की गुड़िया 'की चेतना और विद्रोह को भी स्वर देती हैं। यह रचना स्त्री अस्मिता के संघर्ष ,आत्मबोध और स्वाभिमान का दर्पण है। इसके द्वारा यह स्पष्ट हो जाता है कि स्त्री केवल पुरुष प्रधान समाज के हाथ की कठपुतली न होकर अपने स्व पर अपनी अस्मिता को पुनः परिभाषित कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

१. डॉ. सुरेंद्रनाथ सिंह- प्रसाद के नाटकों में धार्मिक-दार्शनिक अस्मिता(लेख), पृष्ठ.५३

२. सुरेशचंद्र गुप्ता- प्रसाद के नाटक और भारतीय अस्मिता, पृष्ठ.०९

३. मैत्रयी पुष्पा- गुड़िया भीतर गुड़िया, पृष्ठ.१७

४.वही,पृष्ठ.७५

५.वही,पृष्ठ.१३०

६.वही,पृष्ठ.१७

७.वही,पृष्ठ.१३१

८.वही,पृष्ठ.६५

९.वही,पृष्ठ.७५

१०.वही,पृष्ठ.२४६

११.वही,पृष्ठ.१५

१२.वही,पृष्ठ.१५

१३.वही,पृष्ठ.१८

१४.वही,पृष्ठ.२४७

१५.वही,पृष्ठ.२९५

१६.वही,पृष्ठ.१५

१७.वही,पृष्ठ.२५

१८.वही,पृष्ठ.२५

*****

शोधालेख प्रकाशन के मानक

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

UGC CARE LISTED हिन्दी की स्तरीय पत्रिका 'नागफनी' के जो सदस्य हैं उनका ही आलेख प्रकाशित होगा। जो भी व्यक्ति शोधालेख भेजना चाहते हैं कृपया वें अपने लेख में निम्न बिंदु आवश्यक रूप से रखें जैसे–

1. भूमिका/प्रस्तावना
2. विषय वस्तु/बीज शब्द
3. मुख्य अंश/उद्देश्य
4. परिणाम/निष्कर्ष
5. सन्दर्भ
6. शब्द मर्यादा अधिकतम शब्द 3000 इससे ज्यादा शब्द है तो कार्यकारी संपादक से परामर्श कीजिएगा।
7. सत्यापन एवं सहमति पत्र देने पर ही आलेख के सम्बन्ध में निर्णय होगा।

सत्यापन प्रमाण–पत्र

1. मैं .....सत्यापित करता/करती हूँ की 'नागफनी' के लिए प्रस्तुत शोधालेख शीर्षक.....मौलिक एवं अप्रकाशित है। लेखन संबंधित सारे संदर्भ सत्य हैं। किसी भी अंश के विवादित स्थिति के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। साथ ही प्रस्तुत शोधालेख में नागफनी के पीयर रिव्यू कमेटी को संशोधन संपादन और संवर्धन करने की सहमति जताता/जताती हूँ।

2. शोधालेख प्रकाशित–अप्रकाशित करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक मंडल और पीयर रिव्यू कमेटी का है। स्तरीय एवं मौलिकता आदि के परीक्षण के बाद ही शोधालेख की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा, मुझे मान्य होगा। उपरोक्त नियम और शर्तों को मैं स्वीकार करता/करती हूँ।

हस्ताक्षर–
नाम–
मोबाइल नंबर–

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

STANDARD NORMS FOR AUTHORS

Nagfani, the U.G.C. Care listed journal publishes articles, research papers etc. written by the members of journals only. The manuscripts should contain the following:

1. Abstract with keywords
2. Objectives
3. Conclusions
4. References
5. Word limit is 3000 (For higher limits, please contact the editor)

I_____ certify/undertake to say that the manuscript entitled_____submitted for publication in the NAGFANI issue is an unpublished original work. I know that I will be fully responsible for any controversial situation arising out of the manuscript/article or part of it. I also transfer the rights to edit, review and conserve the manuscript to the peer review committee of NAGFANI.

Signature of the author:
Mobile No:



अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखिए http%//naagfani.com

रोमी प्रेस बैंगलुरु / 9425179103